दैनिक जयन्त
स्थापित : 1979
संस्थापक
स्व0 श्री नरेन्द्र उनियाल
वर्ष-45, अंक 80
कोटद्वार शनिवार
15 जुलाई 2023, पृष्ठ-8

गढ़वाल जनपद का प्रथम दैनिक

# जयन्त

निर्भीक-निष्पक्ष-जनसरोकार

खबर बड़ी होती है, अखबार नहीं
दैनिक जयन्त
www.dainikjayantnews.com

**कोटद्वार एवं गैरसैंण से प्रकाशित** डाक पंजीयन यू.ए./पी.ए.ओ.07-2021-23 फोन नं0 01382-222383, मो0 नं0 8384897348, 9412081969 e-mail : dainikjayant@rediffmail.com, nagendra.uniyal@gmail.com मूल्य-2 रुपये

## पुल टूटने से मालन नदी में बहे व्यक्ति का शव हुआ बरामद

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**कोटद्वार :** पुल ढहने के बाद मालन नदी में गिरे व्यक्ति का एसडीआरएफ ने शुक्रवार को शव बरामद कर लिया है। व्यक्ति का शव नदी से करीब नौ किलोमीटर आगे उत्तर प्रदेश की सीमा पर मिला है।

मालूम हो कि गुरुवार सुबह बारिश के दौरान मालन नदी पर बना पुल धराशायी हो गया था। घटना के समय हल्दूखाता निवासी मोहन डबराल, रविन्द्र सिंह, हुकुम सिंह पुल पर खड़े होकर वीडियो बना रहे थे। अचानक टूटे पुल से मोहन डबराल नदी के तेज बहाव में गिर गया। जबकि, रविंद्र सिंह व हुकुम सिंह ने पुल की रेलिंग को पकड़कर अपनी जान बचाई। घटना के बाद मौके पर पहुंची एसडीआरएफ की टीम लगातार मोहन डबराल की तलाश में जुटी रही। लेकिन, बहाव तेज होने के कारण रेस्क्यू अभियान चलाने में काफी परेशानी हो रही थी। अपर पुलिस अधीक्षक शेखर सुयाल ने बताया कि शुक्रवार सुबह सर्च अभियान के दौरान टीम को मोहन डबराल का शव उत्तर प्रदेश की सीमा पर स्थित चन्नु गांव के समीप मालन नदी से बरामद हुआ। यह स्थान मालन पुल से करीब नौ किलोमीटर आगे पड़ता है। शव का पंचनामा भर पोस्टमार्टम के बाद स्वजनों को सौंप दिया गया।

# चंद्रयान लांचः इतिहास रचने चांद के लिए रवाना हुआ चंद्रयान-3




**23 या 24 अगस्त को करेगा लैंड**

**नई दिल्ली, एजेंसी।** देश का चंद्रयान-3 शुक्रवार को इतिहास रचने निकल पड़ा। आंध्र प्रदेश के श्रीहरिकोटा स्टेशन में चंद्रयान-3 की लांचिंग भारतीय समय अनुसार 2:35 पर की गई। चंद्रयान-3 को अंतरिक्ष में ले जाने के लिए अपग्रेडेड बाहुबली रॉकेट यानी लांच व्हीकल मार्क-3 (एमवी-3) का इस्तेमाल किया गया है। एमवी-3 का लांचिंग सक्सेस रेट 100 फीसदी है। इसरो ने एक ट्वीट में कहा कि 642 टन भार के साथ 43.5 मीटर लंबा वाहन वाहक है।

चंद्रयान-3 को उड़ान भरने के लगभग 16 मिनट बाद 179 किलोमीटर की जियोसिंक्रोनस ट्रांसफर ऑर्बिट (जीटीओ) में स्थापित किया जाएगा, जहां से यह चंद्र की सतह पर सुरक्षित लैंड्क्षडग और घूमने के लिए अपनी लंबी यात्रा शुरू करेगा। 3.5 लाख किलोमीटर से ज्यादा की यात्रा के बाद अगस्त के आखिरी हफ्ते में सॉफ्ट लैंडिंग होने की उम्मीद है। इसरो अध्यक्ष एस सोमनाथ के अनुसार चंद्रमा पर सूर्योदय होने पर तिथि (उतरने की तिथि) तय की जाती है। जब हम उतर रहे हों, तो सूर्य की रोशनी अवश्य होनी चाहिए। इसलिए लैंडिंग 23 या 24 अगस्त को होगी। उन्होंने कहा कि यदि 23 या 24 अगस्त को योजना के अनुसार चंद्रयान की लैंडिंग नहीं होती है, तो इसरो सितंबर में लैंडिंग का प्रयास करने के लिए एक और महीने तक इंतजार करेगा। लैंडर और रोवर सूर्य की रोशनी आने तक 14 दिनों तक चंद्रमा पर रहेंगे। जब सूर्य का प्रकाश नहीं होगा, तो रोवर पर लगा एक छोटा सौर पैनल बिजली उत्पन्न करेगा और रोशनी आने तक अगले 14 दिनों के लिए बैटरी को चार्ज करेगा।

इस बार लैंडर में चारों कोनों पर लगे चार इंजन (थ्रस्टर) तो हैं, लेकिन पिछली बार बीचोंबीच लगा पांचवां इंजन हटा दिया गया है। इसके अलावा फाइनल लैंडिंग केवल दो इंजन की मदद से ही होगी, ताकि दो इंजन आपातकालीन स्थिति में काम कर सकें। इसी तरह इस बार ऑर्बिटर नहीं है, लेकिन प्रोपल्शन मॉड्यूल होगा, जो लैंडर और रोवर से अलग होने के बाद भी चंद्रमा की परिक्रमा में घूमेगा और चंद्रमा से धरती पर जीवन के लक्षण पहचानने की कोशिश करेगा।

### चौथा देश बनेगा भारत

सफल लैंडिंग के साथ चांद पर राष्ट्रध्वज लगाने वाला भारत चौथा देश बन जाएगा। इसी के साथ चांद के दक्षिणी ध्रुव के करीब पहुंचने वाला भारत पहला देश बन जाएगा। मशन की सफलता को इसरो के वैज्ञानिकों ने तिरुपति में की पूजा है।

### पीएम बोले- चंद्रयान-3 ने भारत की अंतरिक्ष यात्रा में एक नया अध्याय लिखा

चंद्रयान-3 ने भारत की अंतरिक्ष यात्रा में एक नया अध्याय लिखा। यह हर भारतीय के सपनों और महत्वाकांक्षाओं को ऊपर उठाते हुए ऊंची उड़ान भर रहा है। यह महत्वपूर्ण उपलब्धि हमारे वैज्ञानिकों के अथक समर्पण का प्रमाण है। मैं उनकी भावना और प्रतिभा को सलाम करता हूं!

## बधाई हो भारत! बस इतना ही बोल सके मिशन निदेशक, इसरो चीफ ने पीठ पर रखा हाथ



**नई दिल्ली, एजेंसी।** इसरो ने एक बार अपना लोहा दुनिया में मनवा लिया। शुक्रवार (14 जुलाई) को भारत ने अंतरिक्ष क्षेत्र में एक और मील का पत्थर छू लिया है। खनिज, पानी आदि की तलाश में चंद्रयान 3, चांद की ओर बढ़ चला है।

चंद्रयान -3 की लॉन्चिंग का पहला उद्देश्य चंद्रमा की सतह पर सुरक्षित और सॉफ्ट लैंडिंग करना है। चांद पर सटीक लैंडिंग हासिल कर भारत अपनी तकनीकी क्षमताओं को प्रदर्शित करेगा। सबकुछ सही रहा तो 23 अगस्त शाम 5 बजकर 47 मिनट पर चंद्रमा की सतह पर चंद्रयान 3 लैंड होगी।भारत के सर्वश्रेष्ठ वैज्ञानिकों ने इस मिशन के लिए दिन-रात कड़ी मेहनत की है। कहा जाता है कि वैज्ञानिकों के पास हर सवाल का जवाब होता है। वहीं, उनका दिमाग विकट परिस्थियों में भी संतुलित और संयमित रहता है। हालांकि, वैज्ञानिक भी एक इंसान ही होते हैं। दरअसल, चंद्रयान 3 मिशन की सफलतापूर्वक लॉन्चिंग के बाद इस मिशन के डायरेक्टर मोहन कुमार अपनी खुशियां बयां करने में थोड़े असमर्थ दिखे। बता दें कि इस ऐतिहासिक क्षण का गवाह बनने के लिए श्रीहरिकोटा स्थित सतीश धवन स्पेस सेंटर में इसरो के पूर्व अध्यक्ष और अंतरिक्ष वैज्ञानिक के सिवन के अलावा कई वैज्ञानिक मौजूद थे।

एक तरफ जहां सभी लोगों की निगाहें चंद्रयान 3 की लॉन्चिंग पर टिकी थी। वहीं, दूसरी ओर इस प्रोजेक्ट के डायरेक्टर मोहन कुमार, व्हीकल डायरेक्टर बीजू. सी. थॉमस और इसरो के अध्यक्ष एस.सोमनाथ लगातार मिशन से जुड़ी हर गतिविधि पर नजर रख रहे थे। चंद्रयान-3 के सफल प्रक्षेपण के साथ ही सतीश धवन स्पेस सेंटर में मौजूद वैज्ञानिकों ने एक दूसरे को गले लगाकर बधाई दी। वहीं, सफल प्रक्षेपण के बाद इसरो के अध्यक्ष एस.सोमनाथ के साथ चंद्रयान 3 मिशन के डायरेक्टर मोहन कुमार अपनी बात रखने के लिए मंच पर आए। मोहन कुमार के मन में कई विचार उमड़ रहे थे।

## सीएम योगी ने कांवड़ियों पर बरसाए फूल, जयकारों से गूंज उठा हाईवे



**मेरठ , एजेंसी।** मेरठ में दिल्ली-मेरठ हाईवे पर शुक्रवार को अचानक कांवड़ियों के बीच पहुंचे मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शिवभक्तों पर पुष्प वर्षा की। सीएम योगी सहारनपुर के बाद सीधे दिल्ली-मेरठ हाईवे पर पहुंचे, जहां उन्होंने हजारों की तादात में उपस्थित शिवभक्तों पर दोनों हाथों से फूल बरसाए।

## दिल्ली में दर्दनाक हादसाः तीन बच्चों की डूबने से मौत

**नई दिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली के जहांगीरपुर में शुक्रवार को तीन बच्चों की डूबने से मौत हो गई है। तीनों एच ब्लॉक के पास नहाने गए थे। बताया जा रहा है कि घटनास्थल पर मेट्रो का काम चल रहा था, बारिश के कारण वहां झील बन गई थी। इसी में यह सभी नहाने गए थे। पुलिस ने बताया कि तीनों दोपहर में नहाने गए थे। हमारे पास तीन बजे करीब इसकी सूचना पहुंची। मृत बच्चों की पहचान आशीष, निखिल, और पीयूष के रूप में हुई है। फिलहाल मामले की जांच की जा रही कि आखिर ये यहां कैसे पहुंचे और इनके साथ ये हादसा कैसे हुआ। दूसरी तरफ बीते चार दिन से यमुना के जलस्तर में रिकॉर्डतोड़ बढ़ोतरी ने दिल्लीवालों की मुश्किलों को बढ़ा दिया है। भले ही जलस्तर अब कम हो रहा है, लेकिन संकट अभी भी बरकरार है। भारी बारिश के बाद दिल्ली में यमुना खतरे के निशान से ऊपर बह रही है। नदी का उफान बरकरार है। यमुना का जलस्तर बढ़ने से कई इलाकों में हालात बिगड़ गए हैं। निचले इलाकों के लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया जा रहा है।दिल्ली के उपराज्यपाल वीके सक्सेना ने आईटीओ सहित विभिन्न जगहों पर यमुना का दौरा किया। इस दौरान उपराज्यपाल ने बताया कि दिल्ली में बाढ़ के हालात से निपटने के लिए सेना, एनडीआरएफ, दिल्ली जल बोर्ड, सिंचाई एवं बाढ़ विभाग सहित दिल्ली सरकार के अन्य विभाग मिलकर युद्ध स्तर पर काम कर रहे हैं।

IHMS KOTDWAR

17 Years of Excellence in Education
ESTD. 2006
ISO 9001-2015 Certified

Institute of Hospitality, Management & Sciences

Admissions Open 2023

"Journey Towards Excellence"

AVAILABLE PROGRAMMES

M.B.A. 2 Years

FIRST AICTE APPROVED COLLEGE IN REGION

B.H.M. 4 Years
B.Sc. IT 3 Years
B.B.A. 3 Years
B.C.A. 3 Years
C.H.M. 1 Year

- Attractive Scholarships
- Industrial Tour
- Value Added Courses @ 0% cost
- Internship in Leading Companies

Mob.: 7902000023, 8057726863
Balbhadrapur, B.E.L. Road, Kotdwar-246149(UK)
Email:Info@ihms.ac.in, ihmskotdwar1@gmail.com | Web: www.ihms.ac.in

# डीएम की अध्यक्षता में स्टॉफ बैठक का आयोजन



देहरादून। जिलाधिकारी श्रीमती सोनिका की अध्यक्षता में ऋषिर्णा सभागार कलेक्ट्रट में स्टा-ॅफ बैठक का आयोजन किया गया। बैठक जिलाधिकारी ने समस्त उप जिलाधिकारियों सहित सम्बन्धित अधिकारियों को आवश्यक दिशा–निर्देश दिए गए।

जिलाधिकारी ने समस्त उपजिलाधिकारियों को अपने न्यायालय में लम्बित वादों का निस्तारण करने हेतु नियमित कोर्ट लगाने के निर्देश दिए। उन्होंने निर्देशित किया कि 5 वर्ष एवं एक वर्ष से 3 वर्ष तक के लम्बित वादों को प्राथमिकता से निस्तारण करना सुनिश्चित करें। उन्होंने मुख्य देय एवं विविध देय वसूली कार्यों में तेजी लाने के निर्देश दिए। साथ ही दाखिला खारिज के प्रकरणों में तेजी से अभिलेख जांचते हुए कार्यवाही करें। उन्होंने तहसीलदारों को निर्देशित किया कि अपने से सम्बंधित रिट को ध्यानपूर्वक देखें तथा रिट में संबंधित लेखपाल से जांच कराते हुए सुस्पष्ट आख्या प्रेषित की जाए। उन्होंने उपजिलाधिकारियों को अंश निर्धारण कार्यों के साथ ही स्टॉम्प वाद निस्तारण करने के निर्देश दिए। निर्देशित किया कि भूमि की खरीद–फरोख्त के दाखिला खारिज के प्रकरणों में पुराने अभिलेखों का मिलान करें। वैध अभिलेखों के साथ ही दाखिला खारिज प्रकरण निपटाएं। साथ ही निर्देशित किया कि भूमि धोखाधड़ी के वादों में पक्ष बनाने से पहले दोनों पक्षों के अभिलेखों की जांच उपरान्त ही पार्टी बनाई जाए। उन्होंने आबकारी अधिकारी को निर्देशित किया कि शराब की दुकानों पर ओवर रेटिंग की शिकायतों पर जांच करते हुए कार्यवाही करें ओवर रेटिंग करने वालों के विरूद्ध भारी अर्थदण्ड की कार्यवाही करें। उन्होंने निर्देशित किया कि शराब की दुकानों पर सीसीटीवी कैमरे लगाए जाए।

## फेडी गांव में गुलदार का आतंक, पिंजरा लगाने की मांग

उत्तरकाशी : विकासखंड के फेडी में गुलदार का आतंक बना हुआ है। यहां बीती शाम गुलदार ने भैंस को निवाला बनाया। पीड़ित ने प्रशासन से उचित मुआवजे की मांग की है। ग्राम फेडी में रात को गुलदार ने सोबन लाल पुत्र मंगलू लाल की भैंस के कटड़ी को अपना निवाला बनाया। ग्राम प्रधान मनोज कुमार ने वन विभाग से पीड़ित को उचित मुआवजा देने की मांग की। ग्राम प्रधान ने कहा कि वन विभाग को इससे पहले लिखित व मौखिक रूप से अवगत कराया गया। क्षेत्र में दो बड़े गुलदार व दो उनके छोटे बच्चे कई दिनों से दिखाई दे रहे हैं। जिससे गांव में भय का माहौल है। उन्होंने विभाग से पिंजरा लगा कर गुलदार को पकड़ने की मांग की है। (एजेंसी)

# कालसी–चकराता हाईवे सहित जौनसार बावर के 44 मार्ग बंद

विकासनगर। जौनसार बावर में भूस्खलन होने से सड़कों के बंद होने का सिलसिला जारी है। शुक्रवार को कालसी–चकराता हाईवे सहित क्षेत्र के 44 मोटर मार्ग बंद रहे। हालांकि कालसी चकराता हाईवे को दो घंटे बाद खोलकर लोनिवि ने यातायात व्यवस्था सुचारु कर दी, लेकिन अन्य मार्गों पर यातायात व्यवस्था सुचारु नहीं हो पाई है। जिससे क्षेत्र के लोगों की दुश्वारियां कम होने का नाम नहीं ले पा रही हैं। शुक्रवार को कालसी–चकराता हाईवे पर जजरेट के पास मलबा आने से छह बजे से लेकर आठ बजे तक मार्ग बंद रहा। लोनिवि की पहले से जजरेट में तैनात जेसीबी ने दो घंटे में ही मार्ग पर आये मलबे को हटाकर यातायात व्यवस्था सुचारु कर दिया। इन मार्गों पर बाधित रहा यातायातः अन्य मोटर मार्गों में दारागाड कथियान त्यूणी, साहिया



क्वानू, हरिपुर इच्छाडी क्वानू मीनस, पुरोडी डामटा, कथियान डांगूठा, डिबनार पुरटाड, रोहू गंडोल, माखटी पोखरी ककनोई, टिपराड, रिखाड बिसोई, राठा जाखणी कुठाड, टुंगरा, बगोल, रोटा अटाल, रडू मुंधोल, बणा चिल्हाड, मैघाड मूंडा, रायगी कुलहा, अणु चिल्हाड, पंजिटिलानी चंदेऊ कुशियो कचटा खाती, समरजैन, हमराऊ ललाऊ मसराड, डाडूआ कितरौली, फेडूलानी मलेथा, भपऊ रोधा समर, मेघाटू कूलहा सेडिया, पट्यूड, कथियान डिरनाड, त्यूणी चांदनी प्यूनल, लाखामंडल नाडा, गास्की खड्ड गडूल सकरौल, कांडा ट्यूटाड, हनोल चातरा, सिलीखड्ड कुनैन, दमन दसेऊदारागाड कथियान डांगूठा, लेल्टा मंडोली, जगथान, खेलान खुडड डिमीच, ध्वैरा देऊ आदि मोटर मार्ग शामिल रहे।

## आज है सावन की शिवरात्रि, मंदिरों में तैयारियां पूरी

विकासनगर। सावन माह के शिवरात्रि शनिवार (आज) है। पछुवादन में मंदिरों को भव्य ढंग से सजा दिया गया है। आज शिवरात्रि के पावन पर्व के उपलक्ष्य में भगवान भोले का जलाभिषेक किया जाएगा। शिवरात्रि के पर्व को लेकर बूढ़ा केदारेश्वर मंदिर, प्राचीन शिव मंदिर कैनाल रोड, प्राचीन शिव मंदिर बाड़वाला, शिव मंदिर हरबर्टपुर, काली माता मंदिर अस्पताल रोड विकासनगर समेत अन्य शिव मंदिरों में जलाभिषेक की तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। अस्पताल रोड स्थित काली माता मंदिर के पुजारी प्रमोद जगूड़ी ने बताया कि शिवरात्रि को रात्रि पूजा का महत्व होता है, इसलिए श्रद्धालु शाम के समय भी जलाभिषेक करते हैं।

**कांवड़िये हरिद्वार से लेकर आए गंगाजल**

सेलाकुई मुख्य बाजार स्थित शिव मंदिर और हरबर्टपुर स्थित शिवालय में जलाभिषेक के लिए कांवड़िये हरिद्वार से गंगा जल लेकर आए हैं। जिसे दोनों ही मंदिरों में बड़े पात्र में रखा गया है। मंदिर में आने वाले श्रद्धालुओं को जलाभिषेक के लिए गंगा जल दिया जाएगा।

ऐसे करें भगवान शिव की पूजा

पंडित प्रमोद जगूड़ी ने बताया कि पूजन के समय ओम नमः शिवाय का जाप करते रहें।

सबसे पहले गणपति जी पर जल अर्पित करें और फिर शिवलिंग पर जल चढ़ाएं। पंचामृत बनाकर भी जल चढ़ा सकते हैं। इसके बाद मां पार्वती पर जल चढ़ाएं उन्हें सिंदूर अर्पित करें। उनकी श्रृंगार की सामग्री रखें। इसी प्रकार नंदी और कार्तिकेय का पूजन भी करें।

**शिवलिंग पर इसलिए है जल चढ़ाने की परंपरा**

पंडित जगूड़ी ने बताया कि समुद्र मंथन के समय सबसे पहले विष समुद्र से प्रकट हुआ और उस विष की भयंकर गर्मी से देवता, दैत्य समेत सारा संसार व्याकुल हो गया। तब भगवान विष्णु की प्रेरणा से भगवान शिव ने यह हलाहल विष पी लिया। उन्होंने इस विष को कंठ में धारण किया, जिससे उनका कंठ नीला हो गया इसलिए वह नीलकंठ कहलाए। राम नाम के स्थान पर उनके मुख से बम–बम निकलने लगा। तब देवताओं ने भगवान शिव को शांत करने के लिए शिव के मस्तक पर निरंतर जल चढ़ाया और कालांतर में भगवान शिव ने गंगा को अपनी जटाओं में स्थापित किया।

## नगर आयुक्त ने मोहब्बेवाला में जलभराव की समस्या का जायजा लिया

देहरादून। जलभराव की समस्या को हल करने के लिए नगर निगम के स्तर से हर संभव ठोस कदम उठाए जा रहे हैं। कई वार्डों में सोकपिट बनाने का काम चल रहा है। जहां नाले नालियां चोक होंगे, वहां मौके पर टीमें भेजकर सफाई का कार्य करवाया जाएगा। नगर आयुक्त मनुज गोयल ने शुक्रवार को मोहब्बेवाला में जलभराव की समस्या का जायजा लेने के बाद कही। उन्होंने सहायक नगर आयुक्त एसपी जोशी, सफाई इंस्पेक्टर राजेश पंवार को निर्देश दिए कि पंप की मदद से बारिश के पानी की निकासी करवाएं। अधिकारी ने इस दौरान सफाई व्यवस्था का भी जायजा लिया। वहीं कारगी डंपिंग साइट पर सनलाइट कंपनी के पदाधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं कि कूड़ा समय से प्लांट भिजवाना सुनिश्चित करें। ताकि आसपास के लोगों को कोई दिक्कत न हो। इसके अलावा शीशमबाड़ा स्थित सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट प्लांट पर नैकॉफ कंपनी को प्लांट परिसर में एकत्रित आरडीएफ की सप्लाई में तेजी लाने और जैविक कूड़े से खाद बनवाने को कहा।

# छात्र छात्राओं को नशामुक्ति की शपथ दिलाई

विकासनगर। श्री गुलाब सिंह राजकीय महाविद्यालय चकराता में शुक्रवार को एंडी ड्रग्स सैल के तत्वावधान में एक कार्यक्रम आयोजित किया गया। प्राचार्य प्रो.केएल तलवाड़ ने महाविद्यालय में सामूहिक रूप से छात्र–छात्राओं को नशामुक्ति की शपथ दिलाई गई। एंडी ड्रग्स सैल के नोडल अधिकारी डॉ.सुमेर चंद ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि नशे रूपी बुराई को देवभूमि उत्तराखंड से दूर भगाना है। कहा आज हमारी युवा पीढ़ी नशे के तरफ तेजी से भाग रही है। जो की हमारे समाज के लिए अच्छा संकेत नहीं है। कहा हमें इसके लिए समाज में एक जागरूक अभियान चलाने की जरूरत है ताकि हम अपने युवाओं को इसके चपेट में आने से बचा सकें। उन्होंने सभी छात्र–छात्राओं नशे के जागरूक करते हुए शपथ दिलाई कि मैं किसी भी प्रकार का नशा न करता था, न करता हूं और न भविष्य में करूंगा। साथ ही अपने महाविद्यालय के मित्र, मौहल्ले के साथी, परिवार के सदस्यों एवं समाज के स्वजनों को भी इससे दूर रखूंगा ताकि




नशामुक्त समाज के निर्माण का सच्चा सेवक बन सकूं। जिसमें सभी छात्र–छात्राओं के द्वारा बढ़चढकर भाग लेकर नशे विरूद्ध शपथ लि गई। इस दौरान डा.जितेंद्र दिवाकर, डा.सोनम भट्ट, डा.आराधना भंडारी, डा.पवन भट्ट, डा.सरन सिंह, डा.स्वाति शर्मा, रोशन बख्श, मौहम्मद शफीक, अंकुर शर्मा, विनोद जोशी सहित विद्यार्थी आयुषी रावत,अनिशा चौहान,शिवानी चौहान, आकांक्षा जोशी,श्रुति रावत,,दिव्या चौहान, बनिता, निकिता आदि मौजूद रहे।

## संक्षिप्त समाचार

### कर्मचारियों का अवशेष जल्द दे आईडीपीएल प्रशासन

ऋषिकेश। कबीना मंत्री प्रेमचंद अग्रवाल ने आईडीपीएल के अधिकारियों से कार्यरत कर्मचारियों के बारे में जानकारी ली। उन्होंने कर्मचारियों के बकाया अवशेष जल्द देने को कहा। शुक्रवार को बैराज रोड स्थित कैंप कार्यालय में कबीना मंत्री प्रेमचंद अग्रवाल ने आईडीपीएल के जनरल मैनेजर संजय सिंह के साथ बैठक की। बैठक में मंत्री अग्रवाल ने वर्तमान में आईडीपीएल में कार्यरत कर्मचारियों की जानकारी ली। साथ ही जिन कर्मचारियों का आईडीपीएल प्रशासन की ओर से अवशेष बकाया है, उसकी जानकारी भी ली। जनरल मैनेजर संजय ने कहा कि ऋषिकेश प्लांट में जिस कर्मचारी का एरियर शेष है, उसके लिए 15 जुलाई तक की समय सीमा निर्धारित की गई है।

### सांसद निशंक ने किया डोईवाला के बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का निरीक्षण

ऋषिकेश। हरिद्वार सांसद डा. रमेश पोखरियाल निशंक ने डोईवाला के बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का निरीक्षण किया। उन्होंने अधिकारियों को टूटे तटबंध को बनाने सहित अन्य आवश्यक कार्य करने के निर्देश दिए। शुक्रवार को सांसद डा. रमेश पोखरियाल निशंक डोईवाला के बुल्लावाला और झबरावाला पहुंचे। वहां उन्होंने बाढ़ प्रभावित लोगों की समस्याएं जानी। उन्होंने क्षेत्र में बाढ़ से हुए नुकसान का जायजा लिया।

उन्होंने कहा कि बीते दो दिन पहले बुल्लावाला के समीप तटबंध टूट जाने से राजाजी राष्ट्रीय पार्क से आए बरसाती नाले के पानी से क्षेत्र में बाढ़ आ गई थी, जिससे क्षेत्रवासियां का काफी नुकसान हुआ है। उन्होंने अधिकारियों को जल्द तटबंध बनाने, प्रभावितों को मुआवजा दिलवाने आदि के निर्देश दिए। मौके पर भाजपा जिला महामंत्री राजेंद्र तड़ियाल, पूर्व दायित्वधारी करण वोहरा, डोईवाला नगर मंडल अध्यक्ष नरेंद्र सिंह नेगी, रविंदर बेलवाल, प्रधान प्रतिनिधि परमिंदर सिंह, ओमप्रकाश कांबोज आदि उपस्थित रहे।

# राज्यपाल ने की वायुसेना और नागरिक उड्डयन विभाग के अधिकारियों संग बैठक

देहरादून। राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) ने शुक्रवार को राजभवन में वायुसेना और नागरिक उड्डयन विभाग के अधिकारियों के साथ बैठक कर उत्तराखण्ड में हवाई सेवाओं के सुदृढ़ीकरण और विस्तार के सम्बन्ध में चर्चा की। बैठक में वायुसेना के एयर मार्शल आर.जी.के. कपूर, एओसी मध्य वायु कमान सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

बैठक में राज्यपाल ने कहा कि पिथौरागढ़ का नैनी सैनी एयरपोर्ट सामरिक और पर्यटन की दृष्टि से बेहद महत्वपूर्ण है। यहाँ पर हवाई सेवाओं के सुचारु संचालित होने से पूरे कुमाऊं क्षेत्र में पर्यटन गतिविधियों को लाभ मिलेगा। इसके साथ ही वाइब्रेंट विलेज को विकसित करना भारत सरकार तथा उत्तराखण्ड राज्य सरकार का एक महत्वपूर्ण मिशन है। उन्होंने कहा कि इस क्षेत्र में ओम पर्वत, आदि कैलाश, माउण्ट कैलाश यात्रा आदि महत्वपूर्ण गतिविधियां है। इस दृष्टि से



पिथौरागढ़ एयरपोर्ट महत्वपूर्ण है। राज्यपाल ने कहा कि पर्यटन के अतिरिक्त सीमांत क्षेत्रों को अवस्थापना सुविधाओं से विकसित करना तथा सामरिक दृष्टि से सुरक्षित रखने के उद्देश्य से एयर फोर्स एवं उत्तराखण्ड सरकार के मध्य निरंतर विचार–विमर्श एवं समन्वय जरूरी है। बैठक में एयरफोर्स की ओर से आग्रह किया गया है कि पिथौरागढ़ एयरपोर्ट को एयरफोर्स के अधीन किए जाने हेतु जल्द से जल्द एनओसी की कार्यवाही की जाय ताकि इसके सुचारू संचालन हेतु एयरफोर्स और सरकार के मध्य एक एमओयू किया जा सके।

## मरीजों की पीड़ा देख अल्ट्रासाउंड करने पहुंचे चोटिल रेडियोलॉजिस्ट

देहरादून। दून अस्पताल में कई दिन से अल्ट्रासाउंड ठप होने की वजह से भर्ती एवं ओपीडी मरीज बेहाल है। उनकी पीड़ा देखकर चोटिल रेडियोलॉजिस्ट डा. एसपी कुडियाल गुरुवार को अल्ट्रासाउंड करने पहुंच गए। उन्होंने 40 से ज्यादा अल्ट्रासाउंड किए। डॉक्टरों ने उन्हें फिलहाल आराम की सलाह दी है। अस्पताल प्रबंधन कोरोनेशन के रेडियोलॉजिस्ट डा. मनोज उप्रेती से शुक्रवार के लिए अनुरोध कर रहा है। उन्होंने डा. निखिल कुमार के उपलब्ध होने पर आने की बात कही है।

अस्पताल में आईपीडी की रेडियोलॉजिस्ट डा. अवंतिका रमोला मातृत्व अवकाश पर है और डा. कुडियाल के ब्रेन में चोट लगने पर वह छुट्टी पर चले गए है।

# अभिकर्ता और डाकघर कर्मचारी समन्वय बनाकर काम करें

ऋषिकेश। राष्ट्रीय बचत निदेशालय उत्तराखंड के उपनिदेशक अखिलेश कुमार ने कहा कि डाकघर की एजेंसी यथावत रहेगी। अब लाइसेंस रिन्यू ऑनलाइन होंगे। उन्होंने राष्ट्रीय बचत अभिकर्ता एसोसिएशन ऋषिकेश और राष्ट्रीय बचत निदेशालय देहरादून के बीच मजबूत संबंध को जरूरी बताया।शुक्रवार को दून मार्ग स्थित अमेरिस होटल में राष्ट्रीय बचत अभिकर्ता एसोसिएशन ने संवाद कार्यक्रम आयोजित किया। कार्यक्रम में पहुंचे राष्ट्रीय बचत निदेशालय उत्तराखंड के उपनिदेशक अखिलेश कुमार ने राष्ट्रीय बचत के बारे में बताया।

उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय बचत के भविष्य पर चर्चा कर और परस्पर सहयोग, समन्वय और परस्पर विश्वास बढ़ाया जाना चाहिए। राष्ट्रीय बचत अभिकर्ता एसोसिएशन और विभाग एक साथ मिलकर काम करेंगे। इस दौरान उन्होंने अभिकर्ताओं की समस्याओं को ध्यान से सुना और उसके निराकरण करने का भरोसा दिया। उन्होंने कहा कि सभी अभिकर्ताओं और डाकघर कर्मचारियों को आपस में समवन्य बनाकर कार्य करना चाहिए, ताकि कोई समस्या ना आए। इस दौरान उत्कृष्ट कार्य करने के लिए अक्षत गोयल, कृष्ण कुमार सिंह यादव, गुड्डू सिंह, मानस वर्मा, सुमित भट्ट, आरडी रतूड़ी, महेंद्र भारद्वाज को शॉल ओढ़ाकर और स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर एसोसिएशन अध्यक्ष केके सचदेवा, अजय ब्रेजा, सुनील चौहान, सरोज, कंचन, पुष्पा आदि उपस्थित रहे।

# डीएम ने दिए सीएम हेल्पलाईन पर प्राप्त शिकायतों के निस्तारण में गंभीरता से कार्य करने के निर्देश

देहरादून। जिलाधिकारी श्रीमती सोनिका ने ऋषिपर्णा सभागार कलेक्ट्रेट में सीएम हेल्पलाईन की समीक्षा बैठक लेते हुए संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देशित किया कि सीएम हेल्पलाईन पर प्राप्त शिकायतों पर संबंधित एल–1, एल–2 अधिकारी शिकायतकर्ता से संवाद करते हुए शिकायतों का निस्तारण में तेजी लाए।

उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि अधिकारी प्रत्येक दिन शिकायतकर्ताओं से संवाद करते हुए पोर्टल पर अद्यतन करें। उन्होंने नगर निगम, लोनिवि, जल संस्थान, सिचांई, आदि समस्त विभागों को सीएम हेल्पलाईन पर प्राप्त शिकायतों के



निस्तारण में गंभीरता से कार्य करने के निर्देश दिए।

इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी सुश्री झरना कमठान, मुख्य कोषाधिकारी रोमिल चौधरी, जिला विकास अधिकारी सुशील मोहन डोभाल, मुख्य शिक्षा अधिकारी प्रदीप रावत सहित संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

## उपनल का डीए स्थगित होने पर भड़के कर्मचारी

देहरादून। ऊर्जा निगमों के उपनल कर्मचारियों का महंगाई भत्ता का आदेश स्थगित किए जाने का विरोध शुरू हो गया है। कर्मचारी संगठनों ने अफसरों पर कर्मचारियों के उत्पीड़न और उनकी भावनाओं के साथ खिलवाड़ करने का आरोप लगाया। हाइड्रो इलेक्ट्रिक इम्प्लाइज यूनियन के अध्यक्ष केहर सिंह ने कहा कि उपनल कर्मचारी ही पूरे पॉवर सेक्टर को संभाले हुए हैं। चाहे बिजली लाइनों, सब स्टेशनों का संचालन हो या हाइड्रो पॉवर प्लांट का संचालन, सब जगह उपनल कर्मचारी ही अग्रिम मोर्चे पर हैं। यूनियन के कार्यवाहक अध्यक्ष राकेश शर्मा ने कहा कि आदेश स्थगित किए जाने का जोरदार विरोध किया जाएगा।

# उत्तराखंड में सभी छोटे–बड़े पुलों की क्षमता के सेफ्टी आडिट के आदेश

देहरादून। राज्य सरकार ने सभी छोटे–बड़े पुलों की क्षमता का आकलन कराने के लिए सेफ्टी आडिट का फैसला लिया है। उधर, लोनिवि मंत्री सतपाल महाराज ने कोटद्वार के मालन नदी पर बने पुल के टूटने के मामले में जांच के आदेश दिए हैं।शुक्रवार को लोनिवि सचिव डा. पंकज कुमार पांडेय ने प्रमुख अभियंता को सभी पुलों का सेफ्टी आडिट कराने के आदेश दिए हैं। उन्होंने कहा कि पुलों की मरम्मत समय पर होने, भार क्षमता से अधिक यातायात होने, पुलों के समीप साइनेज न होने और अत्यधिक समय होने से भारी बारिश के चलते क्षतिग्रस्त होने की सूचना है। इसकी वजह से जान माल के नुकसान के साथ ही आवागमन भी बाधित हो रहा है।

उन्होंने कहा कि पुल टूटने या उनकी वजह से भविष्य में दो भी दुर्घटना होगी, उसके लिए भविष्य में संबंधित अधिशासी अभियंता जिम्मेदार होंगे। सचिव ने सभी पुलों का सेफ्टी आडिट कर एक माह के भीतर उनके मरम्मत का प्रस्ताव शासन को भेजने की हिदायत दी। विदित है कि गुरुवार को कोटद्वार के समीप मालन नदी पर बने पुल का पिलर ध्वस्त हो गया था, जिससे पुल का कुछ हिस्सा नदी में गिर चुका है। इस वजह से पुल पर आवाजाही ठप है।उधर, कैबिनेट मंत्री महाराज ने सचिव लोनिवि डा. पंकज पांडेय को कोटद्वार के मालन नदी पर पुल टूटने के जांच के आदेश दिए हैं। उन्होंने पुल के गिरने की वजह की विस्तृत रिपोर्ट भी मांगी है। कहा कि जब तक पुल नहीं बन जाता है तब तक लोगों की आवाजाही के लिए वैकल्पिक मार्ग खोले जाएं। उन्होंने कहा कि भारी बारिश के चलते राज्यभर में काफी सड़कें अवरुद्ध हैं, जिन्हें जल्द खोला जाए, ताकि लोगों की परेशानी को कम किया जा सके। महाराज ने प्रमुख अभियंता सिंचाई जयपाल सिंह को प्रदेश की सभी नदियों की स्थिति और जल स्तर का ब्योरा भी तलब किया है।

# त्यूणी महाविद्यालय के छात्र छात्राओं ने पौधारोपण किया

विकासनगर। पंडित शिवराम राजकीय महाविद्यालय त्यूणी में शुक्रवार को हरेला पखवाड़े के अंतर्गत महाविद्यालय परिसर और आसपास के क्षेत्रों में छात्रा–छात्राओं द्वारा पौधरोपण किया गया। जहां पर उनके द्वारा नीम, बकैन, कचनार, मोरपंखी, अमरूद, आंवला चल्लू, नाशपाती आम आदि के पौधे रोपकर पर्यावरण का संदेश दिया गया। वृक्षारोपण कार्यक्रम का नेतृत्व कर रहे विद्यालय प्रचार्या प्रो. अंजना श्रीवास्तव ने छात्र–छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा इस वर्ष जल संरक्षण और



जलधाराओं का पुनर्जीवन हमारे उत्तराखंड हरेला पर्व की थीम है। इसको ध्यान में रखकर पौधरोपण कार्यक्रम किया जा रहा है। कहा वर्षाकाल के प्रत्येक सप्ताह में एक दिन पौधरोपण कार्यक्रम अवश्य चलाया जायेगा। कहा जिससे पुराने पौधों का रखरखाव, निराई गुड़ाई और संरक्षण हो सके।

## कोरियर से एटीएम भेजने का झांसा देकर लगाया 73 हजार का चूना

देहरादून। कोरियर से एटीएम कार्ड भेजने का झांसा देकर साइबर ठगों ने एक व्यक्ति को 73 हजार रुपये का चूना लगा दिया। साइबर धोखाधड़ी को लेकर हरीश विज्ल्वाण निवासी नथुवावाला ढांग की तहरीर पर रायपुर थाने में केस दर्ज किया गया है। पीड़िता का कहना है कि उन्होंने पीएनबी के एटीएम के लिए अप्लाई किया था। एटीएम कोरियर से आना था। बीते 15 जून को एक कॉल आई। कहा कि उनका कोरियर भेजने के लिए एक्टिवेट किया जाना है।

# वन्य जीवन और वन संपदा के लिए वरदान साबित हुई बारिश

विकासनगर। बारिश से भले ही किसान, पशुपालक समेत आम इंसान की परेशानी बढ़ गई हो, लेकिन वन्यजीवन और वन संपदा के लिए इस साल का मौसम वरदान साबित हुआ है। मौसम की मेहरबानी से जंगल सुरक्षित हैं। पछुवादून, जौनसार बावर में फायर सीजन के चार माह में वनाग्नि की एक भी घटना नहीं हुई। फायर सीजन 14 फरवरी से 14 जून के मध्य रहता है। इस दौरान तापमान बढ़ने, जंगलों में पिरूल गिरने से और कुछ मानव जनित कारणों वनाग्नि की घटनाएं चरम पर रहती हैं। बीते वर्ष जुलाई माह की शुरुआत तक वनाग्नि की घटनाएं होती रहीं। लेकिन इस वर्ष फरवरी तक सर्दियों की बारिश होती रही। जबकि मार्च से जून तक बीच बीच में बेमौसमी बारिश और ओलावृष्टि ने जंगलों को आग से बचाया। अब बरसात का मौसम शुरु होने के कारण वन विभाग के अधिकारियों को इस साल वनाग्नि की कोई भी घटना नहीं होने की उम्मीद लग रही है। चकराता वन प्रभाग के एसडीओ अनिल भट्ट ने बताया कि वर्ष 2021 में चकराता और कालसी वन प्रभाग में वनाग्नि की कुल 58 घटनाएं हुई थीं,

## मानसून सीजन में लापरवाही बर्दाश्त नहीं : विधायक

जयन्त प्रतिनिधि।

**पौड़ी** : भारी बरसात के बाद शहर में हुए नुकसान का शुक्रवार को विधायक राजकुमार पोरी ने अफसरों के साथ भ्रमण किया।

शुक्रवार को विधायक राजकुमार पोरी ने बस स्टेशन, श्रीनगर रोड आदि स्थानों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने भारी बरसात से जगह-जगह बंद हुई नालियों को जल्द खोलने, सड़क का जल्द मरम्मत करने, बस अड्डे में जहां पर टैक्सियां लगती हैं वहां पर साफ सफाई का विशेष ध्यान रखने, बंद स्क्रबरों को खोलने के निर्देश दिए। विधायक ने अफसरो को साफ चेतावनी दी कि मानसून सीजन में किसी भी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। इस मौके पर नगर पालिका के ईओ गौरव भसीन, एनएच श्रीनगर के अधिशासी अभियंता निर्भय सिंह आदि शामिल रहे।

# धराशायी हो गया पुल, लेकिन सवाल बरकरार आखिर कौन है जिम्मेदार

### मालन नदी का पुल धराशायी होने के बाद खड़े हो रहे कई सवाल

जयन्त प्रतिनिधि।

**कोटद्वार** : भाबर क्षेत्र के अंतर्गत मालन नदी पर धराशायी हुआ पुल कई सवाल खड़े कर रहा है। दरअसल, सरकारी सिस्टम उस समय क्यों मूकदर्शक बना हुआ था जब अवैध खननकारी मालन नदी का सीना चीर रहे थे। जबकि, क्षेत्रवासी लगातार अवैध खनन के खिलाफ आवाज भी उठा रहे थे।



मालन नदी का धराशायी पुल

पुल के पिल्लरों की हालत बिगड़ने के बाद लोक निर्माण विभाग ने बजट के लिए शासन से मांग की। लेकिन, शासन ने भी इसे मंजूरी नहीं दी। नतीजा शहरवासियों के दिमाग में अब भी यह सवाल घूम रहा है कि आखिर पुल गिरने के लिए कौन जिम्मेदार है। वह विभाग जो अवैध खनन को देखने के बाद भी अपनी आंखों को मूंदकर बैठा हुआ था। या फिर वो अवैध खननकारी जो जेसीबी मशीनों से दिन रात मालन का सीना चीर रहे थे। इन सब के बीच शासन की कार्यप्रणाली पर भी सवाल खड़े किए जा रहे हैं। अखिर इतने प्रस्ताव भेजने के बाद भी बजट क्यों नहीं उपलब्ध करवाया गया।

मालूम हो कि गुरुवार को मालन नदी पर बना पुल धराशायी हो गया था। लेकिन अब पुल टूटने के बाद कई सवाल खड़े हो रहे हैं। मालन नदी में हो रहे अवैध खनन को लेकर भी क्षेत्रवासी लगातार आवाज उठा रहे थे। बावजूद सरकारी सिस्टम ने इस ओर झांककर तक नहीं देखा।

पुल से हर रोज सैकड़ों ओवरलोड उपखनिज से भरे डंपर दौड़ाए जा रहे थे। जानकारी होने के बाद भी सरकारी सिस्टम मूकदर्शक बना रहा। बरसात से कुछ माह पूर्व ही पुल की सुरक्षा को लेकर चिंता जातई गई। लोक निर्माण विभाग ने शासन को मालन पुल सहित सात अन्य पुलों में सुरक्षा दीवार बनाने का प्रस्ताव भेजा। लेकिन, आज तक उसे मंजूरी नहीं मिली। विभाग ने खनिज न्यास निधि से भी सुरक्षा दीवार निर्माण को धनराशि मांगी। लेकिन, वहां से भी निराशा ही हाथ लगी। यदि शासन से पुल सुरक्षा के लिए धनराशि मिल जाती तो शायद आज मालन नदी का पुल नहीं बहता।

# छात्रसंघ पदाधिकारियों ने किया प्रदर्शन

जयन्त प्रतिनिधि।

**कोटद्वार** : विद्यार्थियों की विभिन्न समस्याओं को लेकर राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय के छात्र संघ पदाधिकारियों ने महाविद्यालय व विश्व विद्यालय के खिलाफ प्रदर्शन किया। पदाधिकारियों ने जल्द समस्याओं का निराकरण नहीं होने पर आंदोलन को तेज करने की चेतावनी दी है।

गुरुवार को छात्र संघ अध्यक्ष अंकुश घिल्डियाल के नेतृत्व में पदाधिकारियों ने राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय परिसर में आंदोलन किया। पदाधिकारियों ने विश्वविद्यालय व महाविद्यालय पर विद्यार्थियों की अनदेखी का आरोप लगाया। कहा कि एनईपी प्रथम सेमेस्टर के परीक्षा परिणाम समय पर जारी नहीं किया जा रहे। जिससे विद्यार्थियों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। परीक्षाओं में बेहतर कार्य करने के बाद भी विद्यार्थियों को बैक दी जाती है। पूर्व में शिकायत के बाद भी बीएससी बायोटेक में नई शिक्षा नीति लागू नहीं की जा रही है। ऐसे में विद्यार्थियों को अगली कक्षा में समय पर प्रवेश नहीं मिल पाता। विद्यार्थी लगातार महाविद्यालय में सिंगल विंडो लगाने की मांग उठा रहे हैं। लेकिन, हर बार उनकी समस्याओं को अनदेखा किया जाता है। पदाधिकारियों ने प्राध्यापकों पर उनके साथ अभद्र व्यवहार करने का भी आरोप लगाया। इस मौके पर छात्र संघ महासचिव शुभम सुयाल, ऋषभ, तनिष्क, दमनदीप, आकृति आदि मौजूद रहे।



कोटद्वार महाविद्यालय में धरने पर बैठे छात्र संघ पदाधिकारी

# कण्वाश्रम-ध्रुवपुर मोटर मार्ग बना विकल्प, स्थिति सुधार रहा सरकारी सिस्टम

### मालन पुल टूटने के बाद कण्वाश्रम-ध्रुवपुर मोटर मार्ग से हो रही वाहनों की आवाजाही

जयन्त प्रतिनिधि।

**कोटद्वार** : भाबर क्षेत्र की मालन नदी का पुल ढहने के बाद वाहनों की आवाजाही के लिए कण्वाश्रम-ध्रुवपुर मोटर मार्ग को विकल्प मार्ग के रूप में तैयार किया जा रहा है। यही नहीं गुरुवार शाम से ही मार्ग पर वाहनों की आवाजही शुरू कर दी गई थी। लेकिन, जगह-जगह बदहाल स्थिति में पड़ा मार्ग वाहन चालकों के लिए मुसीबत बन रहा था। ऐसे में अब सरकारी सिस्टम मार्ग की व्यवस्थाओं में सुधार कर रहा है।

मालन नदी का पुल ढहने के बाद भाबर वासियों के लिए विकल्प बने कण्वाश्रम-मवाकोट-सत्तीचौड़-ध्रुवपुर-महाविद्यालय मोटर मार्ग की स्थिति भी खस्ताहाल बनी हुई है। मार्ग पर पांच किलोमीटर के दायरे में पड़ने वाले चार बरसाती रपटे वाहन चालकों की मुसीबत बढ़ा सकते हैं। बरसात के समय जंगल का पानी मार्ग पर बहने से जगह–जगह कीचड़ भरा हुआ है।

सबसे बुरी स्थिति मवाकोट गेंद मेला मैदान के समीप कण्वाश्रम मार्ग की बनी हुई है। उबड़-खाबड व चिकनी मिट्टी से भरे इस मार्ग पर वाहनों के रपटने का खतरा बना हुआ है। सबसे अधिक परेशानी दोपहिया वाहन चालकों को हो रही है। जिलाधिकारी डा. आशीष चौहान ने कहा कि भाबर वासियों की सुविधा को देखते हुए कण्वाश्रम-मवाकोट-सत्तीचौड़-ध्रुवपुर-महाविद्यालय मार्ग को वैकल्पिक मार्ग के रूप में तैयार किया जा रहा है। जंगल का पानी मार्ग पर न बहे इसके लिए मार्ग के किनारे नाला तैयार करवाया जा रहा है। वन्य जीवों से सुरक्षा के लिए मार्ग के आसपास झाड़ी कटान का कार्य करवाया जा रहा है। साथ ही वन विभाग को मार्ग पर गश्त बढ़ाने के भी निर्देश दिए गए हैं।

#### जान जोखिम में डाल रहे क्षेत्रवासी

भाबर क्षेत्र की मालन नदी पर धराशायी हुए पुल को देखने के लिए क्षेत्रवासी अपनी जान जोखिम में डाल रहे हैं। गुरुवार देर शाम तक लोक निर्माण विभाग ने पुल के दोनों ओर पांच-पांच इंच की दीवार खड़ी करते हुए उस पर कीच व कांच के टुकड़े लगा दिए थे। लेकिन, क्षेत्रवासी अब भी धराशायी पुल को देखने के लिए पहुंच रहे रहे हैं। दीवार पर लगी कीच व कांच को भी तोड़ दिया गया है। ऐसे में लोगों की लापरवाही कब उनके जीवन पर भारी पड़ जाएं कुछ कहा नहीं जा सकता।



कण्वाश्रम-ध्रुवपुर मार्ग पर व्यवस्थाओं को बेहतर बनाती जेसीबी

#### मार्ग पर लगेंगी सोलर लाइटें

कण्वाश्रम-मवाकोट-सत्तीचौड़-ध्रुवपुर-महाविद्यालय मोटर मार्ग का पूरा हिस्सा लैंसडौन वन प्रभाग कोटद्वार रेंज के जंगल से सटा हुआ है। ऐसे में उक्त मार्ग पर हर समय जंगली जानवरों का खतरा बना रहता है। रात के समय भी आवाजही हो इसके लिए विभाग मार्ग पर बीस सोलर लाइट लगाने की तैयारी कर रहा है।

## लोनिवि मालन नदी पर बने पुल को लेकर बीआरओ और आईआईटी रुड़की के ब्रिज ऑडिटर से लेगा राय

जयन्त प्रतिनिधि।

**पौड़ी** : कोटद्वार में मालन नदी पर बने पुल को लेकर लोक निर्माण विभाग बीआरओ और आईआईटी रुड़की के ब्रिज ऑडिटर से राय लेगा। पुल टूटने के बाद प्रशासन के साथ ही लोनिवि अफसरों ने भी यहां डेरा डाला हुआ है। इसके साथ वैकल्पिक व्यवस्था को लेकर भी कंडी मार्ग को ठीक किया जा रहा है।

पुल से पहले इसी मार्ग का इस्तेमाल आवाजाही के लिए किया जाता था। उधर, आपदा प्रभावित क्षेत्र का दौरा करने के बाद पौड़ी के डीएम डॉ. आशीष चौहान ने बताया कि पुल पर आवाजाही बंद होने के कारण अल्टरनेट व्यवस्था के लिए कण्वाश्रम मार्ग को ठीक किया जाएगा। इस मार्ग का कुछ हिस्सा वन विभाग के पास है, बाकी सड़क लोनिवि की है। डीएम ने कहा कि आवश्यक सेवाओं की आवाजाही भी किसी तरह प्रभावित नहीं होने दी जाएगी। साथ ही सिंचाई विभाग को नदी का बहाव को डायवर्ट करने के लिए भी कहा गया है।

लोनिवि के अधीक्षण अभियंता पीएस ब्रृजवाल ने मौके से बताया कि ध्वस्त पुल को लेकर आईआईटी रुड़की और बीआरओ के कंसलटेंट से राय ली जाएगी। इसके साथ ही कंडी मार्ग को ठीक करने का काम भी शुरू कर दिया गया है। पानी कम होने के बाद इस पर भारी वाहनों की आवाजाही की जा सकती है। भारी बारिश के कारण मालन नदी पर बना पुल गुरुवार को ध्वस्त हो गया था। पुल एक पीयर टूट गया जिसके कारण पुल का एक हिस्सा भी नदी में गिरा गया था।

## छात्रों ने किया जिला अस्पताल के सीएमएस का घेराव, व्यवस्थाएं दुरस्थ करने की मांग

**पौड़ी** : पीपीपी मोड पर संचालित हो रहे जिला चिकित्सालय में अव्यवस्थाओं का आरोप लगाते हुए शुक्रवार को पौड़ी परिसर के छात्रों ने जिला चिकित्सालय में सीएमएस का घेराव करते हुए प्रदर्शन किया। इस दौरान छात्रों ने सीएमओ, सीएमएस और एमएस से अस्पताल में व्यवस्थाएं ठीक करने की मांग की। शुक्रवार को जिला अस्पताल में प्रदर्शन करते हुए छात्र नेताओं ने कहा कि बीते गुरुवार को एक स्कूटी दुर्घटनाग्रस्त होने पर घायल छात्रों को जिला चिकित्सालय में उपचार के लिए लाया गया। लेकिन एक घायल को रैफर किए जाने पर समय पर एंबुलैंस मुहैया नहीं कराई गई। आक्रोशित छात्रों ने सीएमएस का घेराव करते हुए जल्द ही अस्पताल में व्यवस्थाएं दुरुस्त करने की मांग की। इस दौरान सीएमएस डा. कुमार आदित्य ने भी माना कि पीपीपी मोड में चिकित्सालय के संचालित होने से कुछ परेशानियां हो रही हैं। कहा कि व्यवस्थाओं को दुरुस्त करने के पूरे प्रयास किए जाएंगे। प्रदर्शन की सूचना मिलने पर मुख्य चिकित्साधिकारी डा. प्रवीन कुमार भी जिला अस्पताल पहुंचे। सीएमओ के समझाने और अस्पताल में व्यवस्थाएं ठीक करने के आश्वासन के बाद आक्रोशित छात्र शांत हुए। इस मौके पर पौड़ी परिसर के छात्र संघ अध्यक्ष अंकित नौटियाल, आस्कर रावत, मयूर भटट, नितिन रावत, दीपक असवाल, ऋतिक असवाल आदि शामिल रहे।

## भारी बरसात में भी पेयजल किल्लत से जूझ रहे एकेश्वर ब्लॉक के गांव

जयन्त प्रतिनिधि।

सतपुली। चौबट्टाखाल विधानसभा क्षेत्र के अन्तर्गत एकेश्वर ब्लॉक के दर्जन भर गांव पानी की समस्या से जूझ रहे है। वही एकेश्वर बाजार में भी एक सप्ताह से पानी की आपूर्ति बाधित है। स्थानीय लोगों का कहना कि संबंधित विभाग को कई बार अवगत कराने के बावजूद भी समस्या का समाधान नहीं किया जा रहा है। जिस कारण लोगों रोष व्याप्त है। उन्होंने कहा कि बरसात के समय भी पेयजल किल्लत से जूझना पड़ रहा है। एक ओर तो सरकार जल जीवन मिशन के तहत हर घर नल योजना चला रही है, वहीं लोगों को बरसात में भी पेयजल नहीं मिल रहा है। ऐसे में योजना कैसे परवान चढ़ेगी।

सामाजिक कार्यकर्ता सुनील रावत के अनुसार बाजार सहित गुराड़, बडोली, सिमारखाल, मलेथा, राधानगर आदि गांवों में पानी की समस्या बनी हुई है। स्थानीय निवासी सुभाष हेमदान ने बताया कि वह पानी के लिए आठ किमी दूर बग्याली या खतिगांव जा रहे है। एकेश्वर निवासी प्रकाश चंद्र जदली के अनुसार एकेश्वर बाजार में दो जल आपूर्ति योजना काम कर रही है पर दोनों ही योजना पिछले दो सप्ताह से सूखी पड़ी है। जिसकी सूचना संबंधित विभाग जल संस्थान एवम जल निगम को कई बार दी गई, लेकिन स्थिति जस की तस बनी हुई है।

वही विभाग के अभियंता संजय कुमार के अनुसार एकेश्वर बाजार और गांवों को नौगढ़ परियोजना के तहत जलापूर्ति करने वाली लाइन भारी बरसात के कारण क्षतिग्रस्त हो गई है। जिसकी मरम्मत का कार्य जारी है। वहीं जल निगम के तहत बनी एकेश्वर स्त्रोत स्मब्रधन पेयजल पटोटी योजना लगभग 200 किमी लंबी लाइन है। इतनी बड़ी लाइन की मरम्मत में समय लग रहा है। जिसे जल्द ही पूरा कर लिया जाएगा।

#### बरसात के पानी से खाना बनाने को मजबूर

एकेश्वर बाजार निवासी नयन शर्मा के अनुसार एक सप्ताह से पानी की आपूर्ति न होने के कारण घर के दैनिक कामकाज सहित खाना बनाने के लिए बरसात का पानी एकत्र कर व्यवस्था बनाई जा रही है।

## स्वास्थ्य मंत्री का जताया आभार

**श्रीनगर गढ़वाल** : बार एसोसिएशन श्रीनगर ने राजकीय मेडिकल कॉलेज श्रीनगर में एमआरआई मशीन का लोकार्पण करने पर कैबिनेट मंत्री डा. धन सिंह रावत एवं गढ़वाल सासंद का आभार व्यक्त किया।

बार एसोसिएशन के संरक्षक अनूपश्री पांथरी ने कहा कि राजकीय मेडिकल कॉलेज में एमआरआई मशीन की सुविधा होने से लोगों को अब देहरादून सहित मैदानी इलाकों की ओर दौड़ नहीं लगानी पड़ेगी। उन्होंने कहा कि एमआरआई की सुविधा मिलने से गढ़वाल क्षेत्र के लोगों को खासा लाभ मिलेगा। आभार जताने वालों में बार कौंसिल ऑफ उत्तराखण्ड के सदस्य अर्जुन सिंह भण्डारी, अध्यक्ष प्रमेश चन्द्र जोशी, उपाध्यक्ष जगतीत सिंह जयाड़ा, सचिव ब्रह्मानंद भट्ट, सह सचिव देवी प्रसाद खरे, कोषाध्यक्ष सुबोध भट्ट, पूर्व अध्यक्ष दीपक भण्डारी, पूर्व सचिव विकास पंत, पूर्व उपाध्यक्ष विवेक जोशी, भूपेन्द्र गैरोला, प्रदीप मैठाणी, बलबीर सिंह रौतेला, ओमप्रकाश मैठाणी, सलमा सहित आदि मौजूद रहे।

# आवाजाही के लिए बेहतर बनाई जा रही व्यवस्थाएं : एसडीएम

### तहसील परिसर में पत्रकारों से वार्ता करते हुए बोले एसडीएम

जयन्त प्रतिनिधि।

**कोटद्वार** : उपजिलाधिकारी प्रमोद कुमार ने कहा कि मालन नदी का पुल ढहने के बाद भाबर क्षेत्र का कोटद्वार बाजार से संपर्क न कटे इसके लिए वैकल्पिक मार्ग तैयार किया गया है। प्रशासन कण्वाश्रम-ध्रुवपुर मोटर मार्ग को वैकल्पिक मार्ग के रूप में तैयार कर रहा है। सिडकुल औद्योगिक संस्थान व ग्रोथ संस्थान तक भारी वाहन पहुंचाने के लिए भी व्यवस्था बनाई जा रही है।

शुक्रवार को तहसील में पत्रकारों से वार्ता करते हुए एसडीएम प्रमोद कुमार ने यह बात कही। उन्होंने कहा कि कुछ व्यक्ति पुल ढहने के बाद से भाबर के सैकड़ों गांव का कोटद्वार से संपर्क कटने की अफवाहें फैला रहे हैं। जबकि, ऐसा कुछ भी नहीं है। प्रभावित वार्डों के कोटद्वार पहुंचने के लिए कण्वाश्रम-ध्रुवपुर मार्ग पर व्यवस्था बनाई जा रही है। अधिकांश वाहन इसी मार्ग से आवाजाही कर रहे हैं। मार्ग को बेहतर बनाने के लिए लोक निर्माण विभाग व वन विभाग को निर्देश दिए गए हैं। बताया कि जंगल से सटे इस मार्ग पर रात के समय भी यातायात चलता रहें इसके लिए बीस सोलर लाइट भी लगाई जा रही हैं। रात के समय वन विभाग भी मार्ग पर अपनी गश्त जारी रखेगा। उन्होंने सिडकुल औद्योगिक संस्थान व ग्रोथ सेंटर तक जाने वाले भारी वाहनों के लिए तल्लामोटाढांग-बेलगिरी आश्रम व हल्दूखाता से होते हुए व्यवस्था बनाने की बात कही। कहा कि प्रशासन व्यवस्थाओं को बेहतर बनाने के हर संभव प्रयास कर रहा है।



कोटद्वार तहसील में पत्रकारों से वार्ता करते उपजिलाधिकारी प्रमोद कुमार

#### नदियों में रोका जाएं अवैध खनन

**कोटद्वार** : जिला कांग्रेस कमेटी ने क्षेत्र की नदियों में हो रहे अवैध खनन को रोकने की मांग की है। कहा कि खनन के कारण नदियों पर बने पुलों पर खतरा मंडराने लगा है। जिला कांग्रेस कमेटी के जिलाध्यक्ष विनोद डबराल के नेतृत्व में पदाधिकारियों ने राज्यपाल को ज्ञापन भेजा। उन्होंने कहा कि भाबर क्षेत्र में मालन नदी पर बना पुल ढहने से सैकड़ों परिवारों का कोटद्वार बाजार से संपर्क कट गया है। इससे सबसे अधिक परेशानी सिडकुल ग्रोथ सेंट व फैक्ट्रियों तक कच्चा माल पहुंचाने में हो रही है। कहा कि क्षेत्र की नदियों में अवैध खनन रोकने के लिए सख्त कार्रवाई की जानी चाहिए। इस मौके पर रश्मि पटवाल, प्रवेश रावत, अमित राज, विजय नेगी, नईम अहमद आदि मौजूद रहे।

# सीयूईटी परीक्षा को छात्रों पर जबरन थोपा जा रहा

**श्रीनगर गढ़वाल** : हेमवती नंदन बहुगुणा गढ़वाल केंद्रीय विवि के बिड़ला परिसर छात्र संघ अध्यक्ष गौरव मोहन नेगी के नेतृत्व में शुक्रवार को छात्रों ने विवि के कुलसचिव से मिलकर सीयूईटी परीक्षा की अनिवार्यता को खत्म करने की मांग की। कहा यदि उनकी मांग पर अमल नहीं हुआ तो वह इस वर्ष विवि में प्रवेश प्रक्रिया ठप कर देंगे।

कुलसचिव से वार्ता के दौरान छात्र संघ अध्यक्ष गौरव मोहन नेगी, सूरज भंडारी, रोबिन बिष्ट, अभिनव बहुगुणा ने कहा कि सीयूईटी परीक्षा से छात्रों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। कहा इसकी अनिवार्यता न होने के बावजूद विवि प्रशासन ने इस परीक्षा को जबरन छात्रों पर थोपा है। उन्होंने कहा कि भारी वर्षा से आवागमन के रास्ते बंद होने से छात्रों को विवि के परीक्षा केंद्र तक पहुंचने में कठिनाइयां हो रही हैं। उन्होंने छात्रों के भविष्य को देखते हुए परीक्षा तिथि बढ़ाए जाने की मांग की। शोध छात्रों की मांगों को लेकर उन्होंने कहा कि 8 हजार रुपये स्कॉलरशिप जो शोध छात्रों को दी जाती है वह शोध कार्य के लिए पर्याप्त नहीं है जिसे विवि द्वारा बढ़ाना चाहिए। कहा यदि स्कॉलरशिप नहीं बढ़ती है तो सभी शोध छात्रों द्वारा शोध कार्य रोक दिए जाएंगे। उन्होंने बिड़ला परिसर के हॉस्टल के पीछे से डांग क्षेत्र को जोड़ने वाले पैदल मार्ग को खोलने व विवि की सभी इमारतों की छतों का निरीक्षण करने की मांग भी की। कहा यदि उक्त मांगों पर जल्द से जल्द कार्यवाही नहीं होती है तो उन्हें उग्र आंदोलन के लिए विवश होना पड़ेगा। मौके पर कैलाश नगवाल, अभिषेक डंगवाल, नवीन, दीपक, रोहित कोहली, सुधांशु, श्रेय मंमगाई, संदीप बुटोला आदि मौजूद रहे। (एजेंसी)

## छात्र नेताओं ने सीयूईटी परीक्षा को रद्द करने की मांग

**पौड़ी** : पौड़ी परिसर के छात्र नेता ने सीयूईटी परीक्षा को हेमवती नंदन बहुगुणा गढ़वाल केंद्रीय विश्वविद्यालय से रदद किए जाने की मांग की है। उन्होंने कहा कि सीयूईटी लागू होने के बाद छात्र-छात्राओं को कई समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने प्रधानमंत्री को ज्ञापन भेजकर हेमवती नंदन बहुगुणा गढ़वाल केंद्रीय विश्वविद्यालय व पहाड़ के सभी परिसरों में सीयूईटी परीक्षा के माध्यम से होने वाली प्रक्रिया को रदद किए जाने की मांग की है।शुक्रवार को पौड़ी परिसर के छात्र अमन नयाल ने प्रधानमंत्री को ज्ञापन भेजा। इस दौरान उन्होंने कहा कि सीयूईटी लागू होने के बाद पहाड़ी क्षेत्रों में जागरूकता व संसाधनों के अभाव के चलते छात्र-छात्राएं सीयूईटी परीक्षा के लिए आवेदन नहीं कर पा रहे है। कहा कि सीयूईटी परीक्षा होने के बाद प्रवेश ना मिलने पर पहाड़ का छात्र कर्ज लेकर प्राइवेट कालेज में दाखिला ले रहा है। जिससे पलायन भी बढ़ रहा है। उन्होंने प्रधानमंत्री से हेमवती नंदन बहुगुणा गढ़वाल केंद्रीय विश्वविद्यालय के तीनों परिसर टिहरी, श्रीनगर व पौड़ी परिसर में स्थानीय छात्रों को 50 फीसदी आरक्षण दिए जाने, सीयूईटी परीक्षा की चयन प्रक्रिया के बाद भी कक्षाओं में सीट शेष रहने के बाद क्षेत्रीय छात्रों को मैरिट बेसिस से प्रवेश देकर रिक्त सीटो को पूरा करने, तीनों परिसरों में सीयूईटी का परीक्षा केंद्र होना अनिवार्य हो व सभी छात्रों का परीक्षा केंद्र उनके निकटतम परीक्षा केंद्र में करवाने, 3 हजार से कम छात्रसंख्या वाले व कम विषय वाले परिसरों में सीयूईटी परीक्षा रदद करने की मांग उठाई।

# उत्तराखंड के घर–घर में टैलेंट, युवाओं को प्लेटफार्म उपलब्ध करने के प्रयास करे सरकार



अल्मोड़ा। मुंबई फिल्म इंडस्ट्री में काम कर रहे फिल्म अभिनेता चन्दन बिष्ट ने शुक्रवार को अल्मोड़ा में विशेष भेंट वार्ता की। चन्दन बिष्ट मूल रूप से अल्मोड़ा जनपद के चौखुटिया तहसील के खत्याड़ी गांव के निवासी हैं। समाचार एजेंसी आरएनएस से उन्होंने अपनी फिल्मों पर बात की। उन्होंने बताया कि उनकी स्कूली शिक्षा चौखुटिया से पूर्ण हुई। जिसके बाद वे दिल्ली गए और दिल्ली में एनएसडी से अभिनय और फिल्मों की बारीकियां सीखी। उन्होंने बताया कि उनकी फिल्म लाइन में शुरुआत फिल्म मिशन कश्मीर से हुई जहां उन्हें दर्शकों का पूरा प्यार मिला। उसके बाद उन्होंने हनीमून ट्रैवल्स प्राइवेट लिमिटेड, मिथ्या, अरमान, रघु रोमियो, दसविदानियां, लाइफ इन ए डे, मेड इन चाइना आदि मेनस्ट्रीम की फिल्मों में काम किया। उन्होंने नेटफ्लिक्स की अरण्यक, ट्रायल बाय फायर वेब सीरीज में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। हाल ही में आई फायर इन द माउंटेन फिल्म के लिए उन्हें स्पेन में बेस्ट एक्टर का अवार्ड भी मिला है। फायर इन द माउंटेन फिल्म पहाड़ के हालातों को दर्शाती फिल्म है और इसकी शूटिंग मुनस्यारी में हुई है। यह फिल्म सोनी लिव पर उपलब्ध है। फिल्मों के बारे में बात करते हुए उन्होंने कहा आजकल मेनस्ट्रीम में रियलिस्टिक फिल्मों का चलन बढ़ा है। फिल्में रियलिटी की तरफ बढ़ी हैं। उन्होंने कहा कि वह मुंबई फ़िल्म लाइन में स्थापित हैं तो चाहते हैं कि जो भी उन्होंने सीखा है उसे आगे बढ़ाएं। साथ ही बताया वह प्रतिभाओं को आगे बढ़ाने के उद्देश्य से निजी खर्चे से उत्तराखंड आकर कार्यशालाएं करते हैं। कार्यशालाओं में वह बच्चों को अभिनय, डिज़ाइन, निर्देशन की बारीकियां सिखाते हैं। उत्तराखंड के बारे में कहा कि पर्यटक यहाँ घूमने के उद्देश्य से आते हैं, लेकिन उनको यहाँ के जीवन शैली को भी जानना चाहिए। पहाड़ों के लोगों का भी अपना जीवन है और उसको भी पर्यटकों को समझना चाहिए। अब फ़िल्म निर्माता फिल्मों में उत्तराखंड की कहानियां ला रहे हैं। उत्तराखंड के लोग ईमानदार हैं तो फ़िल्म निर्माण के लिए फ़िल्म निर्माताओं को उत्तराखंड का रुख करना चाहिए। जिससे स्थानीय लोगों को रोजगार मिलेगा और फिल्मों में स्थानीय प्रतिभाओं को मौका देने से एक मंच भी उपलब्ध होगा।



## हरेला पर्व पर वृहद वृक्षारोपण कार्यक्रम के सम्बन्ध में हुई चर्चा

अल्मोड़ा। हरेला पर्व पर वृहद वृक्षारोपण कार्यक्रम के आयोजन के संबंध में आज कलेक्ट्रेट में जिलाधिकारी विनीत तोमर की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई। बैठक में जनपद में अधिक से अधिक वृक्षारोपण करने के बारे में चर्चा की गई तथा जिलाधिकारी ने इस संबंध में अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

जिलाधिकारी ने बताया कि मुख्य वृक्षारोपण कार्यक्रम स्यालीधार में बन रहे साइंस पार्क परिसर में किया जाना है। साथ ही सभी ब्लॉकों तथा तहसील स्तर पर भी सम्पूर्ण जनपद में वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। बैठक में प्रभागीय वनाधिकारी दीपक सिंह, सिविल सोयम के प्रभागीय वनाधिकारी ध्रुव सिंह मर्तोलिया समेत अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

# बंगापानी में लाइनमैनों ने पांच सूत्रीय मांगों को लेकर प्रदर्शन किया

पिथौरागढ़। बंगापानी में यूपीसीएल के लाइनमैनों ने निगम पर उत्पीड़न का आरोप लगाया है। कर्मचारियों का कहना है कि महंगाई के इस दौर में उन्हें अल्प मानदेय दिया जा रहा है। इससे उनके लिए परिवारा का भरण–पोषण करना मुश्किल हो गया है। शुक्रवार को बंगापानी में यूथ कांग्रेस जिलाध्यक्ष डीडीहाट विक्रम दानू के नेतृत्व में लाइनमैन एकत्र हुए। इस दौरान उन्होंने शासन–प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी करते हुए प्रदर्शन किया। वक्ताओं ने कहा कि यूपीसीएल से संबंधित ठेकेदार लाइनमैनों का शोषण कर रहे हैं। वर्तमान में उन्हें सात हजार रुपये मानदेय दिया जा रहा है, जो एक से दूसरे क्षेत्र में आवाजाही में खर्च हो जाता है। उन्हें लाइनमैनों का वेतन 15हजार करने की मांग की है। इसके अलावा उन्होंने कर्मचारियों को सुरक्षा किट देने, पीएफ, प्रतिमाह वेतन जारी करने व कोई घटना होने पर ठेकेदार और निगम की ओर से मुआवजा बीमा देने को कहा। बाद में उन्होंने रजिस्टार कानूनगो धनगिरी के माध्यम से डीएम को ज्ञापन भी भेजा। उन्होंने कहा कि अगर दस दिन के भीतर उनकी मांगों को लेकर कोई सकारात्मक कदम नहीं उठाया गया तो वह उग्र आंदोलन करेंगे।

## राजस्व उपनिरीक्षकों के स्थानांतरण में पारदर्शिता की मांग

पिथौरागढ़। राजस्व उपनिरीक्षक और राजस्व सेवक संघ ने राजस्व उपनिरीक्षकों के स्थानांतरण में अनियमिता का आरोप लगाते हुए डीएम को ज्ञापन दिया है। उन्होंने 5 वर्ष से अधिक एक तहसील में सेवा कर चुके राजस्व उपनिरीक्षकों का स्थानांतरण राजस्व उप निरीक्षक सेवा नियमावली 2013,15 के तहत करने की मांग की है। शुक्रवार को स्थानांतरण में अनियमिता का आरोप लगाते हुए आक्रोशित राजस्व उपनिरीक्षकों ने डीएम को ज्ञापन दिया है।

कहा कि पांच वर्षों से अधिक दुर्गम और सुगम में सेवा कर रहे राजस्व उपनिरीक्षकों का स्थानांतरण नियम के तहत किया जाए। कहा कि आपदा से संवेदनशील तहसीलों और दुर्गम क्षेत्र में कई वर्षों से काम कर रहे राजस्व उपनिरीक्षक पात्र होने के बाद भी स्थानांतरित नहीं हो पाए हैं। अल्मोड़ा और बागेश्वर जनपद के एक ही तहसील में पांच वर्ष से अधिक सेवा कर चुके कर्मियों का राजस्व उप निरीक्षक सेवा नियमावली के तहत स्थानांतरण किया गया है।

## एएनएम सेंटर के पंखे, खिड़की चोरी, भवन खंडहर

हल्द्वानी। विधायक बंशीधर भगत ने पांडे नवाड़ स्थित एएनएम सेंटर की बदहाली देखी। क्षेत्र के लोगों ने बताया कि सेंटर का रखरखाव नहीं होने से पंखे व खिड़की तक चोरी हो गए हैं। सेंटर अब खंडहर में तब्दील होता जा रहा है। मामले को गंभीरता से लेते हुए विधायक भगत ने कहा कि वह जल्द ही मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से मुलाकात कर सेंटर को रोजगारपरक संस्थान के रूप में विकसित करने की मांग करेंगे। विधायक भगत शुक्रवार को कालाढूंगी विधानसभा के क्षेत्र भ्रमण पर निकले। इस दौरान पांडे नवाड़ के ग्रामीण उन्हें एएनएम सेंटर लेकर गए। जहां उन्होंने खस्ताहाल परिसर और तीन मंजिला भवन की दुर्दशा को देखा। इस मौके पर एएनएम सेंटर के लिए भूमिदान करने वाले परिवारों के उत्तराधिकारी भी मौजूद रहे।

# फुटबॉल प्रतियोगिता की विजेता टीम के खिलाड़ी करन का किया स्वागत



अल्मोड़ा। राष्ट्रीय फुटबॉल चैम्पियनशिप में विजेता उत्तराखण्ड राज्य की फुटबॉल टीम के खिलाड़ी करन सैरोट का यहाँ मुख्य शिक्षाधिकारी कार्यालय में स्वागत किया गया।

करन वर्तमान में शिक्षा विभाग जनपद अल्मोड़ा के खण्ड शिक्षा अधिकारी कार्यालय भैसियाछाना, अल्मोड़ा में कनिष्ठ सहायक के पद पर कार्यरत हैं। करन ने नेशनल चैम्पियनशिप में 10 गोल दागकर टीम को विजय दिलाने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई व फाइनल मैच में 2 गोल दागे। राज्य व शिक्षा विभाग में करन सैरोट के उपलब्धि पर ख़ुशी का माहौल है। करन को उनकी उपलब्धि पर प्रधानमंत्री द्वारा भी 03 जुलाई को नई दिल्ली में सम्मानित किया गया। करन ने फुटबॉल की शुरूआत वर्ष 2005 से कोच डेरेक पीटरसन के नेतृत्व में की। वर्तमान में भारत के फुटबॉल के शीर्षस्थ क्लब मोहन बागान द्वारा करन सैरोट को आमंत्रित किया गया है। करन की उपलब्धि पर समस्त शिक्षा विभाग ने बधाई एवं शुभकामनाएं प्रदान करते हुए शुक्रवार को मुख्य शिक्षा अधिकारी कार्यालय में मुख्य शिक्षा अधिकारी हेमलता भटट एवं वित्त अधिकारी जगदीश सिंह बिष्ट के नेतृत्व में समस्त कार्मिकों द्वारा सम्मानित किया गया। यहाँ सम्मानित करने वालों में पुष्कर सिंह भैसोड़ा, सुरेश चन्द्र जोशी, देवेन्द्र पाठक, राजन सिंह नेगी, दीप चन्द्र पाण्डे, जगदीश सोनल, पान सिंह मेर, कमल बिष्ट, सहित कार्यालय के समस्त कर्मचारी उपस्थित रहे।

# भाजपा महिला मोर्चा की टिफिन प्रतियोगिता संपन्न



अल्मोड़ा। यूएन द्वारा वर्ष 2023 को मिलेट(दलहन) वर्ष घोषित किया गया है। इसी के तहत राष्ट्रीय स्तर पर भाजपा महिला मोर्चा द्वारा जुलाई माह को मिलेट माह के रुप में मनाने का निर्णय लिया गया है। जिसके अंतर्गत देश भर के प्रत्येक जनपद में कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम के तहत प्रदेश अध्यक्ष आशा नौटियाल के निर्देशानुसार अल्मोड़ा जिला महिला मोर्चा अध्यक्ष लीला बोरा के नेतृत्व में शुक्रवार को महिला मोर्चा के द्वारा टिफिन बैठक आयोजित कर मोटे अनाज के तरह तरह से व्यंजन बनाने को व्यंजन प्रतियोगिता कराई गई। यहाँ कार्यक्रम में अल्मोड़ा जिला अध्यक्ष रमेश बहुगुणा, पूर्व विधायक व वर्तमान प्रदेश उपाध्यक्ष कैलाश शर्मा, महिला मोर्चा के प्रभारी कैलाश गुरूरानी, नगर महामंत्री व सभासद मनोज जोशी, महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष लीला बोरा, महिला मोर्चा की प्रदेश उपाध्यक्ष किरन पंत, लता पांडे, मोहनी कनवाल, रमा जोशी, चंपा पांडे, बीना नयाल, तारा जीना, नीमा आर्य, इंदिरा बिष्ट, भावना तिवारी, उषा शर्मा, गीता जोशी, नेहा उप्रेती आदि लोग मौजूद रहे।

## समाजसेवी डिबी चंद ने विद्यालयों में पाठ्य सामग्री बांटी

चम्पावत। उद्योगपति व समाजसेवी डी बी चन्द के द्वारा प्राथमिक पाठशाला, उच्चतर माध्यमिक, आंगनबाड़ी केंद्रों में पाठ्य सामग्री। उन्होंने ग्राम सैलानीगोठ, फागपुर मे आंगनवाड़ी केंद्रों में कक्षा 8 तक के सभी छात्र–छात्राओं को पाठ्य सामग्री का वितरण किया गया। इस अवसर पर डी बी चन्द ने छात्र–छात्राओं को सबोधित करते हुए कहा की अगर कोई भी निर्धन छात्र जो आगे उच्च शिक्षा लेना चाहता है अगर आर्थिक तंगी की वजह से अगर कोई दिक्कत आती है तो वह उस छात्र की हर संभव मदद करेंगे। इस मौके पर उत्तम चन्द महेश रजवार, खडक सिंह महर, भूपेंद्र अधिकारी, मोहन चन्द , ग्राम प्रधान फागपुर हर्ष बहादुर चन्द आदि तमाम लोग मौजूद रहे।

# लघु सिंचाई विभाग ने नहर क्षतिग्रस्त कर लगा दिया तीन इंच का पाइप



बागेश्वर। कपकोट तहसील के भनार गांव के चुकुना तोक के ग्रामीणों ने लघु सिंचाई विभाग पर नहर क्षतिग्रस्त कर उसके बदले तीन इंच का पाइप लगाने का आरोप लगाया है। साथ ही कहा कि इतने कम पानी से उनके खेतों में रोपाई तक नहीं लग पा रही है। उन्होंने जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपकर समस्या का समाधान करने की मांग की है। ग्रामीण 55 किमी वाहन में बैठकर शुक्रवार को जिला मुख्यालय पहुंचे। यहां पहुंचकर उन्होंने अपने मांगों के समर्थन में प्रदर्शन किया। यहां हुई सभा में वक्ताओं ने कहा कि मई व जून में लघु सिंचाई ने नहर की मरम्मत का काम किया। अब नहर के बजाए उन्हें तीन इंच की पाइप लाइन से पानी दिया जा रहा है। पूर्व में बनी रहर से 56 परिवार अपने खेतों में धान की रोपाई करते थे। अब इतना कम पानी मिल रहा है कि धान की रोपाई नहीं लग पा रही है। उनके खेतों पर बंजर होने का खतरा मंडराने लगा है। पूर्व में नहर से हर साल रोपाई की जाती थी। रोपाई के लिए उन्हें कम से कम पांच इंच पानी की जरूरत होती है। अब 55 परिवारों के सामने आज उत्पादन का संकट खड़ा हो गया है। इस समस्या से उन्होंने विभाग को भी अवगत कराया, लेकिन विभाग ने उनकी अनसुनी कर दी।

# निदेशक को ज्ञापन सौंप छात्रों की समस्या से अवगत कराया



बागेश्वर। बद्रीदत्त पांडे कैंपस के निदेशक को छात्र नेताओं ने छात्र–छात्राओं की समस्याओं से अवगत कराया। उन्होंने प्रवेश के समय अलग–अलग विभाग में अलग–अलग निमय का पालन हो रहा है। कई विभाग एंटी रैगिंग फॉर्म मांग रहे हैं तो कुछ विभाग इसका जिक्र तक नहीं कर रहे हैं।

छात्रसंध उपाध्यक्ष दीपांशु भट्ट के नेतृत्व में छात्र शुक्रवार को कैंपस में पहुंचे। यहां कैंपस के निदेशक को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में उनका कहना है कि प्रवेश लेने छात्र–छात्राओं को कई दिक्क्तों का सामना करना पड़ रहा है। पोर्टल बंद होने से वे लोग अपनी फीस तक जमा नहीं कर पा रहे हैं। उन्होंने प्रथम मैरीट लिस्ट की तिथि बढ़ाने की मांग की है। अभी तक कई छात्रों को मार्कसीट, टीसी तथा अन्य जरूरी कागजात नहीं मिल पाए हैं।

## फसल बीमा के वाहनों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया

पिथौरागढ़। सीमांत में फसल बीमा योजना सप्ताह के तहत डीएम रीना जोशी ने वाहनों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

नगर के टकाना स्थित कलक्ट्रेट में डीएम रीना ने फसल बीमा के प्रचार–प्रसार के लिए वाहनों को रवाना किया।

इस दौरान मुख्य कृषि अधिकारी रीतू टम्टा ने कहा कि खरीफ मौसम में धान और मंडुवा फसलों पर दो प्रतिशत का कृषक प्रीमियम जमा कराकर कृषकों को बीमित करावाने का कार्य किया जा रहा है।

# जिलाधिकारी अध्यक्षता में जिला गंगा समिति की बैठक आयोजित



अल्मोड़ा। जिलाधिकारी विनीत तोमर की अध्यक्षता में जिला गंगा समिति की बैठक नवीन कलेक्ट्रेट में आयोजित की गई। बैठक में जिलाधिकारी द्वारा पूर्व में हुई बैठक में दिए गए निर्देशों के अनुपालन में अधिकारियों द्वारा की गई गतिविधियों की समीक्षा की गई। इस दौरान जिलाधिकारी ने संबंधितों को निर्देश दिए कि मुख्य नदियों में गिरने वाले नालों आदि में सफाई की जाए। साथ ही उन्होंने निर्देश दिए कि उन सभी गांव की सूची तैयार की जाए जो नदियों के किनारे बसे हुए हैं। उन्होंने कहा कि ऐसे सभी गांव के बारे में डाटा तैयार किया जाए, कि उनका सीवेज कहां निस्तारित किया जा रहा है। उन्होंने निर्देश दिए कि यदि गांव का सीवेज नदियों में सीधा डाला जा रहा हो, तो उसको रोकने के लिए प्रभावी कार्ययोजना बनाई जाए, जिसमे सीवेज के ट्रीटमेंट किए जाने का बेहतर प्रबंधन हो। इस दौरान उन्होंने कहा कि नगर क्षेत्रों में कूड़े के सिग्रिगेशन को प्रभावी किया जाए।

# पुलिस ने नाले में गिरी गाय को किया रेस्क्यू



अल्मोड़ा। गुरुवार 13 जुलाई को डायल 112 के माध्यम थाना भतरौजखान को सूचना मिली कि पनुवाद्योखन गांव के पास 05 दिन पहले एक गाय सड़क से नीचे नाले में गिर गयी थी, जो काफी कोशिशों के बाद भी नाले से निकल नहीं पा रही है। इतने दिनों से भूखी होने व नाले का जलस्तर बढ़ने के कारण उसकी जान को खतरा बना हुआ है। सूचना पर थानाध्यक्ष भतरौजखान मदन मोहन जोशी पुलिस बल के साथ रस्सी आदि उपकरण लेकर बेजुबान गौवंश की जान बचाने तत्काल मौके पर पहुचे। गाय को रेस्क्यू करने के लिये पुलिस बल को काफी मशक्कत करनी पड़ी, पुलिस टीम के अथक प्रयासों के परिणामस्वरुप गाय को रस्सियों के सहारे रेस्क्यू कर सुरक्षित नाले से बाहर निकाला गया।

## मिसेज इंडिया वर्ल्ड के फाइनल में पहुंची हल्दूचौड़ की आभा

हल्द्वानी। हल्दूचौड़ निवासी आभा गोस्वामी ने मिसेज इंडिया वर्ल्ड के फाइनल में जगह बना ली है। आभा की इस कामयाबी पर क्षेत्रवासियों ने उन्हें शुभकामनाएं दी हैं। मिसेज़ इंडिया उत्तराखंड 2022 रह चुकीं आभा ने बताया कि इस प्रतियोगिता में देशभर की 50 से ज़्यादा महिलाएं प्रतिभाग कर रही हैं। शो का आयोजन 13 से 19 जुलाई तक श्रीलंका की राजधानी कोलंबो में किया जा रहा है। शो के जज पैनल में मलाइका अरोड़ा, डिनो मोरिया, पूर्व क्रिकेटर एस श्रीसंत और बॉलीवुड की कई बड़ी हस्तियां शामिल हैं।

# सोलर लाइट से जगमग होंगे ग्रामीण इलाके

चम्पावत। चम्पावत जिले के ग्रामीण इलाके सोलर लाइट से जगमग होंगे। ग्रामीण क्षेत्रों में उजाला करने को 300 से अधिक सोलर लाइट लगाई जाएंगी। इसके लिए उरेडा को 34.34 लाख रुपये स्वीकृत किए गए हैं। इससे ग्रामीण क्षेत्र में हजारों की आबादी को सहूलियत मिल सकेगी।

जिले के ग्रामीण इलाकों में सोलर लाइट से जगमग किया जाएगा। इसके लिए उरेडा को खनिज न्यास निधि से पहली किस्त के रूप में 34.34 लाख रुपये दिए गए हैं। डीएम नरेंद्र सिंह भंडारी ने बताया कि चम्पावत ब्लॉक के दियूरी गांव में तीन लाख रुपये से 24 सोलर लाइट लगाई जाएंगी। रियासी बमनगांव में 20 सोलर लाइट के लिए 2.16 लाख रुपये दिए गए हैं।

झालाकुड़ी गांव में 15 सोलर लाइट लाइट लगाने को 1.62 लाख रुपये अवमुक्त किए गए हैं। नौलापानी में 3.24 लाख रुपये की 30 सोलर लाइट दी जाएगी। सैलानीगोठ में 1.62 लाख रुपये से 15 सोलर लाइट लगेंगी। बाराकोट ब्लॉक के सूंगरखाल में 35 सोलर लाइट को 3.78 लाख रुपये दिए गए हैं। बेट्टा, रैघाव, बौतड़ी, सिंगदा, बैड़ा बैडवाल और कामाज्यूला में दस–दस सोलर लाइट के लिए एक–एक लाख रुपये दिए गए हैं। लोहाघाट ब्लॉक के विविल, मल्ला खाईकोट, तल्ला खाईकोट और निडिल गांव में 25–25 सोलर लाइट के लिए 2.70–2.70 लाख रुपये दिए गए हैं। इसके अलाव दुधौरी गांव में 1.62 लाख रुपये से 15 सोलर लाइट लगाई जाएंगी। गांवों में सोलर लाइट लगने से हजारों की आबादी को सहूलियत मिल सकेगी।

# अफसर जल संरक्षण को लेकर एनजीओ के साथ समन्वय बनाएं : डीएम

टिहरी : डीएम मयूर दीक्षित ने जल संवर्धन, जल संरक्षण और कैच द रैन को लेकर संबंधित अधिकारियों के साथ बैठक की। बैठक में डीएम ने जल संरक्षण को लेकर एनजीओ के साथ समन्वय बनाने के निर्देश देते हुए कहा कि जल जीवन मिशन में प्रथम किश्त का लेखा-जोखा पूरा होने के बाद ही दूसरी किश्त जारी की जायेगी।

जिला सभागार में आयोजित बैठक में डीएम ने जल संरक्षण व संवर्द्धन को लेकर विभागों को जमीन पर काम करने की सलाह देते हुए कहा कि जल संरक्षण को लेकर सभी संबंधित विभाग वित्तीय वर्ष 2023-24 की कार्ययोजना पूर्ण विवरण सहित उपलब्ध कराएं। ग्राम पंचायतों में जिल जल स्रोतों पर काम करना है, इसकी सूचना सीडीओ को उपलब्ध कराते हुए सप्ताह में एक बार समीक्षा करें। कृषि विभाग, मत्स्य विभाग, वन विभाग व उद्यान द्वारा जल संरक्षण में किये गये कार्यों की जानकारी लेते हुए सूचना एवं पीआरडी विभाग को नुक्कड़ नाटक के साथ महिला व युवा मंगल दलों के माध्यम से प्रचार-प्रसार जल संरक्षण को लेकर जागरूक करने के निर्देश दिए। ईई सिंचाई को एक सप्ताह में सभी चेक डैम को चेक करने, गूगल मैपिंग कर पूर्ण विवरण सहित जियो टैग करने के निर्देश दिए। एसई सिंचाई को चैक डैमों की निगरानी करने को कहा गया। जल संरक्षण को लेकर चेक डैम, चाल खाल, खंती, ट्रांचिस बनाए जाने तथा पौधरोपण व साफ-सफाई के लिए जल निगम और जल संस्थान को मॉडल प्रारूप बनाकर सोर्स वाइस प्लान डीडीओ को उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। डीडीओ को डीपीआरओ के साथ समन्वय कर मनरेगा एवं 15वें वित्त से जल संरक्षण के कार्य कराने के निर्देश दिए। अमृत सरोवर योजना के तहत कुछ पैरामीटर बनाकर अच्छा प्रोजेक्ट बनाने को भी कहा। जल संरक्षण के लिए सभी ग्राम पंचायतों में डीपीआर भेजने एवं डीपीआरओ को सूचित करने को संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए। डीपीआरओ को जल संरक्षण को लेकर ग्राम पंचायत वाइज धनराशि सहित कार्य योजना बनाकर विवरण उपलब्ध कराने तथा कार्य शुरू करने के निर्देश दिए। बैठक में सीडीओ मनीष कुमार, डीडीओ सुनील कुमार, एसई सिंचाई आरके गुप्ता, ईई लघु सिंचाई बृजेश गुप्ता, ईई जल निगम केएन सेमवाल आदि मौजूद रहे। (एजेंसी)

### 27 मोटर मार्ग बंद, ग्रामीणों को हो रही दिक्कतें

रुद्रप्रयाग : लगातार हो रही बारिश के चलते जनपद में 27 सड़कें बंद हैं। हालांकि अधिकांश मोटर मार्गों पर जेसीबी मशीन से मार्ग खोलने की कारवाई की जा रही है किंतु सड़कें बंद होने से ग्रामीणों के रोजमर्रा के कार्यों को करने में दिक्कतें आ रही हैं। जनपद में लोक निर्माण विभाग रुद्रप्रयाग डिविजन में 7 सड़कें बंद हैं। जबकि ऊखीमठ डिविजन में 2 सड़कें बंद हैं। पीएमजीएसवाई रुद्रप्रयाग के अधीन 13 और पीएमजीएसवाई जखोली के अधीन 5 सड़कें बंद हैं। इस तरह लोनिवि और पीएमजीएसवाई की जनपद में कुल 27 सड़कें बंद हैं। शुक्रवार को जनपद में मौसम ठीक रहा। धूप निकलने के कारण संबंधित विभागों को सड़क खोलने के काम में ज्यादा दिक्कतें नहीं हुई। अधिकांश सड़कों पर मलबा हटाने का काम किया जा रहा।

# एयर मार्शल आर.जी.के.कपूर, एओसी मध्य वायु कमान ने की सीएम धामी से शिष्टाचार भेंट



देहरादून। मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी से शुक्रवार को मुख्यमंत्री आवास में एयर मार्शल, रवि गोपाल कृष्णा कपूर, एयर ऑफिसर कमांडिंग –इन –चीफ, मध्य वायु कमान ने शिष्टाचार भेंट की। मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी से एयर मार्शल रवि गोपाल कृष्णा कपूर ने चर्चा के दौरान कहा कि नए पुलों की भार क्षमता को कम से कम 24 टन तक प्रस्तावित किया जाना जरूरी है। इससे भारतीय वायुसेना तथा थल सेना के भारी वाहनों के आवाजाही आसानी से हो सकेगी। उन्होंने अनुरोध किया कि राज्य में नए पुलों के निर्माण एवं अपग्रेडेशन में भार क्षमता 24 टन तक रखी जाए।

बैठक के दौरान चर्चा की गई कि भारतीय वायु सेना तथा गढ़वाल मण्डल विकास निगम तथा भारतीय वायु सेना व कुमाऊं मण्डल विकास निगम मध्य एक एमओयू प्रस्तावित है जिसके तहत भारतीय वायु सेना के अधिकारियों व कार्मिकों को केन्द्र सरकार की दरों में जीएमवीएन तथा केएमवीएन की सुविधाओं के उपयोग की अनुमति मिल सकेगी।

इस दौरान पिथौरागढ़ एयरफील्ड एएलजी को भारतीय वायुसेना को सौंपने हेतु राज्य सरकार की तरफ से जल्द ही अनापत्ति प्रमाण पत्र जारी करने पर भी चर्चा की गईद्य इसके साथ ही एयर मार्शल द्वारा पिथौरागढ़ एयरफील्ड हेतु कुल 25 एकड़ जमीन में से 20 एकड़ राज्य सरकार द्वारा आवंटित करवाने हेतु भी अनुरोध किया गया। एयर मार्शल ने पीएम गतिशक्ति योजना हेतु राज्य में इन्फ्रास्ट्रक्चर विकसित करने विभिन्न प्रस्तावों पर भी चर्चा की।

# कांवड़ यात्रा संपन्न कराने में सर्तकता बरतें: एएसपी

ऋषिकेश। कांवड़ यात्रा में तैनात जीआरपी, आरपीएफ जवानों और रेल प्रहरियों को जीआरपी एएसपी ने रेनकोट और छाते बांटे। योगनगरी रेलवे स्टेशन पर आयोजित कार्यक्रम में उन्होंने 53 जीआरपी और पीआरडी जवानों के साथ रेल प्रहरियों को वितरण किया। एएसपी अरुणा भारती ने ऋषिकेश और रायवाला में कांवड़ ड्यूटी में लगे अधिकारियों और कर्मचारियों को सतर्कता बरतने के निर्देश गए हैं। उन्होंने बताया कि रेल प्रहरी को राज्य के कई स्टेशनों पर तैनात किया गया है। इससे जीआरपी और आरपीएफ को काम करने में काफी आसानी हुई है। कई तरह के मामलों में रेल प्रहरियों की भूमिका अहम रही है। बताया कि हरिद्वार से लेकर ऋषिकेश में कांवड़ यात्रा के तहत करीब एक हजार जवानों की तैनाती की गई है। कार्यक्रम में उन्होंने जीआरपी और आरपीएफ जवानों से यात्रा को सकुशल संपन्न कराने को हरसंभव प्रयास के लिए कहा। उन्होंने कांवड़ियों के साथ व्यवहार को भी संयमित रखने के निर्देश दिए। लापरवाही मिलने पर उन्होंने संबंधित के खिलाफ सख्त कार्रवाई की चेतावनी भी दी। मौके पर जीआरपी प्रभारी टीएस राणा, चौकी प्रभारी जय सिंह, सतीश घिड़ल्यिाल आदि मौजूद थे।

## डेढ़ करोड़ रुपये से बने कोविड केयर सेंटर तीसरी बार आई दरारें

हरिद्वार। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) बहादराबाद में डेढ़ करोड़ रुपये की लागत से बने कोविड केयर सेंटर की दीवारों में तीसरी बार दरारें पड़ गई हैं। सीलिंग भी टूट रही है। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ.मनीष दत्त ने कहा कि बहादराबाद केयर सेंटर की हालत बेहद खराब है। विभाग की तरफ से इस संबंध में दोबारा कार्यदाई संस्था को पत्र भेज दिया गया है। पत्र में लिखा है कि एक बार मरम्मत होने के बावजूद दोबारा दरारें आना और सीलिंग टूटना निर्माण सामग्री में सवाल खड़े होते हैं।

सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) बहादराबाद में डेढ़ करोड़ रुपये से बने कोविड केयर सेंटर का हाल ही में स्वास्थ्य विभाग ने निर्माण एजेंसी से मरम्मत कार्य कराया था। लेकिन समय बाद फिर से दिवारों के ज्वाइंट खुलने लगे हैं और छत में लगी सीलिंग कई जगह से टूटकर नीचे फर्श पर पड़ी है।

## शुक्रवार शाम तक कांवड़ यात्रियों का आंकड़ा 40 लाख पार करने का दावा

ऋषिकेश। ऋषिनगरी पर भगवान भोलेनाथ की भक्ति का रंग चढ़ा हुआ है। तमाम गंगा घाटों से लेकर हाईवे और शहर की कॉलोनियों तक में कांवड़ यात्री ही नजर आ रहे हैं। खराब मौसम के बीच कई राज्यों से पहुंचे कांवड़ यात्रियों पर भगवान भोलेनाथ की भक्ति सिर चढ़कर बोल रही है। बोल बम, बम–बम के जयकारों और डाक कांवड़ के डीजे पर शिवभजनों की गूंज के सिवाय कुछ सुनाई नहीं पड़ रहा है। बीते 11 दिनों से चल रही कांवड़ यात्रा अपने चरम पर पहुंच गई है। अब पवित्र गंगाजल लेकर शिवभक्त अपने ईष्ट शिवालय की ओर बढ़ रहे हैं। शिवरात्रि से एक दिन पूर्व शुक्रवार शाम से पंजाब, हरियाणा से आये डाक कांवड़ के लौटने का सिलसिला भी शुरू हो गया है। बड़े वाहन और बाइक पर शिवभक्त डाक कांवड़ के साथ हाईवे पर लौटते भी दिख रहे है। लेकिन अब मेरठ, मुजफ्फरनगर, सहारनपुर, मुरादाबाद से आने वाली डाक कांवड़ पहुंचने का सिलसिला जारी है। नीलकंठ महादेव मंदिर में शुक्रवार शाम 4 बजे तक पौड़ी प्रशासन कांवड़ यात्रियों का आंकड़ा 40 लाख पार करने का दावा कर रहा है। कांवड़ियों की वजह से हरिद्वार–ऋषिकेश हाईवे पूरी तरह पैक हो रखा है।

## शॉर्ट सर्किट से दुकान में लगी आग, हजारों का सामान राख

उत्तरकाशी : चिन्यालीसौड़ के जेष्ठवाड़ी में रात हुए शॉर्ट सर्किट होने से दुकान जल गई। दुकान में रखा हजारों की कीमती सामान भी जलकर राख हो गया। रात का समय होने की वजह से घटना का पता सुबह चला। जानकारी के अनुसार, ग्राम जेष्ठवाड़ी निवासी रुकम सिंह के दुकान में रात को सार्ट सर्किट से आग लग गई। जिससे फ्रीज सहित रखा सारा सामान राख हो गया। पटवारी बिनोद जगुड़ी ने बताया कि दुकान स्वामी को तकरीबन डेढ लाख का नुकसान हुआ है।

# चन्द्रयान-3 की सफल लॉचिंग पर महाराज ने दी बधाई

जयन्त प्रतिनिधि।देहरादून : चन्द्रयान-3 की सफल लॉचिंग पर प्रदेश के कैबिनेट मंत्री सतपाल महाराज ने इसरो के वैज्ञानिकों और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को बधाई दी है।आंध्र प्रदेश के श्रीहरिकोटा स्थित सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र से चन्द्रयान-3 की सफल लॉन्चिंग के ऐतिहासिक अवसर पर प्रदेश के कैबिनेट मंत्री सतपाल महाराज ने इसरो के वैज्ञानिकों और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को बधाई दी है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में इसरो के वैज्ञानिकों की कड़ी मेहनत के परिणाम स्वरूप ह्लमेक इन इंडियाह्व का यह मिशन कामयाब रहा है। श्री महाराज ने कहा कि चन्द्रयान-3 के प्रक्षेपण के साथ ही अमेरिका चीन और तत्कालीन सोवियत संघ के बाद भारत चौथा ऐसा देश बन जाएगा जिसने चंद्रमा पर सॉफ्ट लैंडिंग की महारत हासिल की है। उन्होंने कहा कि यह मेक इन इंडिया का एक सफलतम उदाहरण है। चन्द्रयान-3 के प्रक्षेपण से हम अन्य देशों के सैटेलाइट भी अंतरिक्ष में स्थापित कर पाएंगे, जिसका आने वाले समय में हमें व्यवसायिक लाभ भी प्राप्त होगा।

## शिवालयों में पैरामिलिट्री फोर्स की मौजूदगी में होगा जलाभिषेक

हरिद्वार। शिवरात्रि पर्व पर कुंभनगरी के शिवालयों में जलाभिषेक के दौरान सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। पैरामिलिट्री फोर्स की तैनाती शिवालयों में की जा रही है। इन जगहों पर बम निरोधक दस्ते और डॉग स्कवॉयड से भी सघन चेकिंग कराई जाएगी। एसएसपी अजय सिंह ने अधीनस्थों से जलाभिषेक के दौरान अव्यवस्थाएं न फैलने के निर्देश दिए हैं। कुंभनगरी में शिवालयों की भव्य साज सज्जा की गई है। शिवालयों की रौनक देखते ही बन रही है। हर शिवालय दूधिया रोशनी से नहाया हुआ है। शिवरात्रि पर्व पर विशेष पूजा अर्चना का सिलसिला शुक्रवार रात से ही शुरू हो गया। शनिवार को आमजन शिवालयों में पहुंचकर जलाभिषेक करेंगे। शहर के प्रमुख शिवालय जैसे दक्षेश्वर महादेव, तिलभांडेश्वर महादेव, दरिद्र भंजन महादेव, बिल्वकेश्वर महादेव, नीलेश्वर, गुप्तेश्वर, कुंडीसोटा, सिद्ध स्त्रोत में बड़ी संख्या में श्रद्धालु जलाभिषेक के लिए पहुंचेंगे। जलाभिषेक को लेकर पुलिस महकमे ने भी अपनी तैयारी पूरी कर ली है। मंदिरों में अव्यवस्था न फैले इसके लिए एसएसपी अजय सिंह ने अधीनस्थों को आवश्यक दिशा निर्देश जारी किए है। बकौल एसएसपी कि कतारबद्ध होकर ही आमजन जलाभिषेक कर सकेंगे। राजपत्रित अफसरों को प्रमुख शिवालयों में तैनात रहने के निर्देश दिए गए है।

# डीएम ने किया कांवड़ मेला के चरमोत्कर्ष आदि की दृष्टि से कांवड़ मेला क्षेत्र का निरीक्षण





हरिद्वार। जिलाधिकारी धीराज सिंह गर्ब्याल ने शुक्रवार को कांवड़ मेला के चरमोत्कर्ष आदि की दृष्टि से हिल बाईपास मार्ग, मंशादेवी पैदल मार्ग, हरकीपैड़ी, विभिन्न घाटों, बीईजी की सुरक्षा वोट से घाटों की सुरक्षा–व्यवस्था आदि का निरीक्षण किया। जिलाधिकारी सर्वप्रथम मेला अस्पताल होते हुये हिल बाईपास की ओर पैदल चलते हुये श्रद्धालुओं का हालचाल लेते हुये–कहां से आये हैं, हरदोई से, जिलाधिकारी ने फिर पूछा कहां जा रहे हैं, तो श्रद्धालुओं ने बताया कि मां मंशादेवी का दर्शन करने जा रहे हैं तत्पश्चात गंगा जल लेते हुये वापस चले जायेंगे। इस तरह श्रद्धालुओं का आवागमन मां मंशादेवी पैदल मार्ग पर लगा हुआ था। जिलाधिकारी बीच–बीच में श्रद्धालुओं को पैदल रास्ते के अलावा इधर–उधर से न जाने की हिदायत भी दे रहे थे। यहां से होते हुये जिलाधिकारी हिल बाईपास पर ऊपर की ओर बढ़ते हुये हिल बाईपास को भारी वर्षा से हुये नुकसान का जायजा भी लेते जा रहे थे। उन्होंने कहा कि हिलबाईपास को जो नुकसान पहुंचा है, उसे वन विभाग से सामंजस्य स्थापित करते हुये जल्दी ही ठीक कराया जायेगा। यहां से होते हुये वे मंशादेवी पैदल मार्ग का निरीक्षण करते हुये व्यू प्वाइण्ट पहुंचे, जहां से उन्होंने श्रद्धालु कांवड़ियों से शिवमय हुई पूरी हरकीपैड़ी, पन्तदीप, चमकादड़ टापू आदि क्षेत्रों का पूरा जायजा लिया तथा अधिकारियों को दिशा–निर्देश दिये। व्यू प्वाइण्ट से जिलाधिकारी सीढ़ियों के रास्ते होते हुये अपर रोड पहुंचे, जहां श्रद्धालु कांवड़ियों का जन–समुद्र उमड़ा हुआ था, का निरीक्षण करते हुये वे हरकीपैड़ी पहुंचे, जहां पुलिस चौकी के पास से उन्होंने हरकीपैड़ी में एकत्र हुये श्रद्धालु कांवड़ियों, सुरक्षा व्यवस्था आदि का जायजा लिया। हरकीपैड़ी से जिलाधिकारी कांवड़ियों के साथ–साथ सीसीआर पहुंचे, यहां से पूरा निरीक्षण करते हुये वे हाथी पुल के पास बीईजी(बंगाल इंजीनियरिंग गुंप सेण्टर) द्वारा बनाये गये केन्द्र पर पहुंचे। यहां से वे तैराक दल के साथ सेफ्टी वोट में अधिकारियों के साथ सवार हुये तथा विभिन्न घाटों की सुरक्षा आदि का गहनता से निरीक्षण करते हुये घाटों के किनारों पर एकत्रित कांवड़ियों का जगह–जगह पर अभिवादन लेते हुये श्रद्धालुओं को गंगा में लगाई गयी सुरक्षा ग्रिल से आगे न आने की माइक के माध्यम से हिदायत भी दे रहे थे। बीईजी आर्मी के अधिकारियों ने कांवड़ मेले के दौरान उनके द्वारा कई श्रद्धालुओं को बचाने के सम्बन्ध में भी जानकारी दी, जिस पर जिलाधिकारी ने बीईजी आर्मी के अधिकारियों की प्रशंसा की।जिलाधिकारी ने स्वास्थ्य विभाग द्वारा श्रद्धालु कांवड़ियों की सुविधा के लिये जो स्वास्थ्य कैम्प लगाये गये हैं, उनका भी निरीक्षण किया तथा श्रद्धालु कांवड़ियों को हर तरह की दवा उपलब्ध कराने के निर्देश अधिकारियों को दिये।जिलाधिकारी से मीडिया द्वारा रोशनाबाद बिहारीगढ़ मार्ग पर आन्नेकी हेतमपुर के मध्य नदी पर बने पुल के क्षतिग्रस्त होने की सम्बन्ध में जानकारी ली तो जिलाधिकारी ने बताया कि इस पुल का इस्तेमाल आन्नेकी हेतमपुर, रोशनाबाद, औरंगाबाद, टिहरा, टोगिया, डालूवाला, रसूलपुर, हजारा ग्रण्ट आदि गांवों के लोगों द्वारा किया जाता है, जिसके महत्व को देखते हुये लोक निर्माण विभाग को तुरन्त ही व्यवस्था बनाने के निर्देश दे दिये गये थे, जिसके क्रम में लोक निर्माण विभाग द्वारा अस्थाई रास्ता बनाने का कार्य प्रारम्भ कर दिया गया है, जिसमें दो जे0सी0बी0 लगातार लगी हुई हैं तथा उम्मीद की जा रही है कि आज शाम तक अस्थाई रास्ता प्रारम्भ हो जायेगा तथा नये पुल के निर्माण तक यहां पर वैली ब्रिज स्थापित किया जायेगा।

# सचिव, आपदा प्रबन्धन एवं पुनर्वास ने किया जिला हरिद्वार में स्थलीय निरीक्षण



हरिद्वार। डॉ0 रंजीत कुमार सिन्हा सचिव, आपदा प्रबन्धन एवं पुनर्वास, राज्य आपदा प्रबन्धन प्राधिकरण ने जिला आपातकालीन परिचालन केन्द्र, हरिद्वार में स्थलीय भम्रण/निरीक्षण किया। सचिव, आपदा प्रबन्धन एवं पुनर्वास को जिला आपातकालीन परिचालन केन्द्र, रोशनाबाद हरिद्वार में अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) एवं आपदा प्रबन्धन अधिकारी द्वारा विगत दो–तीन दिनों से जनपद में भारी वर्षा से हुये नुकसान एवं जनपद आपदा प्रबन्धन प्राधिकरण/जिला प्रशासन द्वारा अब तक किये गये समस्त राहत–बचाव कार्यों की विस्तृत जानकारी दी गयी।आपदा प्रबन्धन अधिकारी द्वारा अवगत कराया गया कि विगत दो–तीन दिनों में वर्षा का औसतन 453.52 आंकडे रिकॉर्ड में दर्ज किये गये हैं, जिसके कारण जनपद में लगभग 35–36 ग्राम बाढ़/जल भराव से प्रभावित हुए है तथा शहरी क्षेत्रों में लगभग 32 क्षेत्रों में अत्याधिक जलभराव की स्थिति उत्पन्न हुई है। जनपद में अत्याधिक वर्षा के कारण लो०नि०वि० के 02 राज्य मार्ग, 03 मुख्य जिला मार्ग, 03 अन्य जिला मार्ग, 07 ग्रामीण मार्ग, कुल 15 सडक मार्ग बाधित हुए हैं। राज्य आपदा मोचन निधि से तात्कालिक अहेतुक, गृह अनुदान, जनहानि पशुहानि के सापेक्ष अब तक 20.36 लाख की धनराशि वितरित की गयी तथा राहत बचाव कार्यों में एन०डी०आर०एफ०, एस०डी०आर०एफ० की कुल 14 टीमें तथा 164 सदस्य तैनात हैं। इसके अलावा आपदा मित्र ग्रामीण स्वयंसेवकों, सामाजिक संस्थाओं का भी निरन्तर सहयोग लिया जा रहा है।इसके अतिरिक्त जनपद में समस्त कार्यदायी संस्थायें लो०नि०वि०, पेयजल, विद्युत, सिंचाई, खण्ड विकास, राजस्व आपूर्ति विभाग, स्वास्थ्य, आदि विभागों के अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा राहत बचाव की कार्यवाही करते हुए जन सुविधायें बिजली, पानी, सडक, विद्युत मार्ग आदि को बहाल/सुचारु किया जा रहा हैं तथा वर्तमान डाक कांवड यात्रा में अत्याधिक जाम होने के दृष्टिगत बाढ प्रभावित क्षेत्रों में हैलीकॉप्टर के माध्यम से फूड पैकेट (पक्का भोजन) एवं खाद्यान्न राशन किट को उपलब्ध कराया जा रहे हैं।

## बिजली न आने पर बेगमपुर के ग्रामीणों का हंगामा

हरिद्वार। पिछले 24 घंटे से बिजली आपूर्ति बंद होने से आक्रेशित बेगमपुर के ग्रामीणों ने बहादराबाद उपखंड अधिकारी कार्यालय में जमकर हंगामा कर प्रदर्शन किया। ग्रामीणों ने कहा कि 12 जुलाई की रात को 63 केवीए ट्रांसफार्मर फूंक गया था। संबंधित अधिकारियों को जानकारी देने के बाद भी ट्रांसफार्मर नहीं बदला गया है। अधिकारी उनका फोन उठाने को तैयार नहीं है। मजबूरन ग्रामीणों को बिजली कार्यालय पर प्रदर्शन करना पड़ा।

वहीं, उपखंड अधिकारी अमित तोमर ने कहा कि उनको शुक्रवार सुबह सात बजे जानकारी मिली कि ट्रांसफार्मर खराब हो गया है।

### महिलाओं ने सीखें पिरुल और भीमल से सजावटी उत्पाद बनाने के गुर

टिहरी : टिहरी जिले भिलंगना और जाखणीधार ब्लॉक के ग्राम पंचायत कोटी, पौखाल के साथ मंथल की 35 ग्रामीणों महिलाओं को माउंटवैली डेवलपमेंट एसो. की ओर से पिरुल और भीमल के रेसे (सेलू) से विभिन्न प्रकार के सजावटी उत्पाद बनाने का प्रशिक्षण मंथल गांव में दिया गया। प्रशिक्षण देने का मुख्य उद्देश्य महिलाओं को आर्थिक रूप से मजबूत कर उनकी आय का स्त्रोत बढ़ना है।


## सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे सैन्य अभिलेखों में मेरे पिता का नाम गुलवर सिंह रावत (GULVAR SINGH) जन्मतिथि 24-02-1963 तथा मेरी माता की जन्मतिथि 15-02-1966 दर्ज हो गई है, जो कि गलत है। जबकि मेरी का पिता सही व सत्य नाम गुलवर सिंह रावत (GULWAR SINGH RAWAT ) जन्मतिथि 15-09-1964 तथा मेरी माता की सही व सत्य जन्मतिथि 10-08-1968 है।

अतः मेरे सैन्य अभिलेखों में पिता सही व सत्य नाम गुलवर सिंह रावत (GULWAR SINGH RAWAT ) जन्मतिथि 15-09-1964 तथा मेरी माता की सही व सत्य जन्मतिथि 10-08-1968 पढ़ी/लिखी जाय।

**नंबर 18008654N रैंक नायक रविन्द्र सिंह पुत्र गुलवर सिंह रावत निवासी ग्राम पठोलगांव, पोस्ट बडियारगांव, तहसील लैन्सडौन, जनपद पौड़ी गढ़वाल, उत्तराखण्ड पिन कोड 216179।**



**भारतीय रेल**

**"सार्वजनिक अधिसूचना"**

आज़ादी का अमृत महोत्सव

रेलवे लाइनों और परिसर के सभी उपयोगकर्ताओं को एतद्द्वारा सूचना दी जाती है कि उत्तर रेलवे के निम्नलिखित खंड पर 25 के.वी., 50 हर्ट्ज ए.सी. शिरोपरि कर्षण तारों को खंड के सामने निर्दिष्ट तिथि पर या उसके बाद विद्युतीकृत किया जाएगा। उस तारीख और उसी तारीख से शिरोपरि कर्षण तारों को हर समय विद्युतीकृत माना जाएगा और कोई भी अनाधिकृत व्यक्ति उक्त शिरोपरि कर्षण तारों के पास न तो पहुंचेगा और न ही काम करेगा।

| खंड | TKM तारीख |
|---|---|
| उत्तर रेलवे मुरादाबाद मंडल के पथरी स्टेशन की बलास्ट साइडिंग लाइन KM 14/3 Ch: 14/129.00) to Location PRI/1026 (Ch.:13/021.50) तक संबंधित टर्न आउट और X-ओवर सहित मौजूदा लाइनों में संघोधन। | 1.20 (31.07.2023) |

**25 के.वी. ए.सी. कर्षण की स्थापना**

**"सड़क उपयोगकर्ताओं को चेतावनी"**

जनता की जानकारी के लिए यह सूचित किया जाता है कि 25 kV AC इलेक्ट्रिक ट्रैक्शन शिरोपरि शुरू करने के संबंध में **"उत्तर रेलवे मुरादाबाद मंडल के पथरी स्टेशन की बलास्ट साइडिंग लाइन KM 14/3 Ch: 14/129.00) to Location PRI/1026 (Ch.: 13/021.50) तक संबंधित टर्न आउट और X-ओवर सहित मौजूदा लाइनों में संशोधन"** हाइट गेज सभी लेवल क्रॉसिंग पर लगाये हैं, जो सड़क की ऊँचाई से 4.78 मीटर की अधिकतम ऊँचाई पर स्पष्ट ऊंचाई के साथ है, अत्यधिक ऊँचाई के भार के संपर्क में आने या लाइव ट्रैक्शन वायर से खतरनाक निकटता को रोकने के उद्देश्य से।

सार्वजनिक रूप से वाहनों को लोड करने के उद्देश्य के लिए ऊपर निर्दिष्ट ऊँचाई का निरीक्षण करने के लिए सूचित किया गया है और यह देखने के लिए कि सड़क वाहनों में किए गए भार किसी भी परिस्थिति में ऊँचाई गेज का उल्लंघन नहीं करते हैं।

अत्याधिक ऊँचाई के भार के खतरे इस प्रकार हैं:–

i. ऊँचाई गेज के लिए खतरा और परिणामस्वरूप सड़क के साथ–साथ रेलवे लाइन में बाधा।

ii. सामग्री या उपकरण या वाहन के लिए खतरा

iii. सुचालक के साथ संपर्क या खतरनाक निकटता के कारण आग या खतरा और जीवन का जोखिम।

उप मुख्य विद्युत अभियंता/निर्माण
उत्तर रेलवे, मुरादाबाद

नं.: 17-Elect./C/TRD/MB/130-R दिनांक: 13.07.2023 2172/2023

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

**सम्पादकीय**

## एक और बड़ी उड़ान

अंतरिक्ष की उड़ान की दिशा में भारतीय वैज्ञानिकों ने एक और मील का पत्थर स्थापित कर दिया है। हालांकि अभी अंतिम परिणामों को लेकर उत्साह बना हुआ है लेकिन भारत के इस मिशन पर पूरी दुनिया की नजरें टिकी हुई है। भारतीय वैज्ञानिकों ने श्रीहरिकोटा से चंद्रयान-3 को एलवीएम ३ से सफलतापूर्वक लॉन्च कर दिया। यह मिशन इस बात को लेकर भी खास मायने रखता है जिसमें चंद्रयान-3 चांद के उस हिस्से पर उतर सकता है जहां अभी तक किसी भी देश के पैर नहीं पड़े हैं। लगभग 40 दिन बाद यह चंद्रयान अपनी मंजिल तक पहुंचेगा लेकिन अभी भी कई बड़ी चुनौतियां इसकी पूर्ण सफलता के आगे खड़ी हैं। हालांकि सभी तकनीकी बातों पर वैज्ञानिक नजर रखे हुए हैं। चंद्रयान पृथ्वी की कक्षा में पहुंच चुका है और यह 22 दिन तक परिक्रमा करेगा और मैन्युवर्स के जरिए छह ऑर्बिट तक का दायरा भी बढ़ाता रहेगा। मतलब चंद्रयान की रफ्तार बढ़ाकर उसे पृथ्वी की कक्षा से दूर किया जाएगा। इसके बाद पृथ्वी की कक्षा से इसे चांद की कक्षा के लिए ट्रांसफर किया जाएगा। यह एक कठिन प्रक्रिया है और इसमें दूरी व गति के बीच समन्वय बनाए रखना काफी जरूरी है। चंद्रयान की गति पर नियंत्रण बहुत जरूरी है और अपने लक्ष्य तक पहुंचने के दौरान यदि गति नियंत्रण में ना रही तो मिशन प्रभावित हो सकता है। लक्ष्य को निर्धारित स्थान तक पहुंचाने के लिए कैलकुलेशन ही एकमात्र विकल्प है क्योंकि स्पेस रॉकेट में जीपीएस कार्य नहीं करता। यह मिशन की सफलता का एक बेहद अहम हिस्सा है कि गणना बेहद सटीक हो और चंद्रयान अपने लक्ष्य पर निर्धारित स्थल पर ही उतरे। चांद की कक्षा में दाखिल होने के बाद चंद्रयान का हिस्सा प्रोपल्शन मॉड्यूल से लैंडर अलग होगा। यह भी बेहद जटिल प्रक्रिया है और इसमें थोड़ी सी भी गड़बड़ी होने पर कंट्रोल रूम में बैठे वैज्ञानिक सुधार नहीं कर सकते। यानी कि सब कुछ पूर्व निर्धारित आंकलन के आधार पर ही तय है। इतना सब सफलतापूर्वक संपन्न होने के बाद चांद की सतह पर मुख्य भाग को उतारना सबसे जटिल कार्य है। चंद्रयान-2 में यह प्रक्रिया सफलतापूर्वक संपन्न नहीं हो पाई थी। हर अंतरिक्ष मिशन के पीछे वैज्ञानिकों की दिन-रात की मेहनत होती है और किसी भी मिशन की सफलता ना केवल वैज्ञानिकों की मेहनत को परिलक्षित करती है बल्कि देश भी गौरवान्वित होता है। चंद्रयान-2 की विफलता के बावजूद वैज्ञानिकों ने लक्ष्य को निर्धारित किया और एक बार फिर भारत कीर्तिमान बनाने की दिशा में निकल पड़ा है। पूरा विश्व भारत के इस मिशन पर आंखें गड़ाए बैठा है, और जिस प्रकार से इस मिशन को पिछली विफलता के बाद पूरे मनोयोग से लांच किया गया है उससे इसकी सफलता और सुखद परिणाम की उम्मीद है बलवती हो जाती हैं। निश्चित तौर पर आने वाला समय भारत को अंतरिक्ष विज्ञान में एक स्थान दिलाने वाला है। सफलता और असफलता है किसी भी मिशन का एक अहम हिस्सा है लेकिन सबसे महत्वपूर्ण यह है कि असफलता के कारण लक्ष्य से पीछे ना हटा जाए और यही कार्य भारतीय वैज्ञानिकों ने करके दिखाया है।

# राजनीति की 'छोटी-छोटी दुकानों' के फायदे

**अजीत द्विवेदी**



**बिहार, उत्तर प्रदेश, झारखंड और राजस्थान की मिसाल देने का मकसद यह बताना है कि छोटी छोटी पार्टियां, जिनको ललन सिंह ने दुकान कहा था वो कितने फायदे में हैं। हर बड़ी पार्टी उनसे संपर्क कर रही है और अपने गठबंधन में शामिल होने का न्योता दे रही है। बड़ी पार्टियों के बड़े नेता उनसे मिल रहे हैं और उनकी ओर से की जाने वाली अनाप-शनाप मांगों पर विचार कर रहे हैं। पार्टियों में होड़ मची है कि किसकी गिनती ज्यादा होती है। पिछले दिनों संसद की नई इमारत का उद्घाटन हुआ तो 20 पार्टियों ने उस समारोह का बहिष्कार किया। इसके जवाब में कहा गया कि 30 से ज्यादा पार्टियों ने इसका समर्थन किया।**

बिहार में पिछले दिनों सत्तारूढ़ गठबंधन की एक पार्टी हिंदुस्तान आवाम मोर्चा अलग हुई और एनडीए में शामिल हो गई। पार्टी के नेता और बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री जीतन राम मांझी ने कहा कि जनता दल यू के नेता चाहते थे कि वे अपनी पार्टी का विलय उसमें कर दें। जनता दल यू के राष्ट्रीय अध्यक्ष राजीव रंजन उर्फ ललन सिंह ने इस बात को स्वीकार किया कि उन्होंने मांझी से कहा था कि 'छोटी छोटी दुकान चलाने का क्या फायदा, जदयू में विलय कर लीजिए। इसमें क्या बुराई है'। लेकिन मांझी अपनी 'छोटी दुकान' का विलय जनता दल यू में करने को राजी नहीं हुए और भाजपा के साथ चले गए। वैसे उन्होंने अपनी पार्टी का गठन जदयू से अलग होकर ही किया था। 2014 के लोकसभा चुनाव में मिली हार के बाद नीतीश कुमार ने मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा दे दिया था और मांझी को मुख्यमंत्री बनाया था। बाद में जब नीतीश ने मांझी को हटाया तो उन्होंने अलग पार्टी बना ली। उनकी पार्टी के चार विधायक हैं और नीतीश की सरकार में एक मंत्री पद भी मिला हुआ था। ललन सिंह ने मांझी की जिस पार्टी को 'छोटी दुकान' कहा उसका फायदा यह है कि पिछले लोकसभा चुनाव में राष्ट्रीय जनता दल ने उसे लोकसभा की तीन सीटें दी थीं और कहा जा रहा है कि इस बार भारतीय जनता पार्टी भी उसे एक लोकसभा सीट देगी।

लोकसभा सीट का फैसला तो बाद में होगा लेकिन 18 जुलाई को भाजपा के नेतृत्व वाली एनडीए की बैठक दिल्ली में होने वाली है, जिसमें जीतन राम मांझी भी शामिल होंगे। वे जब महागठबंधन से अलग हुए तो दिल्ली में अमित शाह से उनकी मुलाकात हुई और वे एनडीए में शामिल हुए। इसके तुरंत बाद उनके बेटे संतोष मांझी को केंद्र सरकार ने वाई प्लस श्रेणी की सुरक्षा मुहैया करा दी। सोचें, इस 'छोटी दुकान' के कितने फायदे हैं? बिहार में ऐसी कई 'छोटी दुकानें' हैं और उन्हें चलाने वाले कहीं न कहीं से बड़ा फायदा ले रहे हैं। बिहार के सत्तारूढ़ गठबंधन से अलग होकर उपेंद्र कुशवाहा ने राष्ट्रीय लोक जनता दल बना लिया है। वे भी 18 जुलाई को एनडीए की बैठक में शामिल होंगे और उनको लोकसभा की दो सीटें मिलने की चर्चा है। गठबंधन से अलग होते ही केंद्र सरकार ने उनको जेड श्रेणी की सुरक्षा दे दी थी। रामविलास पासवान की छोटी सी पार्टी दो अलग अलग पार्टियों में बंट गई है। एक पार्टी के नेता पशुपति पारस केंद्र सरकार में मंत्री हैं और दूसरे के नेता चिराग पासवान जल्दी ही केंद्र में मंत्री बनने वाले हैं। बिहार की एक और 'छोटी दुकान' मुकेश सहनी की है। हालांकि उनकी विकासशील इंसान पार्टी के तीनों विधायकों को भाजपा ने अपने में मिला कर उनकी दुकान पर ताला लगा दिया था लेकिन अब फिर भाजपा ही उनका ताला खोलने वाली है। बताया जा रहा है कि वे भी एनडीए में शामिल हो रहे हैं और उनको भी लोकसभा की एक सीट मिलेगी।

ऐसी 'छोटी छोटी दुकानों' की कहानी सिर्फ बिहार की नहीं है। उत्तर प्रदेश में जितनी भी छोटी पार्टियां हैं सबके दिन फिरने वाले हैं। अपना दल का पहले से भाजपा से तालमेल है और उसके दो सांसद हैं, जिनमें से एक अनुप्रिया पटेल केंद्र में मंत्री हैं। संजय निषाद की पार्टी भी भाजपा के साथ है और उनके बेटे प्रवीण निषाद सांसद हैं। सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी के साथ भी भाजपा का तालमेल होने वाला है और कहा जा रहा है कि उसके नेता ओमप्रकाश राजभर के बेटे को भाजपा लोकसभा की टिकट दे सकती है। राष्ट्रीय लोकदल अभी समाजवादी पार्टी के साथ है लेकिन उसके साथ भी भाजपा का तालमेल होने की चर्चा है। झारखंड में पिछले चुनाव में भाजपा ने सुदेश महतो की आजसू को लोकसभा की एक सीट दी थी तो राजस्थान में हनुमान बेनीवाल की राष्ट्रीय लोकतांत्रिक पार्टी को भी एक सीट दी थी। इस तरह से अगर देश भर की ऐसी छोटी छोटी पार्टियों की सूची बनाई जाए, जिनके साथ भाजपा, कांग्रेस या प्रदेश की बड़ी पार्टियों ने तालमेल किया था या आगे करेंगी तो वह सूची बहुत लंबी हो जाएगी।

बिहार, उत्तर प्रदेश, झारखंड और राजस्थान की मिसाल देने का मकसद यह बताना है कि छोटी छोटी पार्टियां, जिनको ललन सिंह ने दुकान कहा था वो कितने फायदे में हैं। हर बड़ी पार्टी उनसे संपर्क कर रही है और अपने गठबंधन में शामिल होने का न्योता दे रही है। बड़ी पार्टियों के बड़े नेता उनसे मिल रहे हैं और उनकी ओर से की जाने वाली अनाप-शनाप मांगों पर विचार कर रहे हैं। पार्टियों में होड़ मची है कि किसकी गिनती ज्यादा होती है। पिछले दिनों संसद की नई इमारत का उद्घाटन हुआ तो 20 पार्टियों ने उस समारोह का बहिष्कार किया। इसके जवाब में कहा गया कि 30 से ज्यादा पार्टियों ने इसका समर्थन किया। सो, गठबंधन की ताकत दिखाने के लिए पार्टियों की गिनती कराई जा रही है। विपक्षी पार्टियों के एकजुट होने की कवायद से आशंकित भाजपा भी उसी तरह की कोशिश में जुट गई है। सारी प्रादेशिक पार्टियों के खत्म हो जाने की भविष्यवाणी करने वाली भाजपा हर राज्य में छोटी छोटी पार्टियों को साथ लेकर उनको जीवनदान दे रही है।

छोटी पार्टियों को सिर्फ इतना फायदा नहीं है कि उनकी पूछ बढ़ी है और किसी न किसी गठबंधन की ओर से उनको न्योता मिल रहा है और उनके नेताओं को वाई या जेड श्रेणी की सुरक्षा मिल रही है। उनको और भी कई फायदे हैं। अगर वे भाजपा के नेतृत्व वाले गठबंधन में चली जाती हैं तो तमाम केंद्रीय एजेंसियों की कार्रवाई से राहत मिल सकती है। अगर पहले से कार्रवाई नहीं चल रही है तो आगे कार्रवाई नहीं होने की गारंटी होगी और अगर चल रही है तो राहत की गारंटी होगी।

अभी महाराष्ट्र में एनसीपी के नेता अजित पवार और उनके साथ राज्य सरकार में मंत्री बने नेता इसकी मिसाल हैं। अजित पवार सहित नौ मंत्रियों में से कम से कम चार के खिलाफ मामले चल रहे हैं। छोटी दुकान चलाने का एक फायदा यह भी है कि उसको मिलने वाले चंदे पर आयकर नहीं लगता है। यहां तक कि विदेश से मिलने वाले चंदे का भी हिसाब नहीं देना होता है। सो, चंदा देकर काले धन को सफेद बनाने का खेल भी चलता रहता है। भारत में इस समय छह राष्ट्रीय पार्टियां हैं और 54 राज्यस्तरीय मान्यता प्राप्त पार्टियां हैं। इनके अलावा 2,597 बिना मान्यता वाली पंजीकृत पार्टियां हैं। इनमें से 90 फीसदी के करीब पार्टियां ऐसी हैं, जिनका कोई सांसद या विधायक नहीं जीता है। बहुत सी पार्टियां ऐसी हैं, जो कभी चुनाव नहीं लड़ती हैं। फिर भी ये पार्टियां हैं, इनके नाम हैं, झंडे हैं, कार्यालय है और चंदा भी मिलता है तो वह बिना मतलब के तो नहीं होगा!

## उम्मीद और जमीनी हकीकत

अहम सवाल है कि अगर भारत निवेशकों की पहली पसंद बना हुआ है, तो असल में भारत में प्रत्यक्ष विदेशी निवेश बढ़ क्यों नहीं रहा है? एक ताजा रिपोर्ट के मुताबिक वित्त वर्ष 2022-23 में एफडीआई में 22 प्रतिशत की गिरावट आई।यह रिपोर्ट फिर सुर्खियों में है कि निवेश करने के लिए भारत दुनिया की सबसे पहली पसंद बना हुआ है। इन्वेस्को नामक संस्था ने केंद्रीय बैंकों और वेल्थ फंड्स के सर्वे के आधार पर यह रिपोर्ट तैयार की है। और चूंकि इस दौर में भारतीय मीडिया में सकारात्मक खबरों की खूब मांग है, तो उसमें इस रिपोर्ट को खूब जगह भी मिली है। लेकिन अहम सवाल है कि अगर भारत पहली पसंद बना हुआ है, तो असल में भारत में प्रत्यक्ष विदेशी निवेश बढ़ क्यों नहीं रहा है? एक ताजा रिपोर्ट के मुताबिक वित्त वर्ष 2022-23 में एफडीआई में 22 प्रतिशत की गिरावट आई। जबकि यह वो वर्ष रहा, जब ह चीन से हट रहे निवेशकों के हटने की खबरें लगातार आती रहीं। इस ट्रेंड को चाइना+वन कहा जा रहा है। यानी निवेशक चीन से पूरी तरह नहीं हट रहे हैं, लेकिन वे अपने निवेश का एक हिस्सा किसी अन्य देश में ले जा रहे हैं। अब खबर है कि इस ट्रेंड का सबसे ज्यादा वियतनाम उठा ले गया है।इस बीच भारत के इलेक्ट्रॉनिक हब बनने का भी खूब शोर है। मगर यह भी अभी उम्मीदों के दायरे में ही है। असलियत यह है कि इलेक्ट्रॉनिक निर्यात की ताजा रैंकिंग में भारत 26वें नंबर पर है। यानी इस मामले में वह चीन, दक्षिण कोरिया और वियतनाम से तो पीछे है ही, मलेशिया, मेक्सिको, थाईलैंड और फिलीपीन्स भी उससे आगे हैं। इसलिए मैनुफैक्चरिंग के लिहाज से उपरोक्त रिपोर्ट को बहुत वजन नहीं देया जा सकता। बहरहाल, ये सर्वे जिन इकाइयों के बीच उनकी प्राथमिकता संभवतः अलग है। यह हकीकत है कि शेयर कारोबार के मामले में भारत एक हॉट स्पॉट बना हुआ है। इन्वेस्को की स्टडी में 57 केंद्रीय बैंकों और 85 सरकारी निवेश फंड शामिल हुए।

# थाईलैंड कगार पर, लोकतंत्र लौटेगा या...

**सन् 2020 से इस कानून का उपयोग बच्चों सहित 250 से अधिक लोगों के विरूद्ध किया गया है। उस साल लंबे समय से चली रही इस धारणा को चुनौती देते हुए युवाओं के नेतृत्व में जबरदस्त आंदोलन हुआ था कि राजवंश पूजनीय है और उस पर सवाल नहीं उठाए जाने चाहिए। स्थानीय मीडिया में आ रही खबरों के अनुसार पीटा कुछ सीनेटरों को अपनी पार्टी का समर्थन करने के लिए राजी करने में सफल हो गए हैं, लेकिन कई सीनेटर अभी भी उनके खिलाफ हैं। कई सीनेटर इस कानून में किसी भी बदलाव के खिलाफ हैं क्योंकि उनका मानना है कि राजवंश की आलोचना राष्ट्रहित में नहीं है और सजा की अवधि घटाने से देश में और अधिक अव्यवस्था उत्पन्न होगी। और गुरूवार का मतदान ही पीटा के समक्ष एकमात्र चुनौती नहीं है।**

**श्रुति व्यास**

थाईलैंड के प्रधानमंत्री प्रयुथ चान-ओ-चा ने राजनीति से सन्यास लेने की घोषणा की है। प्रयुथ चान-ओ-चा पूर्व सैनिक जनरल हैं और सन् 2014 में सैनिक विद्रोह के बाद सत्ता पर काबिज हुए थे। उनके नेतृत्व में ही कार्यकर्ताओं और राजनीतिक विरोधियों को गिरफ्तार किया गया। मीडिया पर सेन्सरशिप लागू हुई। बाद में सन् 2019 में संसद ने उन्हें प्रधानमंत्री नियुक्त किया।

किंतु इस साल मई में उनकी पार्टी को अपमानजनक हार का सामना करना पड़ा। उनकी पार्टी पांचवे नंबर पर रही झ्र उस नवोदित विपक्षी पार्टी से भी काफी पीछे जिसने सेना को राजनीति से दूर करने का वायदा किया था। राजपरिवार के कट्टर समर्थक और रूढ़िवादी इस नेता ने इस्तीफे की घोषणा करते हुए अपने वक्तव्य में कहा है कि उन्होंने अपनी "प्यारी जनता के हितों की खातिर राष्ट्र, धर्म और राजशाही के संरक्षण के लिए कड़ी मेहनत की" ।उनकी सेवानिवृत्ति थाईलैंड की संसद के नए प्रधानमंत्री चुनने के लिए जुटने की घोषणा के बाद हुई। भले ही प्रयुथ पीछे हट रहे हों परन्तु विश्लेषकों का कहना है कि जो अलोकतांत्रिक ढांचा उनके शासनकाल में खड़ा किया गया वह जैसे का तैसा है। थाईलैंड के चुनाव संबंधी कानूनों के अनुसार मूव फारवर्ड पार्टी के नेता पीटा लिमजारोईनरा को निचले सदन के 500 निर्वाचित सांसदों और सीनेट के 250 सदस्यों के बहुमत का समर्थन हासिल करना होगा। सीनेट के सदस्य पिछले तख्तापलट के बाद सेना द्वारा नियुक्त किए गए थे और यह साफ नहीं है कि वे पीटा का समर्थन करेंगे यह नहीं, जिनकी पार्टी मई में हुए चुनाव में पहले नंबर पर पर रही थी।

पीटा लिमजारोईनरा, जो 42 साल के हैं, हार्वर्ड में पढ़े हैं और आईटी टेकी हैं। उन्हें पढ़े-लिखे शहरियों का जबरदस्त समर्थन मिला। उनकी मूव फारवर्ड पार्टी ने राजधानी बैंकाक में लगभग पूरी जीत हासिल की और राष्ट्रीय स्तर पर भी चुनाव जीता। उनकी पार्टी की निर्णायक जीत की प्रशंसा और सराहना हुई। आखिर उसका गठन सन् 2020 में ही तो हुआ था।

गुरूवार को थाईलैंड की संसद इस महत्वपूर्ण मुद्दे पर निर्णय लेने के लिए मतदान करेगी कि क्या सैनिक विद्रोह के जरिए सत्ता पर काबिज होकर दस सालों तक राज करने वाले पूर्व सैन्य जनरल के बाद देश के सबसे लोकप्रिय और प्रगतिशील दल के नेता को सत्ता सौंपी जाए या नहीं? यदि पीटा को पर्याप्त वोट नहीं मिले तो राजनीतिक गतिरोध और उनके समर्थकों के विरोध प्रदर्शनों की स्थिति बन जाएगी। और स्थानीय मीडिया की खबरों के अनुसार ऐसा होने पर, मतदान के दौरान लोगों को विरोध प्रदर्शन के लिए संसद के नजदीक निर्धारित स्थान उपलब्ध कराया जाएगा।

इस बीच पीटा बहुमत और प्रधानमंत्री पद हासिल करने के लिए प्रयासरत हैं। उन्होंने सीनेटरों से जनता की इच्छा का सम्मान करने की अपील की है। हाल में जनसमूह को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि वे सीनेटरों से आग्रह कर रहे हैं कि लोकतंत्र के पक्ष में मत दें ताकि आगे बढ़ा जा सके। पीटा की मुख्य समस्या यह है कि वे उस कानून में सुधार करना चाहते हैं जिसके अंतर्गत राजशाही की आलोचना करने पर 15 साल तक जेल की सजा हो सकती है। मज़े की बात यह है कि उनकी जीत में उनके वायदे की प्रमुख भूमिका है।

सन् 2020 से इस कानून का उपयोग बच्चों सहित 250 से अधिक लोगों के विरूद्ध किया गया है। उस साल लंबे समय से चली रही इस धारणा को चुनौती देते हुए युवाओं के नेतृत्व में जबरदस्त आंदोलन हुआ था कि राजवंश पूजनीय है और उस पर सवाल नहीं उठाए जाने चाहिए। स्थानीय मीडिया में आ रही खबरों के अनुसार पीटा कुछ सीनेटरों को अपनी पार्टी का समर्थन करने के लिए राजी करने में सफल हो गए हैं, लेकिन कई सीनेटर अभी भी उनके खिलाफ हैं।

कई सीनेटर इस कानून में किसी भी बदलाव के खिलाफ हैं क्योंकि उनका मानना है कि राजवंश की आलोचना राष्ट्रहित में नहीं है और सजा की अवधि घटाने से देश में और अधिक अव्यवस्था उत्पन्न होगी। और गुरूवार का मतदान ही पीटा के समक्ष एकमात्र चुनौती नहीं है। उनके एक रूढिवादी विरोधी ने उनके खिलाफ एक न्यायिक प्रकरण दायर किया है जिसके कारण उन पर जेल की सजा या राजनीति में भाग लेने पर प्रतिबंध की तलवार भी लटक रही है।

पीटा की लोकप्रियता संदेह के परे है। उन्हें पूरे देश के सभी आयु समूहों के लोगों का समर्थन हासिल है। विश्लेषकों का मानना है कि अगर उनके खिलाफ कुछ भी होता है, तो उसके विरोध में थाईलैंड की सडकों पर तूफानी प्रदर्शन होंगे। कुल मिलाकर थाईलैंड में काफी अनिश्चितत की स्थिति है, और या तो देश आगे बढ़ेगा या फिर अराजकता में फसंकर पीछे जाएगा।

# मानसून में गीले कपड़े सुखाने के लिए अपनाएं ये 5 टिप्स



मानसून में नमी का स्तर बढने के साथ-साथ कई दिनों तक धूप नहीं निकलती है। ऐसे में अगर कपड़े ढंग से नहीं सूखते हैं तो उनमें से बदबू आने या फफूंद लगने जैसी समस्याएं सामने आ सकती हैं। वैसे कुछ लोग वॉशिंग मशीन ड्रायर की मदद से कपड़े सुखाकर इस समस्या से छुटकारा पा लेते हैं, लेकिन जिनके पास ड्रायर नहीं है, उनके लिए मानसून में कपड़े सुखाना मुश्किल हो जाता है। आइए इसके लिए कुछ टिप्स जानते हैं।

**एक साथ ज्यादा कपड़े धोने से बचें**

जिन लोगों के पास वॉशिंग मशीन है या फिर समय की कमी है, वे एक साथ कपड़े धोना सही समझते हैं, लेकिन मानसून में ऐसा करने से बचें। इससे आपको न सिर्फ कपड़ों को सुखाने में, बल्कि उन्हें रस्सियों पर फैलाने में भी दिक्कत आ सकती है। इसके अतिरिक्त अगर आप इन कपड़ों को कमरों में फैलाते हैं तो इससे पूरा कमरा बिखरा-बिखरा लगता है, इसलिए अपने रोजाना के पहने गए कपड़ों को धोएं ताकि उन्हें सुखाना आसान हो।

**अच्छे से निचोड़े कपड़े**

अगर आप हाथ से कपडों को धोते हैं तो उन्हें सुखाने से पहले अच्छी तरह से निचोड़ें क्योंकि उनमें पानी रह गया तो उन्हें सूखने में काफी समय लग सकता है। जैसे कि अगर आप कोई चादर या फिर बड़ा कपड़ा धो रहे हैं तो परिवार के किसी सदस्य को एक कोना पकड़ाएं और आप दूसरे कोने को पकडक़र इसे अच्छी तरह निचोड़ दें। इसके बाद इसे रस्सी पर सही से फैला दें।

**स्टैंड का करें इस्तेमाल**

स्टैंड की मदद से आप मानसून के दौरान गीले कपड़ों को आसानी से सुखा सकते हैं। दरअसल, इसे घर के अंदर किसी भी कमरे में रखा जा सकता है और इसमें कपड़ों को टांगकर पंखे के नीचे आसानी से सुखाया जा सकता है। बस जब भी आपको लगे कि धूप निकलने की कोई संभावना नहीं है तो कपड़े धोने के बाद उन्हें कपड़े के स्टैंड पर लटका दें ताकि यह पूरी तरह से सूख जाएं।

**हीटर का करें इस्तेमाल**

आमतौर पर हीटर का इस्तेमाल कमरे की ठंडक को दूर करने के लिए किया जाता है, लेकिन जब बारिश में कपड़े सुखाने हों तो भी आप इसका इस्तेमाल कर सकते हैं। इसके इस्तेमाल से कमरे में सुखाए गए कपड़ों में बची हुई नमी कम हो जाएगी। अगर आपकी कोई जींस या फिर कोई भी मोटा कपड़ा कहीं से गीला रहा गया है तो एक कमरे में हीटर चालू करें और उसके आगे गीले कपड़ों को फैला दें।

**लाइन ड्राइंग है बेहतर तरीका**

जब आपको लगे कि बारिश नहीं आने वाली है तो लाइन ड्राइंग कपड़े सुखाने का एक आसान तरीका है। इसके लिए पहले एक खुले मैदान (जो भी आपके घर के पास मौजूद हो) में कुछ रस्सियों को कसकर बांधें और इनका इस्तेमाल कपड़ों को सुखाने के लिए करें। इस तरह कपड़ों को न सिर्फ सही से जगह मिलती है, बल्कि वे अच्छी तरह सूख भी जाते हैं। मानसून में कपड़ों की दुर्गंध दूर करने के लिए इन तरीकों को अपनाएं।

## यूसीसी की स्थिति अनुच्छेद 370 जैसी

समान नागरिक संहिता का बिल अभी नहीं आया है। अभी विधि आयोग लोगों की राय ले रहा है लेकिन कहा जा रहा है कि संसद के मॉनसून सत्र में बिल पेश हो सकता है। संसद की स्थायी समिति ने इस पर विचार किया है और उत्तराखंड में बनी जस्टिस रंजना प्रकाश देसाई की कमेटी भी जल्दी ही अपनी रिपोर्ट सरकार को देने वाली है। बताया जा रहा है कि इस रिपोर्ट को आधार बना कर केंद्र सरकार बिल तैयार कर सकती है। बहरहाल, जैसे भी हो लेकिन विधि आयोग की पहल और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की ओर से इसकी वकालत किए जाने के बाद यह तय माना जा रहा है कि इसका बिल आएगा। सभी पार्टियों ने अभी से इस पर अपनी स्थिति भी स्पष्ट करनी शुरू कर दी है।

ऐसा लग रहा है कि यह बिल अनुच्छेद 370 हटाने जैसा साबित होगा, जिसका कोई पार्टी विरोध नहीं कर पाएगी। अगर लेफ्ट या मुस्लिम लीग और एमआईएम जैसी कोई पार्टी विरोध करती है तो ऐसी पार्टियों की संख्या गिनी चुनी होगी और विरोध करने वाले सांसदों की संख्या दहाई में भी बड़ी मुश्किल से पहुंचेगी। ध्यान रहे अनुच्छेद 370 पर पार्टियों ने भाषण चाहे जैसा दिया हो लेकिन किसी ने विरोध में वोट नहीं किया। उसी तरह समान नागरिक संहिता के मामले में हो रहा है। अगर विपक्षी पार्टियों की बात करें तो आम आदमी पार्टी ने इसका समर्थन कर दिया है। शिव सेना के उद्धव ठाकरे गुट ने भी इसका समर्थन किया है और बहुजन समाज पार्टी की नेता मायावती ने भी इसका समर्थन कर दिया है। जदयू नेता नीतीश कुमार ने इस पर सवाल को टाल दिया लेकिन वे भी विरोध नहीं करेंगे। सो, धीरे धीरे ज्यादातर पार्टियां समर्थन में आ जाएंगी या वोटिंग के समय गैरहाजिर रहेंगी। बिल राज्यसभा में भी ध्वनि मत से पास हो सकता है।

## धुआं–धुआं हुई चेन्नई–बेंगलुरु एक्सप्रेस, यात्रियों में मची अफरा–तफरी

**अमरावती, एजेंसी।** आंध्र प्रदेश के चित्तूर जिले में चेन्नई–बेंगलुरु डबल डेकर एक्सप्रेस में धुआं निकलने से यात्रियों में दहशत फैल गई। घटना गुरुवार की है। एक कोच से धुआं निकलने से यात्रियों में अफरा तफरी मच गई। धुआं देख एस6 कोच के यात्रियों ने चेन खींची और नीचे उतर गये। यह घटना चित्तूर जिले के कुप्पम शहर के पास हुई। रेलवे अधिकारियों के मुताबिक, ट्रेन के गुडियाट्टम रेलवे स्टेशन से गुजरने के कुछ मिनट बाद धुआं देखा गया। अधिकारियों ने कहा कि धुआं ब्रेक जाम के कारण था। घटना में किसी को कुछ नहीं हुआ।

ट्रेन रुकते ही रेलवे स्टाफ ने 12 मिनट के अंदर ब्रेक में आई खराबी को दुरुस्त कर लिया। ठीक 12 मिनट बाद ट्रेन बेंगलुरु के लिए रवाना हो गई। इसलिए चेन्नई–बेंगलुरु एक्सप्रेस डबल डेकर ट्रेन आज 12 मिनट की देरी से चली।

## बिहार में नसबंदी के बाद महिला गर्भवती, विभाग ने जांच की कही बात

**जमुई, एजेंसी।** बिहार के जमुई जिले के झाझा प्रखंड में नसबंदी के बाद गर्भवती होने का मामला सामने आया है। अब स्वास्थ्य विभाग इसकी जांच कर उचित कारवाई करने की बात कर रहा है। विभाग का कहना है कि इसकी जांच एक कमेटी करेगी। यह मामला छापा पंचायत के कोडवाडीह के रहने वाली रेखा देवी का है। रेखा देवी पहले से ही दो पुत्र और दो पुत्री की मां है। बीते वर्ष17 नवम्बर को रेफरल अस्पताल में स्वास्थ्य विभाग की ओर से परिवार नियोजन को लेकर शिविर लगाया था। इसमें रेखा देवी ने बंध्याकरण ऑपरेशन करवाया और उसके बाद वह अपने घर चली गईं थी। महिला को बीते दो माह के बाद पता चला कि वह फिर से गर्भवती हो गई। महिला ने अल्ट्रासाउंड भी करवाई, इसमें दो माह की गर्भवती होने की बात सामने आई। महिला अपने पति के साथ अल्ट्रासाउंड की रिपोर्ट लेकर अब स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों से गुहार लगा रही है।

## 13वें दिन 16 हजार से अधिक लोगों ने की अमरनाथ यात्रा

**श्रीनगर, एजेंसी।** अमरनाथ यात्रा के 13वें दिन 16 हजार से अधिक तीर्थयात्रियों ने गुफा मंदिर में पवित्र शिवलिंग के दर्शन किए, जबकि 7,245 भक्तों का एक और जत्था शुक्रवार को जम्मू से कश्मीर घाटी के लिए रवाना हुआ। अधिकारियों ने बताया कि एक जुलाई को वार्षिक तीर्थयात्रा शुरू होने के बाद से अब तक लगभग 1.62 लाख तीर्थयात्री पवित्र गुफा मंदिर के दर्शन कर चुके हैं। 7,245 श्रद्धालुओं का एक और जत्था शुक्रवार सुबह जम्मू के भगवती नगर यात्री निवास से एक सुरक्षा काफिले में घाटी के लिए रवाना हुआ। अधिकारियों ने कहा, 3,144 तीर्थयात्री बालटाल आधार शिविर जा रहे हैं, जबकि 4101 पहलगाम आधार शिविर जा रहे हैं। अब तक प्राकृतिक कारणों से यात्रा में 19 लोगों की मौत हो चुकी है। यात्री पारंपरिक दक्षिण कश्मीर पहलगाम मार्ग से हिमालय गुफा मंदिर तक पहुंचते हैं।

## बेंगलुरु में एक हिट एंड रन केस में दो लोगों की मौत

**बेंगलुरु , एजेंसी।** बेंगलुरु के बाहरी इलाके अनेकल शहर के पास शुक्रवार को एक ट्रक की चपेट में आने से बाइक सवार दो लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस ने ट्रक चालक की तलाश शुरू कर दी है, जो अट्टीबेले के पास होसुर रोड पर हुई दुर्घटना के बाद भाग निकला। मृतकों में से एक की पहचान 32 वर्षीय मंजप्पा के रूप में की गई, जबकि दूसरे मृतक की पहचान अभी नहीं हो पाई है।

# दिल्ली में यमुना का कहर, आईटीओ–राजघाट की सड़कें जलमग्न; सुप्रीम कोर्ट तक पहुंचा पानी

**नई दिल्ली, एजेंसी।** यमुना के जलस्तर में रिकॉर्डतोड़ बढ़ोतरी ने दिल्लीवालों की मुश्किलों को बढ़ा दिया है। भले ही जलस्तर अब कम हो रहा है, लेकिन संकट अभी भी बरकरार है। भारी बारिश के बाद दिल्ली में यमुना खतरे के निशान से ऊपर बह रही है। नदी का उफान बरकरार है। यमुना का जलस्तर बढ़ने से कई इलाकों में हालात बिगड़ गए हैं। निचले इलाकों के लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया जा रहा है।



यमुना दौरे पर दिल्ली के उपराज्यपाल वीके सक्सेना ने आईटीओ सहित विभिन्न जगहों पर यमुना का दौरा किया। इस दौरान उपराज्यपाल ने बताया कि दिल्ली में बाढ़ के हालात से निपटने के लिए सेना, एनडीआरएफ, दिल्ली जल बोर्ड, सिंचाई एवं बाढ़ विभाग सहित दिल्ली सरकार के अन्य विभाग मिलकर युद्ध स्तर पर काम कर रहे हैं। जलभराव ने राजघाट को बनाया स्विमिंग पुल। राजघाट महात्मा गांधी की समाधि के सामने लगभग 6 से 7 फुट तक आ गया पानी जिसमें लोगों ने तैराकी शुरू कर दी। आईएसबीटी चौक में भरा पानी। आज भी कश्मीरी गेट में अंतरराज्यीय बस सेवा ठप। दिल्ली यातायात पुलिस ने एक ट्वीट में जानकारी दी कि शांति वन से गीता कॉलोनी फ्लाईओवर की ओर और गीता कॉलोनी फ्लाईओवर से राजघाट और आईएसबीटी, कश्मीरी गेट की ओर यातायात की आवाजाही प्रतिबंधित है।

दिल्ली में शुक्रवार को यमुना नदी के घटते जल स्तर के बीच कई हिस्से जलभराव और बाढ़ का सामना कर रहे हैं, जिससे यातायात प्रभावित हो रहा है। यात्रियों को आईटीओ रोड पर पानी के बीच अपनी मोटरसाइकिलें धकेलते देखा गया, जबकि दिल्ली में सराय काले खां टी–जंक्शन के पास एनएच–24 पर भारी ट्रैफिक जाम देखा गया।

दिल्ली सीएम अरविंद केजरीवाल ने कहा कि यमुना में बढ़े जलस्तर से डीजेबी का इंद्रप्रस्थ रेगुलेटर टूट गया था जिसे ठीक करने का काम रात–भर चला। अभी मैंने भी वहां का दौरा किया। उम्मीद है कि अगले चार से पांच घंटे में इसे ठीक कर लिया जाएगा। सरकार, एनडीआरएफ और आर्मी की टीमें पूरी मेहनत से काम कर रही हैं। हमारी कोशिश है कि पानी शहर के अंदर नहीं घुसना चाहिए।

यमुना में बढ़े जलस्तर से ऊखइ का इंद्रप्रस्थ रेगुलेटर टूट गया था जिसे ठीक करने का काम रात–भर चला। अभी मैंने भी वहाँ का दौरा किया। उम्मीद है कि अगले 4–5 घंटे में इसे ठीक कर लिया जाएगा। सरकार, ठऊफ और आर्मी की टीमें पूरी मेहनत से काम कर रही है।

दिल्ली के स्पेशल सीपी, ट्रैफिक, सुरेंद्र सिंह यादव ने शहर में बाढ़ की स्थिति पर बात की और स्थिति से निपटने के लिए प्रबंधन द्वारा उठाए जा रहे कदमों की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि दिल्ली के सभी इलाकों में 4,500 पुलिस की तैनाती की गई है। कावड़ियों की गतिविधियों पर भी नजर रखी जा रही है। कश्मीरी गेट जैसे इलाकों में जलस्तर में कमी देखी गई है। लेकिन वजीराबाद की ओर रिंग रोड इलाके में अभी भी पानी भरा हुआ है। हम कोशिश कर रहे हैं शाम तक भैरों मार्ग खोल दिया जाएगा। एनएच 44 पर यातायात देखा जा सकता है।

दिल्ली का जलभराव कांवड़ियों के लिए भी मुसीबत बन गया है। कांवड़ियों को आईटीओ के सामने जलभराव से होकर गुजरना पड़ रहा है। दिल्ली में पानी की कटौती पर दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने कहा कि बाढ़ आने की वजह से यमुना का पानी पंप रूम, मशीन में आ गया है। अगर हम प्लांट को चलाएंगे तो उनमें करंट आएगा। जब तक पानी का स्तर कम नहीं होगा और पानी के स्तर कम होने के 24 घंटे बाद भी हम मशीन नहीं चला सकते क्योंकि मशीनों को सुखाने में भी समय लगेगा। आईटीओ के पास ड्रेन रेगुलेटर टूटने के कारण दिल्ली में पानी घुस रहा है। स्थिति का जायजा लेने के लिए मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल और उपराज्यपाल वीके सक्सेना वहां पहुंचे। इस दौरान आप मंत्री सौरभ भारद्वाज ने अधिकारियों पर सहयोग न करने का आरोप लगाया। मुख्यमंत्री के सामने सौरभ भारद्वाज ने एलजी से कहा कि रात में एनडीआरएफ नहीं दी गई, वर्ना सुबह तक सब ठीक हो जाता। तब, एलजी ने कहा कि दिल्ली के लिए मिलकर काम करने का वक्त। आरोपों पर जाएंगे, तो परेशान हो जाएंगे. हालात पर नजर है. राहत का काम किया जा रहा है। ये समय राजनीति का नहीं है। कहने के लिए मैं भी बहुत सारी चीजें कह सकता हूं। ये सारी चीजें बाद में हो सकती हैं।

आईटीओ के पास ड्रेन रेगुलेटर के टूटने के बाद स्थिति का जायजा लेने पहुंचे दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने कहा कि अलग–अलग कारणों से अलग–अलग इलाकों में पानी घुस गया। आईटीओ पर ड्रेन रेगुलेटर के टूटने के कारण, राजघाट पर नाले से पानी के बैकफ्लो के कारण और कई अन्य स्थानों पर ओवरफ्लो के कारण यमुना नदी का पानी शहर में घुस रहा है। लोगों को जल्द ही राहत मिलनी शुरू हो जाएगी, पानी धीरे–धीरे कम हो रहा है।

## पीएम मोदी ने फ्रांस में भी जमाई धाक, सर्वोच्च पुरस्कार पाने वाले पहले भारतीय प्रधानमंत्री बने

**नई दिल्ली एजेंसी,।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रॉन ने फ्रांस के सवोच्च पुरस्कार ग्रैंड क्रॉस ऑफ द लीजन ऑफ ऑनर से सम्मानित किया। वह यह सम्मान पाने वाले पहले भारतीय प्रधानमंत्री हैं। पुरस्कार समारोह पेरिस के एलिसी पैलेस में हुआ।



मोदी ने फ्रांस के राष्ट्रपति से मुलाकात के बाद ट्वीट किया, एलिसी पैलेस में मेरी मेजबानी करने के लिए राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों और मैक्रों को धन्यवाद। ग्रैंड क्रॉस ऑफ़ द लीजन ऑफ़ ऑनर सवोच्च फ्रांसीसी सम्मान है। अतीत में लीजन ऑफ ऑनर का ग्रैंड क्रॉस दुनिया भर के चुनिंदा प्रमुख नेताओं और प्रतिष्ठित हस्तियों ने प्राप्त किया है। इनमें दक्षिण अफ्रीका के दिवंगत राष्ट्रपति नेल्सन मंडेला, किंग चार्ल्स तृतीय, जर्मनी की पूर्व चांसलर एंजेला मर्केल, संयुक्त राष्ट्र के पूर्व महासचिव बुट्रोस बुट्रोस–घाली और कई अन्य शामिल हैं।

फ्रांस द्वारा दिया यह सम्मान पीएम मोदी को विभिन्न देशों द्वारा दिए गए शीर्ष अंतरराष्ट्रीय पुरस्कारों और सम्मानों की श्रृंखला में एक और सम्मान है। इनमें जून 2023 में मिस्र द्वारा 'ऑर्डर ऑफ द नाइल', मई 2023 में पापुआ न्यू गिनी द्वारा 'कंपेनियन ऑफ द ऑर्डर ऑफ लोगोहू', मई 2023 में फिजी द्वारा 'कंपेनियन ऑफ द ऑर्डर ऑफ फिजी', मई 2023 में पलाऊ गणराज्य द्वारा 'एबाकल' अवार्ड शामिल हैं। वर्ष 2021 में भूटान द्वारा 'ऑर्डर ऑफ द ड्रुक ग्यालपो', 2020 में अमेरिकी सरकार द्वारा 'लीजन ऑफ मेरिट', 2019 में बहरीन द्वारा 'किंग हमाद ऑर्डर ऑफ द रेनेसां', 2019 में मालदीव द्वारा 'ऑर्डर ऑफ द डिस्टिंग्विश्ड रूल ऑफ निशान इज्जुद्दीन', 2019 में रूस द्वारा 'ऑर्डर ऑफ सेंट एंड्र्यू' पुरस्कार , 2019 में यूएई द्वारा 'ऑर्डर ऑफ जायद' अवॉर्ड, 2018 में 'ग्रैंड कॉलर ऑफ द स्टेट ऑफ फिलिस्तीन' अवॉर्ड, 2016 में अफगानिस्तान द्वारा 'स्टेट ऑर्डर ऑफ गाजी अमीर अमानुल्लाह खान' और 2016 में सउदी अरब द्वारा 'ऑर्डर ऑफ अब्दुलअजीज अल सऊद' शामिल हैं।

## बांग्लादेश से लगी बिना बाड़ वाली सीमाओं का फायदा उठा रहे घुसपैठिए, तस्कर : त्रिपुरा के मुख्यमंत्री

**अगरतला, एजेंसी।** त्रिपुरा के मुख्यमंत्री माणिक साहा ने विधानसभा में कहा कि बांग्लादेश से घुसपैठिए बिना बाड़ वाले सीमावर्ती इलाकों से या सीमा की बाड़ काटकर त्रिपुरा में प्रवेश करने की कोशिश कर रहे हैं।साहा के पास गृह विभाग भी है, उन्होंने एक सार्वजनिक महत्व के नोटिस का जवाब देते हुए सदन को बताया कि त्रिपुरा के साथ 856 किलोमीटर लंबी भारत–बांग्लादेश सीमा में से 50 किलोमीटर हिस्से में सीमा रक्षकों की आपत्ति सहित विभिन्न कारणों से बांग्लादेश से लगी सीमा पर बाड़ नहीं लगाई जा सकी है। साहा ने कहा कि तस्कर और ड्रग तस्कर भी इन बिना बाड़ वाली सीमाओं के माध्यम से अपने अवैध व्यापार को अंजाम देने के लिए समान लाभ उठा रहे हैं।मुख्यमंत्री ने कहा कि त्रिपुरा में भारत–बांग्लादेश सीमा पर सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) की 18 बटालियन तैनात की गई हैं और राज्य पुलिस बीएसएफ के साथ समन्वय में घुसपैठ, तस्करी को रोकने के लिए सीमावर्ती गांवों में कड़ी निगरानी रख रही है। सीमा पार अपराध और अन्य अवैध गतिविधियां। उन्होंने कहा कि जनवरी 2021 से अब तक 235 बांग्लादेशी नागरिकों और रोहिंग्याओं को भारत में अवैध प्रवेश के आरोप में बीएसएफ और विभिन्न अन्य सुरक्षा बलों द्वारा त्रिपुरा में हिरासत में लिया गया है और इस संबंध में 35 मामले दर्ज किए गए हैं।मुख्यमंत्री ने विधायकों को बताया कि सरकार बांग्लादेश से घुसपैठ और नशीली दवाओं की तस्करी सहित किसी भी अवैध गतिविधियों के खिलाफ सीमा को सुरक्षित करने के लिए प्रतिबद्ध है।

## विधानसभा में भाजपा के जोरदार हंगामे के कारण सभा की कार्यवाही स्थगित

**पटना, एजेंसी।** बिहार विधानसभा के मॉनसून सत्र के अंतिम दिन भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के जोरदार हंगामे के कारण प्रश्नोत्तर काल नहीं हो सका और सभा की कार्यवाही तीन मिनट बाद ही दो बजे दिन तक के लिए स्थगित कर दी गई। विधानसभा में सभाध्यक्ष अवध बिहारी चौधरी के आसन ग्रहण करते ही भाजपा के सदस्य गुरुवार को विधानसभा मार्च के दौरान लाठीचार्ज और इसी दौरान पार्टी के एक कार्यकर्ता की हुई मौत के विरोध में हंगामा करने लगे। भाजपा के सदस्य मुंह पर काला कपड़ा बांधे हुए थे और सदन के बीच में आकर सरकार के खिलाफ नारे लगा रहे थे।सभा अध्यक्ष ने शोरगुल के बीच ही अल्प सूचित प्रश्न पूछने के लिए सदस्यों का नाम पुकारा। इसी दौरान भाजपा के विधायक संजय सिंह सदन के बीच में रखे रिपोर्टर्स टेबल पर चढ़ गए और नारे लगाने लगे।

# शिंदे सरकार में विभागों का बंटवारा, अजित पवार को वित्त मंत्रालय

**मुंबई, एजेंसी।** महाराष्ट्र में मंत्रिपरिषद का विस्तार आखिरकार कर दिया गया। मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे, उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस और अजित पवार के बीच कई दिनों से चल रही मैराथन बैठकों के बीच शुक्रवार को विभागों का बंटवारा कर दिया गया। मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के कार्यालय से जारी बयान के मुताबिक, अजित पवार के आठ सहयोगियों को भी विभाग आवंटित कर दिए गए हैं, जिन्होंने दो जुलाई को मंत्री के रूप में शपथ ली थी। राकांपा के नौ नेताओं के शामिल होने के बाद महाराष्ट्र सरकार में अब 29 कैबिनेट मंत्री हैं।




जानकारी के मुताबिक, अजित पवार को वित्त और योजना विभाग की जिम्मेदारी सौंपी गई है। छगल भुजबल को खाद्य और नागरिक आपूर्ति विभाग सौंपा गया है। दिलीप वाल्से पाटिल को सहकारिता, अदिति तटकरे को महिला और बाल विकास, धनंजय मुंडे को कृषि की जिम्मा दिया गया है।

इसके अलावा हसन मुशरीफ को स्वास्थ्य और शिक्षा मंत्रालय तथा अनिल पाटिल को राहत और पुनर्वास, आपदा प्रबंधन विभाग दिया गया है।

बता दें कि कृषि मंत्रालय पहले मुख्यमंत्री शिंदे के पास था। इसके अलावा भाजपा नेताओं के पास स्वास्थ्य, शिक्षा और खेल मंत्रालय थे। धर्मराव बाबा आत्राम को खाद्य एवं औषधि मंत्रालय और संजय बनसोडे को खेल और युवा कल्याण दिया गया है।

अदिति तटकरे के सरकार में शामिल होने के साथ पहली बार किसी महिला विधायक को एकनाथ शिंदे नीत सरकार में कैबिनेट मंत्री का पद मिला है। उद्धव ठाकरे नीत महा विकास आघाड़ी सरकार में तटकरे राज्य मंत्री के तौर पर कई विभागों की जिम्मेदारी संभाल रही थीं।

इससे पहले शिंदे नीत शिवसेना के विधायकों ने अजित पवार को वित्त और योजना विभाग दिए जाने पर आपत्ति जताई थी। बता दें कि एक साल पहले जब शिंदे गुट ने उद्धव से बगावत की थी उस वक्त उनके सबसे बड़े आरोपों में एक आरोप अजित पवार पर था। बागी विधायकों का कहना था कि अजित उद्धव सरकार के वित्त मंत्री है और वह सिर्फ एनसीपी विधायकों को वित्त जारी करते हैं। आरोप था कि वह शिवसेना के विधायकों के काम को तरजीह नहीं देते थे।

केंद्रीय गृह और सहकारिता मंत्री अमित शाह ने शुक्रवार को कहा कि कृषि एक लाभदायक व्यवसाय बन सकती है अगर आधुनिक तकनीक और मार्केटिंग के तरीकों को अपनाया जाए। उन्होंने कहा कि प्राथमिक कृषि ऋण समितियां (पीएसीएस) और किसान उत्पादक संगठन (एफपीओ) इस प्रयास में मदद कर सकते हैं। शाह सहकारी क्षेत्र में फार्मर प्रोड्यूस ऑर्गनाइजेशन (एफपीओ) विषय पर राष्ट्रीय सेमिनार को संबोधित कर रहे थे।

# 'लाभदायक व्यवसाय बन सकती है कृषिः अमित शाह

**नई दिल्ली, एजेंसी।** केंद्रीय गृह मंत्री और सहकारिता मंत्रई अमित शाह ने शुक्रवार को कहा कि विपणन को मजबूत करके देश की जीडीपी में कृषि और संबद्ध क्षेत्रों के योगदान को और बढ़ाया जा सकता है। उन्होंने कहा कि इसके किसान उत्पादक संगठन (एफपीओ) प्रमुख हैं।

उन्होंने कहा कि 65 करोड़ से अधिक किसानों की आबादी वाले देश में सहकारिता आंदोलन को पुनर्जीवित करना, आधुनिक बनना, पारदर्शिता लाना और नई ऊंचाइयों को छूने के लिए लक्ष्य बनाना आवश्यक है, क्योंकि कृषि और ग्रामीण विकास के क्षेत्र में सहकारिता ही एकमात्र ऐसा आंदोलन है जिसके माध्यम से समृद्धि को हर व्यक्ति तक पहुंचाया जा सकता है।




बता दें कि अमित शाह सहकारी क्षेत्र में फार्मर प्रोड्यूस ऑर्गनाइजेशन (एफपीओ) विषय पर राष्ट्रीय सेमिनार को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने आगे कहा कि आने वाले दिनों में अधिक से अधिक प्राथमिक कृषि ऋण समितियां (पैक्स) को एफपीओ की ओर रुख करना चाहिए। उन्होंने कहा कि अगर पैक्स एफपीओ की ओर रुख करना चाहते हैं तो एनसीडीसी और जिला सहकारी बैंक उनकी मदद करेंगे। एफपीओ की ओर रुख करने के लिए पैक्स पर कोई सीमा नहीं है। शाह ने आगे कहा कि जब नरेंद्र मोदी प्रधानमंत्री बने तो उन्होंने किसानों के कल्याण और समृद्धि के लिए कई कदम उठाए। ऐसा ही एक कदम था एफपीओ।

## राजस्थान में नाबालिग से दुष्कर्म के आरोप में बुजुर्ग को उम्रकैद की सजा

**जयपुर , एजेंसी।** राजस्थान की एक पोक्सो अदालत ने कोटा जिले में पिछले दिसंबर में चार साल की नाबालिग लड़की से बलात्कार के आरोप में 72 वर्षीय व्यक्ति को आजीवन कारावास की सजा सुनाई। अदालत ने झालावाड़ जिले के झालरापाटन क्षेत्र के निवासी दोषी गोपाल लाल कानी पर 20 हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया है।

लडक़ी के माता–पिता शुरू में शिकायत दर्ज कराने से झिझक रहे थे। लेकिन जब उन्हें अपनी बेटी को अस्पताल ले जाना पड़ा, तो डॉक्टर ने माता–पिता को शिकायत दर्ज करने के लिए मना लिया। शिकायत अपराध घटित होने के पांच दिन बाद 27 दिसंबर, 2022 को दर्ज की गई थी।

## हाई कोर्ट की बड़ी टिप्पणी, कई देशों ने कम की सहमति से शारीरिक संबंध बनाने की उम्र, हमें भी करना चाहिए विचार

**नई दिल्ली, एजेंसी।** बॉम्बे हाई कोर्ट ने कहा है कि कई देशों ने किशोरों के लिए शारीरिक संबंध बनाने के लिए सहमति की उम्र कम कर दी है और अब समय आ गया है कि हमारा देश भी दुनिया भर में होने वाली घटनाओं से अवगत हो, क्योंकि कई किशोरों पर मुकदमा चलाया जा रहा है। नाबालिग लड़कियों के साथ सहमति से संबंध बनाए रखने के लिए जेल भेजा गया है। जस्टिस भारती डांगरे की सिंगल जज की बेंच ने कहा, पॉस्को एक्ट विपरीत लिंग के प्रति प्राकृतिक भावनाओं को नहीं रोक सकता है, विशेष रूप से किशोरों में बायोलॉजिकल और मनोवैज्ञानिक परिवर्तनों के कारण। इसलिए एक नाबालिग लडक़े को एक नाबालिग लडक़ी के साथ संबंध बनाने के लिए दंडित करना बच्चे के हित के खिलाफ होगा।जस्टिस डांगरे ने इस तथ्य पर प्रकाश डाला कि समय के साथ, भारत में विभिन्न कानूनों द्वारा सहमति की आयु में वृद्धि की गई है और इसे 1940 से 2012 तक 16 वर्ष तक बनाए रखा गया। तब पॉस्को एक्ट ने इसे बढ़ाकर 18 वर्ष कर दिया था। उन्होंने कहा, यह संभवतः विश्व स्तर पर सहमति की सबसे ज्यादा आयु में से एक है, क्योंकि अधिकांश देशों ने सहमति की आयु 14 से 16 वर्ष के बीच निर्धारित की है। कोर्ट ने कहा, जर्मनी, इटली, पुर्तगाल, हंगरी आदि देशों में 14 साल की उम्र के बच्चों को सेक्स के लिए सहमति देने के लिए सक्षम माना जाता है। उन्होंने कहा कि इंग्लैंड और वेल्स और यहां तक कि बांग्लादेश और श्रीलंका में भी सहमति की उम्र तय की गई है जोकि16 वर्ष है। जापान में यह 13 साल है।कोर्ट ने आगे कहा कि जहां तक भारत का सवाल है, बाल विवाह निषेध अधिनियम, 2006 के अनुसार पुरुष और महिला के लिए विवाह की आयु क्रमशः 21 और 18 वर्ष तय की गई है। बच्चे शब्द की परिभाषा कानून के अनुसार अलग– अलग होती है। कानून और क्रह्रष्टस्ह्र एक्ट के अनुसार, 18 वर्ष से कम उम्र के किशारे को बच्चा माना जाता है और यह उनके साथ सभी यौन गतिविधियों को अपराध मानता है, भले ही यह सहमति से किया गया हो। बेंच ने जोर देकर कहा कि सहमति की उम्र को शादी की उम्र से अलग किया जाना चाहिए, क्योंकि यौन कृत्य केवल शादी के दायरे में नहीं होते हैं और न केवल समाज, बल्कि न्यायिक सिस्टम को भी इस महत्वपूर्ण पहलू पर ध्यान देना चाहिए।

# प्राकृतिक आपदाओं में 1.38 लाख लोगों की गई जान, जानें बाढ़ पर क्या बोले आईएमडी चीफ

**नई दिल्ली एजेंसी।** भारतीय मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) के प्रमुख मृत्युंजय महापात्र ने कहा कि भारत में पिछले कुछ वर्षों में खराब मौसम की वजह से होने वाली मौतों की संख्या में काफी कमी आई है लेकिन सामाजिक–आर्थिक प्रगति के बीच संपत्ति का नुकसान बढ़ रहा है।

वर्ष 2013 की केदारनाथ बाढ़ और इस साल हिमाचल प्रदेश में आई बाढ़ की तुलना करते हुए उन्होंने कहा कि आपदा प्रबंधन एजेंसियों और आम जनता की ओर से पूर्व चेतावनी प्रणाली, पूर्वानुमान, तैयारी, रोकथाम और शमन में भारी सुधार हुआ है।

सामाजिक–आर्थिक प्रगति के कारण संपत्ति का नुकसान बढ़ा

नीति अनुसंधान थिंक टैंक द सेंटर फॉर एनर्जी, एनवायरमेंट एंड वाटर (सीईईडब्ल्यू) की एक रिपोर्ट जारी करने के लिए एक वीडियो संदेश में उन्होंने कहा, हम वर्षों से मौतों की संख्या को कम करने में सक्षम रहे हैं, लेकिन संपत्ति का नुकसान बढ़ रहा है क्योंकि देश में सामाजिक–आर्थिक प्रगति बढ़ रही है। भारत में हर साल बिजली गिरने से 2,500 लोगों की मौत हो जाती है और वज्रपात एक चुनौती बन गई है, जबकि हमने उष्णकटिबंधीय चक्रवातों जैसी आपदाओं का लगभग मुकाबला किया है और उन पर विजय प्राप्त की है।

बिजली गिरना एक बहुत ही त्वरित घटना है और ऐसा होने में कम समय लगता है। इसकी भविष्यवाणी भी मुश्किल है। हालांकि, पिछले कुछ वर्षों में भारत मौसम विज्ञान विभाग, पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय और भारतीय उष्णकटिबंधीय मौसम विज्ञान संस्थान ने बिजली की भविष्यवाणी के लिए एक मॉडलिंग प्रणाली विकसित की है।

भारत दुनिया के केवल पांच देशों में से एक है जिसके पास बिजली गिरने के लिए प्रारंभिक चेतावनी प्रणाली है। उन्होंने कहा कि शहरी आबादी में वृद्धि के साथ, शहरों में बाढ़ की समस्या देश के लिए एक और चुनौती बन गई है। सीईईडब्ल्यू की रिपोर्ट के अनुसार, भारत के लगभग 72 प्रतिशत जिले अत्यधिक बाढ़ के संपर्क में आ सकते हैं लेकिन उनमें से केवल 25 प्रतिशत में ही बाढ़ के स्तर का पता लगाने का पूर्वानुमान स्टेशन या प्रारंभिक चेतावनी प्रणाली हैं।

# सिंधू, सेन क्वार्टर फाइनल में पहुंचे, शंकर भी जीते





काउंसिल ब्लफ्स (अमेरिका), दिग्गज बैडमिंटन खिलाड़ी पी वी सिंधू और लक्ष्य सेन ने सीधे गेम में जीत दर्ज करके यहां अमेरिका ओपन सुपर 300 बैडमिंटन टूर्नामेंट के महिला और पुरुष एकल क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई।

दो बार की ओलंपिक पदक विजेता तीसरी वरीयता प्राप्त सिंधू ने कोरिया की सुंग शुओ युन को 21–14, 21–12 से हराया। पिछले सप्ताह अपने कनाडा ओपन सुपर 500 खिताब जीतने वाले सेन ने चेक गणराज्य के जेन लोदा को 39 मिनट में 21–8, 23–21 से हराया। सिंधू का अगला मुकाबला चीन की गाओ फांग जी से होगा, जबकि पुरुष एकल में मुकाबला दो भारतीय के बीच होगा। तीसरी वरीयता प्राप्त सेन चेन्नई के 19 वर्षीय एस शंकर मुथुसामी से भिड़ेंगे।विश्व जूनियर चैंपियनशिप (2022) के रजत पदक विजेता ने प्रभावशाली प्रदर्शन करते हुए इजराइल की मिशा जिल्बरमैन पर 21–18, 21–23, 21–13 से जीत दर्ज की।

सिंधु को सुंग के खिलाफ ज्यादा पसीना नहीं बहाना पड़ा। सिंधु ने शुरुआत में ही 7–2 की बढ़त बना ली और फिर इसे 13–5 कर लिया।

सुंग ने इस अंतर को 11–14 करने में सफल रही लेकिन सिंधू ने इसके बाद अपने दमदार खेल से उनकी वापसी की उम्मीदों पर पानी फेर दिया। सिंधू को दूसरे गेम की शुरुआत में सुंग से कड़ी टक्कर मिली। सुंग ने 5–3 की मामूली बढ़त हासिल की लेकिन सिंधू ने इसे 7–7 से बराबर किया और फिर 11–8 की बढ़त ले ली।

स्कोर 16–12 होने के बाद सिंधू ने लगातार पांच अंक जुटा कर मुकाबला अपने नाम कर लिया। सेन ने चेक गणराज्य के खिलाड़ी के खिलाफ पहले गेम में अपना दबदबा कायम किया। उन्होंने 6–1 की बढ़त लेने के बाद इसे बढ़ाकर 17–5 कर लिया। इसके बाद उन्हें इस गेम को जीतने में ज्यादा परेशानी नहीं हुई।

सेन को हालांकि दूसरे गेम में 39 साल के खिलाड़ी ने कड़ी चुनौती दी जेन ने 8–5 की बढ़त लेकर सेन को चौंका दिया।

उन्होंने अपनी बढ़त को 19–14 किया लेकिन सेन ने इसके बाद शानदार वापसी की। इस भारतीय खिलाड़ी ने स्कोर को 19–19 बराबर करने के बाद कुछ शानदार बचाव किये और मुकाबला अपने नाम कर लिया।

# रेनेडी सिंह बेंगलुरु एफसी के सहायक कोच नियुक्त हुए



बेंगलुरु, बेंगलुरु एफसी ने शुक्रवार को पूर्व भारतीय मिडफील्डर रेनेडी सिंह को तीन साल के अनुबंध पर अपना सहायक कोच नियुक्त करने की घोषणा की।

रेनेडी इससे पहले ईस्ट बंगाल में सहायक कोच और अंतरिम मुख्य कोच थे। वह अब 2023–24 सत्र के लिए बेंगलुरू एफसी में साइमन ग्रेसन की कोचिंग टीम का हिस्सा होंगे।

रेनेडी ने अपने करार की औपचारिकताएं पूरी होने के बाद कहा, यह एक ऐसा क्लब है जिसने भारतीय फुटबॉल में व्यावसायिकता के मानकों को बढ़ाया है। मैं आने वाले वर्षों में उनकी यात्रा में अपनी भूमिका निभाने को लेकर खुश हूं।

उन्होंने कहा, मैं सत्र से पूर्व शिविर के दौरान टीम में शामिल हो जाउंगा। मैं एक सफल सत्र की दिशा में काम करने के लिए उत्सुक हूं।

रेनेडी ने खिलाड़ी के तौर पर अपने करियर को 2015 में विराम दिया था। उन्होंने ईस्ट बंगाल एफसी, मोहन बागान एसी और शिलांग लाजोंग सहित अन्य क्लबों का प्रतिनिधित्व किया है।

भारत के इस पूर्व कप्तान ने राष्ट्रीय टीम के लिए 1998 से 2011 के बीच 72 मुकाबले खेले। मणिपुर के इस खिलाड़ी ने टीम को सैफ चैम्पियनशिप (2005, 2011), नेहरू कप (2007, 2009) और एएफसी चैलेंज कप (2008) का खिताब दिलाने में अहम भूमिका निभाई थी।

वह 2011 में एएफसी एशियाई कप में भाग लेने वाले भारतीय टीम का भी हिस्सा थे।

# पैडी उपटन के होने से दबाव से निपटने में मदद मिलेगी: फुल्टन



नयी दिल्ली, भारतीय हॉकी के मुख्य कोच क्रेग फुल्टन का मानना है कि पैडी उपटन की सेवायें मिलने से उनके खिलाडि़यों को आगामी एशियाई चैम्पियंस ट्राफी और हांगझोऊ एशियाई खेलों में दबाव से निपटने में मदद मिलेगी।

हॉकी इंडिया ने हाल में मानसिक अनुकूलन विशेषज्ञ पैडी उपटन से करार किया है, जो उस भारतीय क्रिकेट टीम का हिस्सा थे जिसने 2011 वनडे विश्व जीता था। हॉकी इंडिया द्वारा जारी विज्ञप्ति में फुल्टन ने कहा, खेल में जो खिलाड़ी मानसिक रूप से मजबूत होते हैं, वे सामान्यतः: सबसे निरंतर रहते हैं और हारने के बजाय ज्यादा जीत हासिल करते हैं।

उन्होंने कहा, अगर आप निरंतर प्रतिद्वंद्वी टीम की तुलना में सही चीजें करते हो तो आपको सामान्यतः नतीजा मिल जायेगा या फिर आप नतीजा हासिल करने के करीब तक पहुंचोगे। इसलिये पैडी उपटन को टीम से जोडऩे का यह प्रमुख कारण यही था। भारतीय टीम तीन अगस्त से चेन्नई में शुरू होने वाली एशियाई चैम्पियंस ट्रॉफी में खेलेगी जिसके बाद हांगझोऊ एशियाई खेल में हिस्सा लेगी जिसके जरिये भारतीय टीम 2024 पेरिस ओलंपिक के लिए सीधे क्वालीफाई करने का प्रयास करेगी। इन दोनों टूर्नामेंट में टीम को कड़ी प्रतिस्पर्धा का सामना करना होगा।

## बीसीसीआई सचिव जय शाह ने पदार्पण टेस्ट में शतक लगाने पर यशस्वी जायसवाल को दी बधाई

नई दिल्ली, भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड के सचिव जय शाह ने, वेस्ट इंडीज के खिलाफ पदार्पण टेस्ट पर शतक लगाने वाले सलामी युवा बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल की जमकर तारीफ की है। बाएं हाथ के खिलाड़ी ने धीमी शुरुआत की और जैसे–जैसे उनका आत्मविश्वास बढ़ता गया उन्होंने धीरे–धीरे अपने शॉट्स खेलना शुरू कर दिया। शाह ने ट्वीट किया, "यशस्वी जायसवाल के लिए क्या सनसनीखेज शुरुआत है! यह देखना एक वास्तविक आश्चर्य है क्योंकि वह वेस्ट इंडीज के खिलाफ पदार्पण पर शतक बनाने वाले सबसे कम उम्र के भारतीय बन गए हैं। सरासर प्रतिभा, दृढ़ संकल्प से भरी एक पारी, युवा को बधाई!" मैच की बात करें तो इस मुकाबले में यशस्वी जायसवाल (नाबाद 143) और कप्तान रोहित शर्मा (103) के बेहतरीन शतकों की बदौलत भारत यहां के विंसडर पार्क में खेले जा रहे पहले टेस्ट मैच में अपनी पकड़ मजबूत कर ली है। वेस्टइंडीज को 150 रनों पर समेटने के बाद भारत ने दूसरे दिन का खेल खत्म होने पर 2 विकेट पर 312 रन बना लिए हैं।

# भारत के साउथ अफ्रीका दौरे का शेड्यूल हुआ जारी

नई दिल्ली, भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड और क्रिकेट दक्षिण अफ्रीका ने दिसंबर और जनवरी में खेले जाने वाले मैचों के कार्यक्रम की घोषणा कर दी। भारत, साउथ अफ्रीका दौरे पर तीन टी20क, इतने ही वनडे मैचों की सीरीज खेलेगा। इसके अलावा गांधी–मंडेला ट्रॉफी के लिए फ्रीडम सीरीज में भारत दो टेस्ट मैच में साउथ अफ्रीका की चुनौती का सामना करेगा। भारत, वनडे वर्ल्ड कप 2023 के बाद साउथ अफ्रीका का दौरा करेगा। इसके लिए इउउक और उअर ने मिलकर शुक्रवार को कार्यक्रम की घोषणा कर दी। भारत 10 दिसंबर से टी20 सीरीज के साथ दौरे की शुरुआत करेगा। 3 जनवरी 2024 से 7 जनवरी 2024 तक खेले जाने वाले आखिरी टेस्ट मैच के साथ दौरे को समाप्त करेगा। भारत तीन मैचों की टी20 सीरीज का पहला मैच डरबन में 10 दिसंबर को खेलेगा। दूसरा टी20 मैच 12 दिसंबर को गकेबरहा में खेला जाएगा। तीसरा और आखिरी टी20 मैच 14 दिसंबर को जोहानसबर्ग में आयोजित किया जाएगा।

**भारत के दक्षिण अफ्रीका दौरे का कार्यक्रम**

पहला टी20 मैचः रविवार, 10 दिसंबर – हॉलीवुडबेट्स किंग्समीड स्टेडियम, डरबन

दूसरा टी20 मैचः मंगलवार, 12 दिसंबर – सेंट जॉर्ज पार्क, गक़ेबरहा

तीसरा टी20 मैचः गुरुवार, 14 दिसंबर – डीपी वर्ल्ड वांडरर्स स्टेडियम, जोहान्सबर्ग

पहला वनडेः रविवार, 17 दिसंबर – बेटवे पिंक डे – डीपी वर्ल्ड वांडरर्स स्टेडियम, जोहान्सबर्ग

दूसरा वनडेः मंगलवार, 19 दिसंबर – सेंट जॉर्ज पार्क, गकेबरहा

तीसरा वनडेः गुरुवार, 21 दिसंबर – बोलैंड पार्क, पार्ल

पहला टेस्टः 26 दिसंबर – 30 दिसंबर – सुपरस्पोर्ट पार्क, सेंचुरियन




**दूसरा टेस्टः 03 जनवरी – 07 जनवरी – न्यूलैंड्स क्रिकेट ग्राउंड, केप टाउन**

कार्यक्रम की घोषणा करने के बाद बीसीसीआई सचिव जय शाह ने कहा, "फ्रीडम सीरीज सिर्फ इसलिए महत्वपूर्ण नहीं है, क्योंकि इसमें दो बेस्ट टेस्ट टीमें शामिल हैं, बल्कि इसलिए भी क्योंकि यह महात्मा गांधी और नेल्सन मंडेला के सम्मान में आयोजित की जा रही है। दो महान नेता, जिन्होंने हमारे संबंधित देशों और दुनिया भर को प्रेरणा दी। बॉक्सिंग डे टेस्ट और न्यू ईयर टेस्ट अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट कैलेंडर में सबसे महत्वपूर्ण कार्यक्रमों में से हैं।"वहीं, सीएसए के चेयरपर्सन लॉसन नायडू ने कहा, "मैं भारतीय क्रिकेट टीम और हमारे स्टेडियम में उनके प्रशंसकों के आगमन का बेसब्री से इंतजार कर रहा हूं। यह दोनों टीमों के लिए एक महत्वपूर्ण दौरा है और मुझे वास्तव में खुशी है कि हमारे पास खेल के तीनों प्रारूपों को शामिल करते हुए एक पूर्ण दौरा होगा। दक्षिण अफ्रीका और भारत दोनों में असाधारण प्रतिभा है और हम रोमांचक क्रिकेट और रोमांचकारी मैचों की उम्मीद कर सकते हैं।"

## फिल्मी सफर

# अक्षय कुमार ने जारी किया ओएमजी–2 का मोशन टीजर



2011 की फिल्म ओह माई गॉड के सीक्वल का काफी इंतजार किया जा रहा है, और दर्शकों को अब आखिरकार फिल्म की पहली झलक देखने को मिलेगी। ओएमजी 2 का पहला टीजर 11 जुलाई को रिलीज होगा। अक्षय कुमार भगवान शिव की भूमिका निभा रहे हैं और उन्होंने रविवार को फिल्म से अपनी भूमिका की एक झलक साझा की।

अपनी एक छोटी सी क्लिप के साथ टीजर की घोषणा करते हुए, अक्षय कुमार ने कैप्शन दिया, ह्यओएमजी 2 का टीजर 11 जुलाई को आएगा। फिल्म 11 अगस्त को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।अक्षय कुमार लंबे उलझे हुए बाल, मोतियों की माला और माथे पर त्रिपुंड के साथ शिव की शक्तिशाली सुंदरता को धारण करते हुए नजर आ रहे है।

फैंस ने फिल्म के लिए अपना उत्साह दिखाया है, हालांकि कई लोग हालिया ह्यआदिपुरुषह्ण विवाद के बाद सावधानी भी दिखा रहे हैं, जहां फिल्म पर धार्मिक भावनाओं को आहत करने का आरोप लगाया गया था।

एक अन्य ने लिखा, अक्षय जी, मुझे उम्मीद है कि यह फिल्म धार्मिक भावना को ठेस नहीं पहुंचाएगी। अमित राय द्वारा निर्देशित ओएमजी 2 में पंकज त्रिपाठी, यामी गौतम और अरुण गोविल भी मुख्य भूमिकाओं में हैं और यह 11 अगस्त को रिलीज होगी।

## छोटा रिवीलिंग टॉप और पेंट की जिप खोलकर नेहा सिंह ने सरेआम दिखाया हुस्न



सोशल मीडिया पर अपने बोल्ड फिगर और हॉट फोटोज के कारण हमेशा सुर्खियों में रहने वाली नेहा सिंह की लेटेस्ट तस्वीरें इंटरनेट पर तेजी से वायरल हो रही हैं। वो हर बार अपनी सेक्सी अदाओं से लोगों को इस कदर हैरान कर देती है कि उनके हर लुक्स से फैंस की नजरें हट पाना मुश्किल हो जाता है। हालिया तस्वीरों में भी कुछ ऐसा ही देखने को मिल रहा है। नेहा सिंह आए दिन अपनी बोल्ड फोटोशूट इंस्टाग्राम पर पोस्ट कर सोशल मीडिया पर सनसनी मचा देती हैं। वो हर बार अपने हॉटनेस भरे अंदाज से फैंस को इस कदर कायल कर देती हैं कि लोगों की निगाहें उन पर से हटने का नाम नहीं लेती हैं। हाल ही में नेहा सिंह ने बेहद ही सेक्सी लुक्स में हॉट तस्वीरों की इंस्टा अकाउंट पर लाइन लगा दी है। इन तस्वीरों में नेहा सिंह ने काफी रिवीलिंग छोटा सा झालर लुक में टॉप और साथ ही डेनिम जींस पहनी हुई है। नेहा सिंह ने अपनी इन फोटोज में पेंट का जिप खोलकर कैमरे के सामने सरेआम खुलकर अपना हुस्न चमकाया है। उनकी इन फोटोज में सेंशुअस अदाएं देख कर फैंस आहें भरने पर मजबूर हो गए हैं। नेहा सिंह जब भी अपनी तस्वीरें इंस्टाग्राम पर पोस्ट करती हैं तो फैंस उनकी तस्वीरों पर जमकर रिस्पॉन्स करते हैं। बता दें कि नेहा सिंह सोशल मीडिया इंफ्लूएंसर हैं। और आए दिन अपनी बोल्डनेस से इंटरनेट पर तहलका मचाती रहती हैं।

# वरुण धवन की फिल्म बवाल का पहला गाना तुम्हें कितना प्यार करते जारी



वरुण धवन और जान्हवी कपूर अभिनीत फिल्म बवाल का रोमांटिक ट्रैक का ऑडियो मेकर्स ने रिलीज किया है। कुछ दिनों पहले ही मेकर्स ने फिल्म का टीजर रिलीज किया है जो सस्पेंस से भरपूर है।फिल्म के ओटीटी प्लेटफॉर्म पर रिलीज की जानकारी के बाद मेकर्स ने 5 जुलाई को बवाल का टीजर रिलीज किया था, जिसमें रोमांस के साथ–साथ भरपूर सस्पेंस भी दर्शकों को देखने को मिला। अब टीजर के बाद मेकर्स ने फिल्म का पहला रोमांटिक ट्रैक आउट कर दिया हैं, जिसके बोल मनोज मुंतशिर ने लिखे हैं।

वरुण धवन और जाह्नवी कपूर की बवाल का पहले गाने तुम्हें कितना प्यार करते मेकर्स ने आउट कर दिया है। हालांकि, उन्होंने अभी सिर्फ इसका ऑडियो रिलीज किया है। बवाल के इस रोमांटिक ट्रैक में अरिजीत सिंह और मिथुन ने अपनी आवाज दी है। गाने का म्यूजिक मिथुन ने कम्पोज किया है। बवाल के इस ऑडियो ट्रैक को शेयर करते हुए मेकर्स ने कैप्शन में लिखा, दिल को छू लेने वाला रोमांटिक मेलोडी तुम्हे कितना प्यार करते रिलीज हो चुका है, जिसे सुपर ट्रायो मिथुन–अरिजीत सिंह और मनोज मुंतशिर ने बनाया है।बवाल के निर्देशन की कमान नितेश तिवारी ने संभाली है, जो इससे पहले आमिर खान के साथ दंगल जैसी ब्लॉकबस्टर फिल्म दे चुके हैं।

# महेंद्र सिंह धोनी के होम प्रोडक्शन की पहली फिल्म लेट्स गेट मैरिड का ट्रेलर रिलीज



भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान महेंद्र सिंह धोनी पिछले कुछ वक्त से अपनी पहली फिल्म लेट्स गेट मैरिड को लेकर चर्चा में है। इसका निर्माण धोनी के होम प्रोडक्शन धोनी एंटरटेनमेंट तले किया जा रहा है। अब निर्माताओं ने लेट्स गेट मैरिड का ट्रेलर जारी कर दिया है, जिसे सोशल मीडिया पर भरपूर प्यार मिल रहा है। फिल्म के निर्देशन की जिम्मेदारी रमेश थमिलमणि ने संभाली है।लेट्स गेट मैरिड में नादिया, हरीश कल्याण और अभिनेत्री इवाना जैसे कलाकार मुख्य भूमिकाओं में नजर आएंगे, वहीं योगी बाबू भी इसका हिस्सा हैं। यह एक तमिल फिल्म होगी। गौरतलब है कि अक्टूबर, 2022 में धोनी ने अपने प्रोडक्शन हाउस का ऐलान किया था। इसी के साथ उन्होंने अपनी पहली तमिल फिल्म लेट्स गेट मैरिड की भी घोषणा की थी। बता दें, इस फिल्म के प्रोडक्शन का काम धोनी की पत्नी साक्षी रावत संभाल रही हैं। फिल्म में की कहानी ऐसे कपल्स के ईर्द गिर्द घूमती है, जो एक दूसरे से शादी करना चाहते हैं, लेकिन शादी तक पहुंचने के लिए उन्हें काफी दिक्कतें झेलनी पड़ती हैं. म्यूजिक डायरेक्टर रमेश तमिलमणि बतौर डायरेक्टर डेब्यू कर रहे हैं. फिल्म को इसी साल जुलाई में रिलीज करने की चर्चा है. वहीं, अब फैंस फिल्म को लेकर काफी एक्साइटेड हो गए हैं और बेसब्री से इसके रिलीज होने का इंतजार कर रहे हैं।

# बैकलेस क्रॉप टॉप और ट्राउजर में काफी ग्लैमरस नजर आई अवनीत कौर



टीवी की दुनिया से लेकर बॉलीवुड तक 21 वर्षीय अवनीत कौर ने अपने हॉट एंड ब्यूटीफुल लुक से सोशल मीडिया पर खलबली मचा दी है। टीकू वेड्स शेरू से बॉलीवुड में डेब्यू करने वाली अवनीत कौर ने हाल ही में कुछ तस्वीरें शेयर की है, जिसमें उनका लुक देखने के बाद फैंस के भी होश उड़ गए है। अवनीत ने बैकलेस क्रॉप टॉप और ट्राउजर में खुली जुल्फों के फैंस के दिलों पर बिजलियां गिराते हुए रातों की नींदे तक उड़ा दी है। टीकू वेड्स शेरु फिल्म से बॉलीवुड में डेब्यू करने वाली एक्ट्रेस अवनीत कौर ने अपनी एक्टिंग के दम पर फैंस का दिल जीत लिया हैं। 21 वर्षीय अवनीत कौर एक्टिंग के साथ–साथ अपने स्टाइलिश लुक्स और हॉट एंड बोल्ड लुक को लेकर भी सुर्खियों में बनी रहती हैं। एक्ट्रेस अवनीत कौर ने अपने लेटेस्ट ग्लैमरस फोटोशूट से सोशल मीडिया पर एक बार फिर खलबली मचा दी है। हाल ही में एक्ट्रेस अवनीत कौर ने सोशल मीडिया पर अपनी कुछ खूबसूरत लुक और अदाओं के साथ तस्वीरें शेयर की हैं। इन तस्वीरों को देखने के बाद फैंस भी उनकी तरीफ करते नहीं थक रहे हैं और तारीफों की झड़ी लगा दी है। अवनीत कौर ने जो लेटेस्ट फोटोशूट कराया है उसमें वह ग्रे एंड ब्लू चेक्ड प्रिंट वाले बैकलेस क्रॉप टॉप और ट्राउजर में बला की खूबसूरत नजर आ रही हैं। ग्रे एंड ब्लू चेक्ड प्रिंट वाले बैकलेस क्रॉप टॉप और ट्राउजर अवनीत कौर कैमरे के सामने एक से बढक़र एक किलर पोज देती हुई नजर आई। अवनीत कौर के एक से बढक़र एक हॉट एंव किलर पोज ने फैंस के दिलों की धडक़ने बढ़ा दी हैं। अवनीत के चेहरे पर लहराती लटें, दिलकश अदाएं और ब्यूटीफुल अंदाज वाली ये तस्वीरें कुछ देर में सोशल मीडिया पर वायरल हो गईं।

**जयन्त**
**संस्थापक**
स्व.नरेन्द्र उनियाल
प्रकाशक,मुद्रक और स्वामी
**नागेन्द्र उनियाल** द्वारा प्रतिभा प्रेस से मुद्रित तथा बद्रीनाथ मार्ग कोटद्वार (गढ़वाल) से प्रकाशित
–सम्पादक
**नागेन्द्र उनियाल**
आर.एन.आई. 35469/79
फोन/फैक्स 01382–222383
मो. 8445596074, 9412081969
e-mail: nagendra.uniyal@gmail.com